# हरिभूमि

जबलपुर

सोमवार, 4 अगस्त 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

आधार कार्ड पर* लोन और कैश EMI

Get instant discount up to 10,000* on your credit card EMI HDFC BANK & on select cards*. Powered by pine labs *T&C apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on **www.HeroMotoCorp.com**. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.T&C apply.

टोल फ्री 1800 266 0018

**अधिकृत डीलर:** **जबलपुर:** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** वद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, वद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़न:** कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **सिवनी:** सुदर्शन हीरो 9821745435, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **एसोसिएट डीलर:** **पथरिया:** एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, **सेमरिया:** आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा:** अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्योहारी:** श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़ार:** श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी:** अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर:** स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा:** शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव:** लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा:** सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, **मैहर:** वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मऊगंज:** सेंगर मोटर्स 9425185568, **लांझी:** श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांढुरना:** जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया:** श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान:** लॉर्ड ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी:** गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा:** बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया:** गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी:** हसिया मोटर्स 9425822392 , **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, **पृथ्वीपुर:** महावीर एजेंसीज 7000375943, **मुलताई:** शारदा श्री मोटर्स 9522870001, **चितरंगी:** ओम मोटर्स 9685416118, **बरगवां:** बजरंग मोटर्स 9926183734, **बहरी:** श्याम एजेंसी 9981238133, अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, **नागोद:** चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, **देवसर:** श्री राम मोटर्स 9425086868 **अमरपाटन:** रिद्धु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, **स्लीमनाबाद:** अनिल मोटर्स 9425466101, **रामनगर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, **घनोरा:** भवानी व्हीकल्स 9424950703, **सरई:** यश मोटर्स, 9981718853, **सालीचौका:** अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 8815396340, **दमोह :** इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079


VML_5827_2025HIN




# पांडव कालीन गुफा में विराजे महादेव की होती है पूजा अर्चना

सुरेश शर्मा (भालूमाड़ा)


**अनूपपुर।** जिला से लगभग 40 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत दारसागर अंतर्गत केवई नदी के किनारे ऐतिहासिक पौराणिक पांडव कालीन गुफाएं स्थित है इन गुफाओं के अंदर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग की स्थापना भी है माना जाता है महाभारत काल में जब पांडव अपने अज्ञातवास का समय व्यतीत कर रहे थे तब विराट नगरी होते हुए कुछ समय के लिए यहां पर रुके थे और वह भी महादेव की पूजा अर्चना के लिए भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग की स्थापना किए थे जो आज भी इन गुफाओं में स्थित है यह बात अलग है कि समय के साथ-साथ यहां की देखरेख न होने के कारण गुफाएं अब अपना अस्तित्व खोते जा रही हैं परंतु आसपास के क्षेत्र में लोगों की बड़ी ही आस्था और भक्ति का भाव है यही कारण है कि जब सावन मास आता है तो यहां पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने जल चढ़ाने उनकी पूजा अर्चना करने के लिए यहां पर प्रतिदिन आते हैं लोगों की मांने तो यह एक ऐसा स्थान है जो जिले में पौराणिक ऐतिहासिक धरोहर है जहां एक तरफ गुफाओं में बनी आकृतियां गुफाओं में लिखे शिलालेख गुफाओं के अंदर बनी प्रतिमाएं अपने आप में एक ऐतिहासिक काल का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं तो वहीं दूसरी ओर इन ऐतिहासिक चीजों को देखने जो भी यहां पर आता है उनकी जिज्ञासा और भक्ति दोनों में प्रबलता आती है इसके साथ ही इस स्थान पर महाशिवरात्रि में दो दिवसीय मेले का आयोजन भी प्रतिवर्ष किया जाता है महाशिवरात्रि में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं लोगों की माने तो लगभग 15 से 20 वर्ष पहले यहां पर जिला पुरातात्विक विभाग द्वारा एक चौकीदार नियुक्त किया गया था जो दो-चार साल यहां पर रहा और मंदिर के देखरेख करता रहा उसके बाद उसे वापस बुला लिया गया



और तब से यह ऐतिहासिक पौराणिक गुफा और मंदिर यूं ही बिना देखरेख के रहा लेकिन यहां पर आम लोगों की भक्ति और इस पौराणिक गुफा यहां की कलाकृतियों को देखने के लिए आज भी दूर-दूर से लोग आते हैं इतना ही नहीं शिवलहरा घाट के बगल से ही नगर पालिका पसान नगरीय क्षेत्र आता है वहां से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पर आते हैं और इस क्षेत्र के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि है कि यहां पर जो कोई भी किसी के घर कोई मेहमान या रिश्तेदार बाहर से आते हैं वे लोग इस गुफा को देखने के लिए जरूर जाते हैं और जब इस गुफा को लोग देखते हैं तो देखते ही रह जाते हैं यहां की गुफाएं इस बात का प्रतीक है की पौराणिक समय में कैसे-कैसे करके पत्थरों को काट के जिस प्रकार से यहां पिलर बनाए गए आकृतियां बनाई गई मूर्तियां बनाई गई बैठक व्यवस्था बनाई गई और यह कोई एक जगह नहीं है शिवलहरा घाट में इस प्रकार से तीन-चार जगह पर गुफाएं और अभिलेख हैं माना तो यह भी जाता है की गुफा के आसपास नदी के किनारो में 15 से 20 वर्ष पहले तक लोग खुदाई करके पुराने सिक्के सोने के आभूषण तरह-तरह के सोने चांदी के बर्तन पौराणिक वास्तुकला दीपक मटके अनेक प्रकार के घरेलू उपयोग की चीज नदी के किनारो में मिलती थी और मान्यता आज भी यह है कि जिस स्थान पर यह मुख्य गुफा है वहां पर रात्रि में कोई ठहर ही नहीं सकता और लगभग लगभग यह बात सत्य भी है कि वहां पर धन के लालच में अनेक लोगों ने रात्रि गुजरने का प्रयास किया लेकिन वह रात गुजार नहीं पाए उन्हें वहां से डर कर जाना ही पड़ा लोगों की आस्था और मान्यता भी है कि यहां पर आज भी देवीय शक्ति है।

क्षेत्र के बुजुर्ग निवासी यह भी बताते हैं की बारिश के समय में जब केवई नदी उफान पर होती थी तो यह गुफा पानी से लबालब हो जाता था उन्होंने यहां तक बताया कि सावन के माह में केवई नदी के द्वारा ही भोलेनाथ का जल अभिषेक होता था लेकिन समय के साथ-साथ जिस प्रकार से नदियों का दोहन किया जा रहा है उस कारण से अब वह बात नहीं रह गई है फिर भी जब अधिक बारिश होती है तो नदी का पानी गुफा के ऊपर तक जरूर आता है और यह दृश्य देखने के लिए लोगों की भीड़ लगती है इन्हीं सब बातों के कारण कि कहीं किसी प्रकार की अनहोनी या घटना दुर्घटना ना हो जाए गुफा के 100 मीटर दूर समतल स्थान पर शिवजी का मंदिर बनवाया गया था कि लोग यहां पर आकर अपनी पूजा अर्चना कर सके और जब भी बारिश के समय ऐसी कोई विषम स्थिति बनती है तब लोग गुफा में ना जाकर ऊपर बने शिव मंदिर में अपनी पूजा अर्चना









करते हैं ।

राष्ट्रीय महत्व का स्मारक सिलहरा की गुफाओं की बात शासन प्रशासन भले ही पूर्व में अनदेखी किया हो लेकिन उसकी अपनी प्रसिद्धि उसकी ख्याति इतनी ज्यादा हुई कि यहां पर आने वाले जिले के तमाम अधिकारी भी नाम सुनकर यहां की गुफाओं को देखने यहां के वातावरण को देखने के लिए आते रहे हैं और शायद यही कारण रहा है की शिव लहरा की गुफाएं ईतनी ज्यादा चर्चित हुई अखबार के माध्यम से न्यूज़ के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से कि--आखिरकार संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सिलहरा की गुफाओं को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक सिलहरा की अभिलेख युक्त गुफाएं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जबलपुर का दर्जा दिया गया यह बात अलग है कि इस सरकारी प्रयास में केवल एक बोर्ड लगाकर प्रशासन ने इतिश्री कर दी।

# सिवनी जिला के मुख्यालय में स्थित प्राचीन मठ मंदिर पर शिव भक्तो की बड़ी आस्था है।

यहां लोगो में विश्वास है की जो भी व्यक्ति इस मंदिर में आता है उसकी सभी मुरादें पूरी हो जाती है। यही वजह है कि मठ मंदिर शिव भक्तो के लिए आस्था का केंद्र बिंदु है।

शरद दुबे





**सिवनी।** प्राचीन मठ मंदिर, न सिर्फ आस्था की दृष्टि से बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी काफी महत्व रखता है। इस मंदिर के निर्माण के बारे में कई आस्थाएं प्रचलित हैं।मठ मंदिर को लेकर लोगो में अलग-अलग राय है। कुछ लोग इसे कलचुरी काल का मानते हैं तो कुछ इसे गोंड शासकों से जोड़ते हैं। तो वहीं कुछ लोगो का कहना है कि मठ मंदिर का निर्माण आदि शंकराचार्य के द्वारा किया गया था। यह मठमंदिर काफी प्राचीन है, स्थानीय लोग बताते हैं कि इस मठ में स्थित शिवलिंग की पूजा आदि शंकराचार्य ने भी की थी। चारों पीठों के शंकराचार्य भ्रमण कर इस पवित्र भूमि को पावन कर चुके हैं। तो जगदगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती लगातार इस पीठ में भ्रमण करते रहे हैं।सिद्ध धुनि का भी वर्णन, तो मोती ताल बना मठ तालाबप्राचीन मठ मंदिर परिसर में सिद्ध धूनी का वर्णन भी मिलता है, जो अज्ञात कारणों से बुझ गई थी। उसे पूर्व दिवंगत नगरपालिका अध्यक्ष स्व. मूलचंद दुबे द्वारा पुनः प्रज्ज्वलित करवा दिया गया था। इस मठ से लगा हुआ वबहुआ नामक एक तालाब भी है, जिसे मोती तालाब के नाम से जाना जाता था। यह मठ मंदिर के समीप होने के कारण बाद में मठ तालाब के रूप में चर्चित हो गया। अखंड मानस का पाठ एक माह चलता है मंदिर प्रांगण पर सावन माह प्रारंभ होने पर लगातार 24 घंटे अखंड मानस पाठ प्रारंभ रहता है और यह पाठ पूरे एक माह चलता है इस मानस पाठ में नगर की पुरुष एवं महिलाएं और बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैंस्थानी कलाकारों के द्वारा कलाकृति का प्रदर्शन प्रत्येक वर्ष इस प्रांगण पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाता है जिसमें नारियल के झूट से से शिवजी की प्रतिमा कबाड़ की सामग्री से निर्माण शामिल हैं।कांवरियों का ताता रहता है पुरे माह बाणगंगा तट से गगाजल लेकर कवरिया पैदल चलकर मठ मंदिर आते हैं और और शिवजी को जल अर्पण करते हैं नगर ही नहीं जिले के भक्तगण भगवान शिव को कावर में जल भरकर अर्पण करने यहां पर पहुंचते हैं होता है अलग अलग श्रृंगार शिव भक्तों के द्वारा सावन माह में शिवजी का अलग-अलग सुंदर भिन्न-भिन्न प्रकार की वस्तुओं से श्रृंगार किया जाता है। श्रृंगार बड़ा ही अलौकिक और अनुपम रहता है जिसे देखते ही मन नहीं भरता।

### इनका कहना है

मठ मंदिर आस्था का केंद्र है मेरे पिताजी भी इस मंदिर पर आते थे और मैं भी इस मंदिर पर आता हु इस मंदिर प्रांगण पर मुझे शांति की अनुभूति प्राप्त होती है।

**गगन विश्वकर्मा स्थानीय निवासी**

प्रत्येक वर्ष गंगा मैया से जल भरकर मैं मठ सरकार के पास आता हु और गंगाजल से उनका अभिषेक करता है मठ सरकार के दरबार में मुझे सब कुछ प्राप्त हुआ है ।

**गोपाल चौरसिया,स्थानीय निवासी**

मठ सरकार के मंदिर से मेरे गांव की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है सावन के महीने में दर्शन करने आता हूं और गंगाजल लेकर भगवान शिव को अर्पण करता हूं।

**संतोष पारधी ग्रामीण**

# शहडोल की विराटता का प्रतीकः विराट मंदिर आस्था, इतिहास और अद्भुत स्थापत्य का संगम

कैलाश लालवानी

**शहडोल।** जिला जहां प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण है, वहीं यहां स्थित विराट मंदिर इस अंचल की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता का जीवंत प्रतीक है। यह मंदिर न केवल अपनी स्थापत्य कला की भव्यता के लिए विख्यात है, बल्कि इसकी पौराणिक पृष्ठभूमि और आध्यात्मिक ऊर्जा इसे विशेष बनाती है। महाभारत काल से जुड़ा यह स्थल, श्रद्धालुओं और इतिहास प्रेमियों के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं।

### पांडवों के अज्ञातवास से जुड़ा इतिहास

विराट मंदिर का उल्लेख महाभारत की गाथाओं में मिलता है। माना जाता है कि जब पांडव अपने तेरह वर्षों के वनवास में से अंतिम वर्ष 'अज्ञातवास' के लिए निकले थे, तब उन्होंने विराट नगर में निवास किया था। यह वही विराट नगर था, जहां राजा विराट का शासन था, और जहां पांडवों ने विभिन्न वेषों में रहकर गुप्त रूप से समय बिताया था। इसी कथानक से प्रेरित होकर इस मंदिर का नाम विराट मंदिर पड़ा। ऐसा माना जाता है कि यह स्थल राजा विराट की राजधानी का हिस्सा था, और यह मंदिर उन्हीं के शासनकाल से संबंधित है। इतिहासकारों और पुरातत्त्वविदों के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण 10वीं से 11वीं शताब्दी के दौरान युवराज देव प्रथम द्वारा कराया गया था, जो उस काल के शक्तिशाली शासकों में से एक माने जाते हैं। लगभग एक हजार वर्षों से यह मंदिर शहडोल अंचल में धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है।

### भव्य वास्तुकला और कला का अद्भुत उदाहरण

विराट मंदिर भारतीय मंदिर स्थापत्य का उत्कृष्ट नमूना है। मंदिर की ऊंचाई लगभग 72 फीट है और इसकी पूरी संरचना प्राचीन वास्तुशिल्प नियमों पर आधारित है। मंदिर का गर्भगृह, मंडप, स्तंभ, द्वार और परिक्रमा पथ- हर भाग में अद्वितीय शिल्प कौशल दिखाई देता है। मंदिर की दीवारों और स्तंभों पर की गई नक्काशियों में देवी-देवताओं, ऋषियों, अप्सराओं और महाभारत से जुड़ी घटनाओं के दृश्य अंकित हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश के स्वरूपों की सुंदर प्रतिमाएं, शिव परिवार की मूर्तियां और विभिन्न अप्सराएं मंदिर को जीवंत कला संग्रहालय बना देती हैं। खजुराहो की तरह यहां भी कामकला और गृहस्थ जीवन से संबंधित शिल्प मौजूद हैं, जो उस काल की सामाजिक सोच और जीवनशैली की झलक दिखाते हैं। मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग जलहरी के साथ प्रतिस्थापित है। यहां शिव के विभिन्न स्वरूपों की झलक परिक्रमा मार्ग में मिलती है। मंदिर के बाहरी प्रांगण में गणेश, दुर्गा, हनुमान सहित अन्य देवी-देवताओं के छोटे मंदिर भी स्थापित हैं।धार्मिक आयोजनों की धूम और जन-आस्थाविराट मंदिर में हर वर्ष महाशिवरात्रि, रामनवमी, जन्माष्टमी जैसे प्रमुख पर्व अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाए जाते हैं।

### इन अवसरों पर शहडोल ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से भी हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन और रात्रि जागरण जैसी गतिविधियों का आयोजन होता है, जो वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना देता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस मंदिर में दर्शन करने से न



केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि संतान प्राप्ति, रोगमुक्ति और पारिवारिक सुख की भी प्राप्ति होती है। यहां आने वाले श्रद्धालु अक्सर कहते हैं कि विराट मंदिर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, यह आस्था की ऊर्जा से संजीवित एक जीवंत धरोहर है। पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थलविराट मंदिर न केवल धार्मिक स्थल है, बल्कि यह पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

शहडोल आने वाले पर्यटक इस मंदिर के साथ-साथ बनसुजारी जलप्रपात, बकहो जलप्रपात, सोहागपुर किला, जामुनिया कुंड, शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क जैसे अन्य दर्शनीय स्थलों का भी आनंद ले सकते हैं। मंदिर के आसपास का क्षेत्र हरियाली और शांत वातावरण से भरपूर है, जो इसे ध्यान, योग और साधना के लिए आदर्श स्थान बनाता है। कला प्रेमी, फोटोग्राफर और इतिहासकार यहां आकर सदियों पुरानी संस्कृति की झलक महसूस करते हैं।कैसे पहुंचे विराट मंदिरविराट मंदिर शहडोल जिले में स्थित है, जो राज्य के प्रमुख नगरों से सुगमता से जुड़ा हुआ है,

### रेल मार्गः

शहडोल रेलवे स्टेशन, जो जबलपुर, भोपाल, कटनी, बिलासपुर जैसे शहरों से सीधे जुड़ा है।

### सड़क मार्ग

शहडोल शहर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित विराट मंदिर तक टैक्सी, ऑटो या निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है। राज्य परिवहन की बसें भी आसानी से उपलब्ध हैं। वायुमार्गः नजदीकी हवाई अड्डा जबलपुर है, जो लगभग 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां से सड़क मार्ग द्वारा शहडोल और फिर विराट मंदिर तक पहुंचा जा सकता है। संरक्षण की आवश्यकताहालांकि मंदिर की भव्यता और महत्ता आज भी वैसी ही है, जैसी सदियों पहले थी, लेकिन इसके संरक्षण की दिशा में अब भी प्रशासनिक प्रयास अपर्याप्त हैं।

मंदिर के कई हिस्सों में समय और मौसम के कारण क्षरण स्पष्ट देखा जा सकता है। यदि राज्य सरकार और पुरातत्व विभाग समय रहते ध्यान दे, तो यह मंदिर विश्व धरोहर स्थल बनने की क्षमता रखता है। विराट मंदिर न केवल शहडोल जिले की धार्मिक पहचान है, बल्कि यह संपूर्ण मध्यप्रदेश की आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली प्रतीक है। जो भी श्रद्धालु या पर्यटक यहां आता है, वह इसकी विशालता, कलात्मकता और दिव्यता से अभिभूत हुए बिना नहीं लौटता। यह मंदिर बताता है कि भारत की मिट्टी में सिर्फ मंदिर नहीं बनते, यहां श्रद्धा, शिल्प और संस्कृति के संगम से इतिहास रचा जाता है - और विराट मंदिर इसका जीवंत प्रमाण है।

# कोटेश्वर मंदिर है श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र





अनुरोध पटेरिया

बालाघाट जिले के लांझी कस्बे में स्थित कोटेश्वर महादेव के मंदिर का निर्माण 11 वी शताब्दी में हुआ था माना जाता है।यह 108 उपलिंगों में से एक है.दूर दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां पहुंचते हैं.पंडित उदित पुरी गोस्वामी बताते है कि वर्ष 1900 में इस मंदिर का पुनर्निर्माण ब्रिटिश शासनकाल में तत्कालीन तहसीलदार रामप्रसाद दुबे ने कराया था ।कोटेश्वर मंदिर को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में चिन्हित किया गया है.मंदिर पूर्व मुखी होने के साथ ही उन्नत कला से परिपूर्ण मुख मंडप, महामंडप, अंतराला और अभयारण्य से शोभित है।गर्भगृह में भूमि से लगभग पांच फीट नीचे एक गोलाकार योनी के भीतर शिव लिंग विराजे है,अंतराला और गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा उपरांत कोई भी परिवर्तन नहीं किया गया है।मंदिर निर्माण के पश्चात जो भी पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार किया गया है वह गर्भ गृह की छोड़कर किया गया है। गर्भगृह द्वार को विस्तृत रूप से उकेरा गया है।इतना ही नहीं गर्भगृह की जो बाहरी दिवारे है उस पर मूर्ति कला द्वारा बड़े पैमाने पर सजाया गया है।मंदिर परिसर कालांतर में बांस के घने जंगलों के बीच स्थित था।मंदिर प्रांगण में खंडित मूर्तियाँ और स्थापत्य के टुकड़े देखे जा सकते हैं. कोटेश्वर धाम मंदिर में कल्चुरी कालीन कलाकृतियां देखी जा सकती है।सन 1902 में इसके बरामदे का निर्माण हुआ था.मंदिर प्रांगण के पास श्मशान होने व प्राचीन नरसिंह मंदिर होने से यह अघोरी साधना करने वाले साधकों के लिए खास है। दधिचि ऋषि की तपोभूमि होने के कारण चौबीसों घंटे बारहों महीने सिद्ध धुनी सक्रिय रहती है।महाशिवरात्रि पर्व का सात दिवसीय आयोजन श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। श्रावण मास में विशेष पूजन अर्चन होता है।दंडकारण्य वन में स्थित मंदिर के पास प्राचीन किला स्थित है।बताते है कि किला से मंदिर तक सुरंग के माध्यम से राज वंश पूजा अर्चना हेतु आते थे।अघोरी साधना के केंद्र के रूप में पहचाने जाने वाले कोटेश्वर महादेव की आधि परिक्रमा ही उचित मानी गई है।क्योंकि पूर्ण परिक्रमा करने से सोम सूत्र का उल्लंघन होता है।यह मंदिर घने हरे-भरे जंगलों के बीच स्थित है, जो इसे प्रकृति प्रेमियों और साधकों के लिए एक आदर्श स्थल बनाता है। मंदिर के समीप एक प्राचीन जलस्त्रोत भी स्थित है, जो इसकी सुंदरता को और अधिक बढ़ाता है। शांति और प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने के लिए यह एक उत्तम स्थान है।कोटेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण मध्यकालीन काल में हुआ था और इसे चालुक्य या परमार राजवंश के शासनकाल से जोड़कर देखा जाता है। मंदिर की वास्तुकला प्राचीन भारतीय शिल्पकला की भव्यता को दर्शाती है। इसमें सुंदर रूप से तराशी गई स्तंभ, विस्तृत पत्थर की मूर्तियां और एक पवित्र शिवलिंग स्थित है, जो मंदिर का प्रमुख पूजनीय स्थान है। मंदिर का समृद्ध इतिहास इसे सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाता हैमध्यप्रदेश में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर केवल लांझी मे ही स्थित है।लेकिन उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गुफा में ,गुजरात के कच्छ जिले में अरब सागर में उस स्थान पर स्थित है जहां मां नर्मदा सागर से मिलतीं है।मंदिर के प्रवेश द्वारा के सामने अनगिनत त्रिशूल भोले भंडारी के द्वारपाल बने हुए है।

जबलपुर
सोमवार, 4 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 96
पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

जन धन योजना ने रचा इतिहास

## गरीबों के बैंक खाते 55 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि



प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत गरीबों के बैंक खातों की संख्या 55 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से अधिकतर ऐसे लोगों के हैं, जो कभी बैंक के दरवाजे तक भी नहीं गए। एक्स पर एक पोस्ट में, वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना के 10 साल पूरे होने और इन खातों के लिए केवाईसी अनिवार्य होने के साथ, मैंने बैंकों से आग्रह किया है कि वे सक्रिय रूप से लोगों तक पहुंच बढ़ाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में उज्जैन से वर्चुअली शामिल

# जबलपुर-रायपुर और रीवा-पुणे ट्रेन शुरू होने से मप्र के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नया भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। भावनगर से अयोध्या नई एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत अत्यंत सुखद है। इससे भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ संबंध का स्मरण भी हो रहा है। प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही दुनियाभर में भारत की पहचान बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुए और संबोधित किया।

भारतीय रेलवे गढ़ रहा नए-नए कीर्तिमान



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए माना आभार

**2 लाख 65 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2025-26 में 2 लाख 65 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से पड़ोसी राज्य के साथ कनेक्टिविटी और बढ़ जाएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री का रेलवे के साथ भावनात्मक जुड़ाव है। यह देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। केंद्र सरकार ने 10-11 वर्ष में रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए संकल्प के साथ कार्य किए हैं।*

### 34 हजार किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए

पिछले 11 साल में 34 हजार किमी नए रेलवे ट्रैक बनाए हैं। प्रतिदिन 12 किमी ट्रैक बिछाया जा रहा है और 1300 स्टेशनों का नव निर्माण किया जा रहा है, यह दुनियाभर के विकसित देशों में अपने आप में अलग स्थान रखता है। वंदेभारत जैसी नई ट्रेन चलाई जा रही हैं। देश में 8 अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू की जा चुकी हैं, इसमें वंदेभारत जैसी सुविधाएं कम किराये पर दी जा रही है। नमो भारत, आसपास के दो शहरों की कनेक्टिंग ट्रेन हैं। प्रधानमंत्री ने रेलवे की सूरत बदलने का संकल्प लिया है। वैष्णव ने कहा कि पोरबंदर से राजकोट नई ट्रेन जल्द शुरू करेंगे।

### रेल नेटवर्क के विस्तार में सहयोग

केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए कहा कि उनका सहयोग रेल नेटवर्क के विस्तार में निरंतर प्राप्त हो रहा है। डबल इंजन की सरकार होने से कोई भी प्रकल्प अधिक समय लंबित नहीं रह पाता है। नए रेल संचालन के शुभारंभ कार्यक्रम में अनेक मंत्री, जनप्रतिनिधि और नागरिक प्रत्यक्ष और वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

### बेहतर रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी

शुरू हुई नई रेल सेवाओं से 4 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के मध्य बेहतर रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जिसका इन चारों राज्यों के नागरिकों को परिवहन और व्यापार-वाणिज्य की दृष्टि से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जबलपुर से रायपुर, रीवा से पुणे और भावनगर से अयोध्या के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन प्रारंभ होने से रेल नेटवर्क के विस्तार में नया आयाम जुड़ा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366

**खबर संक्षेप**

### पीएम मोदी 10 को करेंगे बेंगलुरु मेट्रो का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को बेंगलुरु को एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। पीएम



शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित यलो लाइन मेट्रो का उद्घाटन करेंगे, इसके साथ ही बेंगलुरु मेट्रो के फेज-3 का शिलान्यास भी करेंगे। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस बात की जानकारी दी। सूर्या ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है।

### गाय को बचाने पलटी बस, 16 यात्री घायल

**राजगढ़।** आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक गाय को बचाने के फेर में ट्रैवलर



बस पलटी मार गई। बस में सवार 16 लोग घायल हो गए। मौके पर लोगों सहित पुलिस की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पचोर भिजवाया गया। यहां से सभी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### 301 शहरों में नीट पीजी परीक्षा का आयोजन

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी परीक्षा में इस साल 2.42 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। यह



परीक्षा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा देशभर के 301 शहरों और 1,052 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। संवेदनशील केंद्रों पर किसी भी प्रकार की नकल को रोकने के लिए लगभग 300 साइबर कमांडो तैनात किए गए थे।

पहलगाम हमले पर कांग्रेस नेता ने दिया विवादित बयान, भाजपा ने भी सुना दी खरी-खोटी

# मणिशंकर बोले- पहलगाम हमले के लिए कोई देश पाकिस्तान को दोषी नहीं मान रहा

**राजनाथ ने कहा- आपको भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करना चाहिए... जनाब**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अय्यर ने कहा कि अभी तक हमारे पास कोई सबूत नहीं हैं कि यह हमला पाकिस्तान की तरफ से की गई साजिश का नतीजा है*

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था, इसका कोई सबूत नहीं है। इतना ही नहीं अय्यर ने कहा कि भारत ने जिन 33 देशों में अपने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा था, उन्होंने भी इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं माना। एक इंटरव्यू के दौरान मणिशंकर अय्यर ने ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का साथ देने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, थरूर और उनकी टीम ने जिन 33 देशों का दौरा किया था, उनमें से किसी ने भी पहलगाम आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। न ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने और न ही अमेरिका ने पाकिस्तानको इसके लिए दोषी माना।

» ***कांग्रेस नेता शशि थरूर पर साधा निशाना कहा- उन्हे केंद्र ने डेलिगेशन के लिए क्यों चुना?***

» ***7 भारतीय डेलिगेशन को 33 देशों में भेजा था, जिसमें थरूर भी शामिल थे***



**भाजपा ने कहा-** शायद कांग्रेस को यह नहीं पता कि आतंकवाद का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निगरानी पैनल ने टीआरएफ की भूमिका पर चिंता जताई है

### इधर, कुलगाम में 4 आतंकी ढेर



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन अखल' के तहत चार आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह एनकाउंटर खबर लिखे जाने तक जारी रहा। इस ऑपरेशन में मारे गए आतंकियों में ▶▶ शेष पेज 2 पर

### थरूर पर सवाल उठाए फिर बोले-हां इजराइल ने माना

कांग्रेस नेता ने कहा, हम अकेले कह रहे हैं कि पाकिस्तान इसके पीछे है, लेकिन किसी ने हमारी बात पर भरोसा नहीं किया। हम कोई ऐसा सबूत पेश नहीं कर पाए जिससे दुनिया को यकीन हो। बता दें, शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र में वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं और बाद में भारतीय राजनीति में आए थे। लेकिन अय्यर ने सवाल किया कि केंद्र ने कांग्रेस की सिफारिश के बिना ही उन्हें क्यों चुना। थरूर और उनके साथी चाहे जितना भी घूम लें।

### कांग्रेस ने भगवा आतंक की झूठी कहानी गढ़ी थी: रक्षा मंत्री

मणिशंकर अय्यर के बयान के बाद राजनीति गर्म



हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष को ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने की बजाय सेना के पराक्रम को सलाम करना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस जब सत्ता में थी तब आतंकवाद पर नरमी बरती और वोटबैंक के लिए 'भगवा आतंक' जैसी झूठी कहानियां गढ़ीं।

### रिजिजू ने पूछा पाक नेता क्यों कहते हैं हमारे लोग संसद में हैं

केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के एक



बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। रिजिजू ने एक्स पर लिखा, एक पाकिस्तानी राजनेता ने क्यों कहा हमारे लोग भारत की संसद में बैठे हैं?

### भाजपा हुई हमलावर कहा- पाकिस्तान के बचाव में उतरी कांग्रेस

मणिशंकर अय्यर के इस बयान के बाद भाजपा भी भड़क गई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अय्यर पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, शायद कांग्रेस पार्टी को यह नहीं पता कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निगरानी पैनल ने इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की एक शाखा, टीआरएफ की भूमिका पर चिंता जताई है।

फ्लाइट में **एक्स्ट्रा लगेज** पर बवाल

## स्पाइसजेट कर्मचारियों ने चार्ज मांगा तो भड़का सेना का अधिकारी 4 लोगों को बुरी तरह पीटा



» ***किसी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, तो किसी का जबड़ा टूटा, आरोपी को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की कवायद शुरू***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री के स्पाइसजेट के कर्मचारियों पर हमला करने का मामला सामने आया है। 26 जुलाई 2025 को हुई इस घटना में एयरलाइंस के चार कर्मचारियों के घायल होने की खबर है। इस संबंध में स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने कहा कि 26 जुलाई 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। हमारे कर्मचारियों को लात और घूंसे से मारा गया और कतार में खड़ा कर दिया गया, जिससे एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर और जबड़े में गंभीर चोटें आईं।

### एयरोब्रिज में जबरदस्ती घुसा पैसेंजर

प्रवक्ता ने बताया कि एक यात्री, जो एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी था। वह दो केबिन बैगेज ले जा रहा था जिनका कुल वजन 16 किलोग्राम था, जो अनुमत सीमा 7 किलोग्राम से दोगुना से भी ज्यादा था। जब उसे विनम्रतापूर्वक एक्स्ट्रा सामान के बारे में बताया गया और लागू शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया, तो यात्री ने इनकार कर दिया और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी किए बिना ही जबरदस्ती एयरोब्रिज में घुस गया- जो विमानन सुरक्षा प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन था।

जेल में रोते हुए गुजरी पहली रात

## प्रज्वल रेवन्ना बना कैदी नंबर 15528

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी (एस) सुप्रीमो एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना ने कोर्ट के फैसले के बाद शनिवार को अपनी पहली रात जेल में बिताई। कोर्ट ने शनिवार को प्रज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बताया जा रहा है कि वो जेल में फूट-फूटकर रो रहा था। साथ ही काफी परेशान था। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि रेवन्ना को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी संख्या 15528 आवंटित की गई।



■ सजा के खिलाफ पहुंचे हाई कोर्ट

रेल मंत्री ने दी जानकारी

## अगले महीने से चलेगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन का इंतजार लंबे वक्त से हो रहा है। रेलवे का दावा है कि यह नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन देश में रेल कनेक्टिविटी को और बदल देगी। बीईएमएल द्वारा आईसीएफ तकनीक से निर्मित, यह नए ज़माने की ट्रेन ओवरनाइट जर्नी को यात्रियों के लिए ज्यादा आरामदायक बना देगी। गुजरात के भावनगर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही शुरू की जाएगी।



■ ये अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी

आरोपी को किया गिरफ्तार

## गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के तुरंत बाद पुलिस ने एक्शन लिया। इस मामले में धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शख्स ने फर्जी कॉल की थी। अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल के 112 नंबर पर केंद्रीय मंत्री के आवास को उड़ाने की धमकी दी।



■ धमकी देने वाले आरोपी से पूछताछ जारी

मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के

यूपी के गोंडा में बड़ा हादसा

## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो नहर में गिरी, 11 लोगों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा इटियाथोक थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब दर्शन के लिए जा रही बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे, जिनमें से 11 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग दर्शन के लिए निकले थे, तभी यह घटना घटी। इनमें 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि 2 लोग पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म हो गया।



**चार बचे, बच्ची लापता**

ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी है। घटना गोंडा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के रहरा गांव की है। बोलेरो में सवार सभी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। भारी बारिश के चलते गाड़ी नियंत्रण से बाहर हो गई और नहर में जा गिरी।

परिवार ने पहले भी खतरे की आशंका जताई थी

**सतना में** बेखौफ बदमाशों का आतंक

## व्यापारी के घर पर की फायरिंग जांच के लिए विशेष टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिले में बेखौफ बदमाशों का आतंक देखने को मिला है। शहर के पॉश इलाके के तौर पर पहचाने जाने वाले शुमार चाणक्यपुरी में रविवार सुबह एक व्यापारी के घर पर अचानक बदमाशों ने फायरिंग कर दी। दरअसल, रविवार सुबह व्यापारी भागवत गुप्ता के घर नकाबपोश बदमाशों की फायरिंग के बाद हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में व्यापारी और उसका पूरा परिवार मौजूद था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची। हालांकि, उस वक्त तक सभी बदमाश फरार हो चुके थे।



### पुलिस जांच में जुटी

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर विशेष सोशल टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही साइबर सेल को भी सक्रिय कर संदिग्ध नंबरों की निगरानी शुरू कर दी गई है। सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में टीआई सुदीप सोनी ने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया और क्षेत्र के संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

राजधानी में बादल, धूप और बौछारें, बढ़ेगा पारा, कुछ जिलों में बारिश

प्रदेश के उत्तरी हिस्से में 9 घंटे में दो इंच से ज्यादा बारिश

## श्योपुर समेत प्रदेश के 9 जिलों में जमकर हुई बारिश चित्रकूट में उफनी मंदाकिनी, दुकानों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बारिश का सिस्टम काफी मजबूत है। हालात ये हैं कि यूपी में यमुना का जलस्तर बढ़ने से चित्रकूट में मंदाकिनी नदी फिर उफान पर है। यहां रामघाट पर मंदिर के अंदर पानी घुसने लगा है। 100 से ज्यादा दुकानों में जलभराव हो गया है। प्रशासन ने नदी किनारे दुकान खाली करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के उत्तरी हिस्से में रविवार को बारिश का दौर रहा। श्योपुर में 9 घंटे में सबसे ज्यादा 2 इंच बारिश हो गई। सतना में आधा इंच से ज्यादा और सागर में करीब आधा इंच बारिश हुई। इसके अलावा ग्वालियर, शिवपुरी, रतलाम, रीवा, टीकमगढ़, बालाघाट जिलों में भी हल्की बारिश हुई।

‘ प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में तापमान में दो से तीन डिग्री तक हो सकती है बढ़त

‘ भोपाल में भी बढ़ेगी उमस, अभी तीन से चार दिन बारिश के आसार कम, हो सकती है बादलों के साथ बूंदाबांदी



चित्रकूट का रामघाट डूबा

### अभी मिलाजुला मौसम रहेगा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी मानसून ट्रफ अमृतसर, चंडीगढ़, शामली, शाहजहांपुर, लखनऊ, छपरा, बांकुरा से होकर बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। एक सकुर्लेशन उत्तर-पश्चिमी बिहार और उसके आसपास के उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश पर बना हुआ है। वहीं, एक सकुर्लेशन उत्तरी गुजरात और उससे लगे राजस्थान पर सक्रिय है।

### तापमान में रही घट-बढ़

शनिवार रात पड़ी बौछारों के बाद रविवार को शहर में दिन का पारा दशमलव 9 डिग्री गिरकर 30.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक है। यहां रात का पारा 24 डिग्री रहा। ग्वालियर, रतलाम में दो-दो डिग्री की कमी आई। बैतूल, टीकमगढ़, सीधी और मंडला सहित अधिकांश जिलों में पारा एक से डेढ़ डिग्री तक बढ़ गया।

**रेल मंत्री वैष्णव ने भावनगर में कहा**

# अब मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जल्द शुरू होगी, समय भी बचेगा

## अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा-पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस को डिजिटली हरी झंडी दिखाई

एजेंसी ▶▶ भावनगर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा बहुत जल्द शुरू होगी और इससे मुंबई व अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय 2घंटे सात मिनट रह जाएगा। केंद्रीय मंत्री भावनगर टर्मिनस पर थे, जहां से उन्होंने अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा-पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन किया। वैष्णव ने कहा कि मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली बुलेट ट्रेन बहुत जल्द शुरू होगी और इस परियोजना पर काम तेज गति से जारी है। इससे मुंबई से अहमदाबाद तक की यात्रा में केवल 2 घंटे 7 मिनट लगेंगे।



### 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से चलेगी

मुंबई और अहमदाबाद के बीच भारत की पहली बुलेट ट्रेन 508 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) क्षेत्र से शुरू होगी और 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से गुजरात के वापी, सूरत, आणंद, वडोदरा और अहमदाबाद को जोड़ेगी।

## सीएम साय ने रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को किया रवाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर-जबलपुर दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साय ने रायपुर से जबलपुर तक इस एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के लोगों को लाभ होगा। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि जबलपुर के वास्ते एक नई ट्रेन सेवा शुरू हो गई है। मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों की ओर से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद देता हूं।



**डोंगरपुर से जाएगी**

उन्होंने बताया कि इससे पहले रायपुर से जबलपुर जाने के लिए सिर्फ एक ही ट्रेन थी। इस मार्ग पर जाने वाली यह ट्रेन छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल डोंगरगढ़ होते हुए जबलपुर जाएगी।

**रायपुर से अपराह्न 2.45 बजे रवाना होगी**

यह ट्रेन रायपुर से अपराह्न 2.45 बजे रवाना होगी और दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर और मदन महल होते हुए रात 10.45 बजे जबलपुर पहुंचेगी और सुबह 6बजे रवाना होगी।

**गडकरी ने आंध्र को दी रफ्तार**

## 272 किलोमीटर लंबी 29 एनएच परियोजनाओं का किया लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 5,233 करोड़ के निवेश के साथ 272 किमी की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने कहा कि इन



परियोजनाओं को दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट और रेलवे क्रॉसिंग को खत्म करने, लागत को कम करने और कनेक्टिविटी को मजबूत करने में लाभ होगा और तिरुपति, नेल्लोर और रायचोटी जैसे प्रमुख शहरी केंद्रों में भीड़भाड़ को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे आंध्र प्रदेश भारत की विकास गाथा में सबसे आगे आ जाएगा।

**लॉजिस्टिक्स लागत 10 प्रतिशत**

उन्होंने देश की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट में उल्लेखनीय गिरावट पर भी प्रकाश डाला। बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे के कारण लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है और दिसंबर 2025 तक इसके 9 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इस कमी से निर्यात दोगुना होने और रोजगार में वृद्धि होने की उम्मीद है।

**खबर संक्षेप**

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। शिष्टाचार



भेंट के दौरान दोनों के बीच चर्चा हुई। इस बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है। राष्ट्रपति के एक्स से रविवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर भी शेयर की गई, जिसमें वे चर्चा करते दिख रहे हैं।

### नहीं रहे कन्नूर के 'दो रुपए वाले डॉक्टर'


**कन्नूर ।** केरल के कन्नूर में डॉक्टर एके रायरू गोपाल का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को



निधन हो गया। वे 5 दशक से अपने क्लीनिक में मात्र दो रुपए में हजारों गरीब मरीजों का इलाज करते रहे। वे 80 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। कोई उन्हें दो रुपए वाले डॉक्टर साहब कहता तो कोई कुछ और।

### डिवाइडर तोड़ फेंसिंग से टकराई बस, 10 जख्मी

**उन्नाव।** आगरा एक्सप्रेसवे पर औरास क्षेत्र में कोइलियाखेड़ा गांव के पास दिल्ली से सिद्धार्थनगर जा



रही स्लीपर बस के चालक को तड़के 4बजे झपकी लग गई। बस डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी लेन में जाकर रुक गई।बस दूसरी दिशा में एल्युमिनियम गार्ड को तोड़ते हुए खंती में नहीं गिरी। 2 चालक समेत 10 यात्री घायल हो गए।

### आप सुअर से कुश्ती नहीं लड़ सकते? मोइत्रा

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और कल्याण बेनर्जी की लड़ाई किसी से छिपी नहीं है।



महुआ पर कल्याण ने बीजेडी नेता पिनाकी मिश्रा से शादी पर आलोचना की थी। महुआ ने कहा आप सुअर से कुश्ती नहीं लड़ते क्योंकि सुअर को यह पसंद है और आप गंदे हो जाते हैं।

## ईसीआई ने कहा- आरजेडी नेता के एपिक नंबर की जांच होगी

**'बड़बोले' तेजस्वी यादव की बढ़ीं मुश्किलें**

# दो वोटर आई कार्ड रखने पर चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**आयोग ने कार्ड की मूल प्रति सहित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा**

एजेंसी ▶▶ पटना नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों में सभी पार्टियां जुटी हुई हैं। इस बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस जारी किया है और 2 वोटर आई कार्ड के संबंध में जवाब मांगा है। चुनाव आयोग के अनुसार, तेजस्वी यादव की प्रेस वार्ता के दौरान दिखाए गए ईपिक संख्या आरएबी 2916120 की जांच की जाएगी। आयोग ने तेजस्वी यादव से इसकी मूल प्रति मांगी है, जिसके लिए चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है।चुनाव आयोग की प्राथमिक जांच के अनुसार, तेजस्वी को एपिक कार्ड का विवरण (कार्ड की मूल प्रति सहित) आयोग को उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि इसकी गहन जांच की जा सके। यादव ने दावा किया था कि विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्होंने अपने एपिक नंबर (आरएबी2916120) को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सर्च किया, लेकिन 'नो रिकॉर्ड फाउंड' का मैसेज आया।





**उनका एपिक नंबर नहीं बदला**

चुनाव आयोग ने उनके दावे को खारिज कर दिया था और कहा था कि तेजस्वी का नाम वोटर लिस्ट में मतदान केंद्र संख्या 204, क्रमांक 416 पर दर्ज है। उनका वैध एपिक नंबरआरएबी 0456228 है। तेजस्वी ने जिस एपिक नंबर आरएबी 0456228 के आधार पर 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव लड़े, वो आधिकारिक रिकॉर्ड में मौजूद है।

**तेजस्वी ने चुनाव आयोग से फिर पूछे सवाल**

### जब 'डॉग बाबू' का निवास प्रमाण पत्र बन सकता है, तो 'सर'...



बिहार में नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर सियासत जारी है। तेजस्वी ने एक बार फिर से चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे हैं। वोटर लिस्ट से 65 लाख नाम काटे जाने को लेकर तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग ने कैसे तय किया या मृत मतदाताओं, पलायन करने वालों को कैसे ढूंढा? उनकी प्रक्रिया क्या थी? क्या उन्होंने ऐसे मतदाताओं को नोटिस दिया जिनके नाम हटाए जा रहे थे?तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा कि जब डॉगी बाबू और मोनालिसा का आवासीय प्रमाण पत्र बनाया जा सकता है, तो फिर अंदाजा लगा सकते हैं, कि गहन पुनरीक्षण कितनी गहनता से हुआ है?

**गोगोई ने ईसी पर उठाए सवाल**

### निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध, संसद में चर्चा हो

गुवाहाटी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौरव गोगोई ने आरोप



लगाया निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध है और यही वजह है कि विपक्षी दल संसद में मतदाता सूची के संशोधन पर चर्चा चाहते हैं। कांग्रेस की असम इकाई की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में यह कहा।

**चिदंबरम ने भी मढ़ा दोष**

### आयोग अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहा

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) पर जारी विवाद के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ



नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्यों के चुनावी चरित्र और तरीके को बदलने की कोशिश कर रहा है। चिदंबरम ने साथ ही कहा कि इन 'शक्तियों के दुरुपयोग'का राजनीतिक और कानूनी रूप से मुकाबला किया जाना चाहिए।

**भाजपा का तेजस्वी पर हमला**

## यादव ने 2 मतदाता पहचान पत्र रखकर अपराध किया



बिहार में 'सर' पर खूब हंगामा जारी है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने दावा किया कि उनका नाम ही मतदाता सूची से गायब है और उन्होंने चुनाव आयोग की एसआईआर की पूरी कवायद को सवालों के घेरे में खड़ा करने की कोशिश की। इस पर भाजपा ने रविवार को आरोप लगाया कि राजद नेता ने दो मतदाता पहचान पत्र रखकर अपराध किया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि तेजस्वी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने 1 अगस्त को बिहार में एसआईआर के बाद जो मतदाता सूची जारी की, उसे लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। वे लोगों को बरगला रहे हैं।

### 2-2 एपिक कार्ड नंबर कैसे?

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने यह भी कहा कि उसके बाद चुनाव आयोग और पटना के डीएम ने पूरी सच्चाई को जस का तस रख दिया और कहा कि तेजस्वी झूठ बोल रहे हैं। तेजस्वी का नाम मतदाता सूची में है और कटा नहीं है। उन्होंने बताया कि दीघा विधानसभा में तेजस्वी यादव का नाम पंजीकृत है और वर्तमान में पोलिंग स्टेशन नंबर 2004 में है। लाइब्रेरी बिल्डिंग एनीमल साइंस यूनिवर्सिटी और क्रम संख्या 416 में है। मगर उसके बाद जो बताया गया, वह चौंकाने वाला है।

**इंडिया ब्लॉक की बैठक**

## 7 को राहुल गांधी के घर पर कई मुद्दों पर करेगा मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडिया ब्लॉक) की अगली बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राहुलने हाल ही में आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों में करीब 70-80 सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत मामूली बहुमत से जीते हैं और यदि 15 सीटें भी सही तरीके से हुई होतीं, तो वो प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया, महाराष्ट्र में फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से संभावित टैरिफ (शुल्क) धमकी पर चर्चा हो सकती है।

**पवार तेजस्वी समेत ये नेता होंगे शामिल**

पिछली बैठक 19 जुलाई को वर्चुअल हुई थी, जिसमें 24 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे, जिसमें एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मौजूदा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे शामिल थे। इस बार फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने भी पुष्टि की है कि वे बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वे बिहार की एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे, जिसे भाजपा-जेडीयू गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया जा रहा है।

### क्या कह रही हैं विपक्षी पार्टियां?

शिवसेना (यूबीसी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कि चाहे वह पहलगाम आतंकवादी हमला हो या ऑपरेशन सिंदूर, सरकार कोई जवाबदेही नहीं दिखा रही है। प्रधानमंत्री ने खुद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और सरकार के लोग क्रिकेट खेल रहे हैं। यह शहीदों का अपमान है। उन्होंने महाराष्ट्र में 45 लाख नए वोटरों के जुड़ने और 70 लाख वोटों के अंतिम समय में डाले जाने पर सवाल उठाया। बिहार में 60 से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए जाने पर भी चिंता जताई, जिससे वोट अधिकार छिन गया है।

**झारखंड में नक्सलियों की साजिश**

## बड़ा विस्फोट कर उड़ा दी ट्रेन की पटरी, गनमैन की मौत

एजेंसी ▶▶ चक्रधरपुर

झारखंड नक्सलियों ने बड़ी साजिश रची थी। चक्रधरपुर में नक्सलियों ने विस्फोट करके रात में ट्रैक उड़ा दिया। इससे परिचालन ठप हो गया है। नक्सलियों ने करमपदा-रेंजडा रेलवे साइडिंग के बीच शनिवार रात को विस्फोट किया था। इसमें एक गनमैन की मौत हो गई है। नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद दिवस सप्ताह मना रहे हैं। नक्सलियों न 3 अगस्त को झारखंड सहित 5राज्य बंद बुलाया गया है। बंद को लेकर पहले से ही जिला



प्रशासन ने अलर्ट जारी किया गया है। ट्रेनों में अतिरिक्त फोर्स मुहैया कराई गई है रेलमंडल के रॉक्सी और रेंजरा के बीच सोमवार को रेल ट्रैक पर विस्फोट से एक गैंगमैन की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। हादसा नक्सलियों के ट्रैक पल लगाए गए बैनर को हटाने के दौरान सुबह 12 बजे की है।

**हमें गौरवान्वित किया**

## सीजेआई ने विश्व चैंपियन दिव्या की दादी के छुए पैर

एजेंसी ▶▶ नागपुर

देश के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने दिव्या देशमुख के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। नागपुर की रहने वाली 19 साल की दिव्या देशमुख ने 28 जुलाई को जॉर्जिया के बातुमी में आयोजित महिला विश्व कप के फाइनल में टाईब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर सबसे कम उम्र की खिलाड़ी के तौर पर यह खिताब जीता है। दिव्या को इस उपलब्धि ने उन्हें उन्हें ग्रैंडमास्टर भी बना दिया



है। सीजेआई ने दिव्या को बधाई देते हुए अपनी पुरानी यादों को ताजा किया और कहा कि उन्हें दिव्य की उपलब्धि पर गर्व है। मेरे घर की बेटी ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सम्मान समारोह होंगे। इस दौरान सीजेआई ने दिव्या की दादी के पैर छुए।

## लोगों ने किया मौन मार्च

**'महादेवी' को वनतारा से वापस लाने की मांग तेज**



**कोल्हापुर।** यहां एक अनोखा और भावुक दृश्य देखने को मिला। 36 वर्षीय हथिनी 'महादेवी' को गुजरात के वनतारा सेंटर से वापस लाने के लिए हजारों लोग हाथों में तख्तियां लिए सड़कों पर उतरे। मांग को लेकर हजारों लोगों ने मौन मार्च किया। यह मार्च पूर्व सांसद राजू शेट्टी के नेतृत्व में नंदनी से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।दरअसल, महादेवी को हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन सेंटर भेजा गया है।

**आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में दुखद हादसा**

**राहत-बचाव कार्य शुरू**

## ग्रेनाइट खदान धंसने से ओडिशा के 6 श्रमिकों की मौत, 3 घायल

एजेंसी ▶▶ बापटला

आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार सुबह एक दुखद हादसा हो गया, जब एक भारी ग्रेनाइट की चट्टान खदान में काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में 6प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 3अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सुबह करीब 10:30 बजे 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक विशाल चट्टान उन पर गिर पड़ी। शुरुआती जांच में लगता है कि बारिश या पानी के रिसाव की वजह से चट्टान कमजोर हो गई थी, जिससे वह गिर गई। घटना के समय कोई ब्लास्ट या भूकंप जैसी गतिविधि नहीं हुई थी।

### जगन मोहन ने जताई संवेदना



पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दिल तोड़ देने वाली घटना है। ये मजदूर परिवारों के लिए मेहनत कर रहे थे और ऐसे में उनकी जान जाना बेहद दुखद है। उन्होंने सरकार से मांग की कि घायलों को तुरंत इलाज मिले और मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए।

### मुख्यमंत्री नायडू ने कहा- जांच होगी

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों से बात की है और घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए हैं। हादसे की पूरी जांच कराई जाएगी।

**राजनीति का लाभ लेने या वर्ग विशेष को खुश करने की कोशिश**

# सनातन ने देश को बर्बाद किया, यह एक विकृति विचारधारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनसीपी (शरद पवार) गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म पर कहा कि इसने भारत को बर्बाद किया और उन्होंने इसकी विचारधारा को विकृत करार दिया। जितेंद्र ने महाराष्ट्र के ठाणे में अपने इस बयान में उन्होंने सनातन धर्म को छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक से इनकार, संभाजी महाराज की बदनामी, ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले पर हमले, और डॉ. बीआर आंबेडकर के साथ भेदभाव जैसे ऐतिहासिक अन्यायों का जिम्मेदार ठहराया। यह बयान मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी सात आरोपियों के बरी होने के बाद आया है।

**एनसीपी ने पकड़ी कांग्रेस की राह!**

### क्या शरद की पार्टी 'बेपटरी' हो रही!



इस बयान ने यह सवाल उठाया है कि क्या शरद पवार की एलसीपी अब कांग्रेस की राजनीति की राह पर चल पड़ी है? शरद का राजनीतिक स्टाइल हमेशा से रणनीतिक और लचीला रहा है। वे महाराष्ट्र की राजनीति में गूगली फेंकने के लिए जाने जाते हैं। कांग्रेस का राजनीतिक स्टाइलअल्पसंख्यक समुदायों विशेष रूप से मुसलमानों के प्रति नीति से जुड़ा रहा है। कांग्रेस ने सेक्युलरिज्म के नाम पर अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश की है।

**भगवान राम को मांसाहारी बोल चुके आव्हाड**

आव्हाड का इतिहास भी विवादों से भरा है। 2024 में उन्होंने भगवान राम को मांसाहारी कहा था। हालांकि, शरद पवार ने अभी तक आव्हाड के बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह संभव है कि पवार, अपनी रणनीतिक चुप्पी के साथ, इस विवाद को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करें।

**भाजपा ने किया पलटवार**

### एसपी के नेता तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे

आव्हाड के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता राम कदम ने कहा कि वे तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं।



आव्हाड ने कहा था कि सनातन धर्म ने भारत को बदनाम कर दिया है। कदम ने कहा कि शरद के गुट के नेता का बयान शास्त्रों के अधूरे अध्ययन पर आधारित है। क्या आप सनातन धर्म को बदनाम कर रहे हैं? क्या अब आप अपनी राजनीति के लिए ऐसा करेंगे? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जितेंद्र केवल तुष्टिकरण की राजनीति के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।

श्रीसूर्यदेव-श्रृंगार



श्रीगुप्तेश्वर महादेव मंदिर

# अफगानी नागरिक की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

## हर एंगल पर की जा रही जांच, एटीएस को मिली चौकाने वाली जानकारियां

जबलपुर।

**छोटी ओमती क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रह रहे अफगानी नागरिक सोहबत खान की गिरफ्तारी के बाद एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने जांच का दायरा तेजी से बढ़ा दिया है। पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, जिसके चलते शहर की दो विधानसभा क्षेत्रों के तीन वार्ड की सक्रिय जांच के घेरे में आ गए हैं।**



सोहबत खान की गिरफ्तारी के बाद एटीएस को प्रारंभिक जांच में यह जानकारी मिली है कि एक दर्जन से अधिक अफगानी युवकों ने जबलपुर के पते से भारतीय पासपोर्ट बनवाए या बनवाने की कोशिश की है। इनमें छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के निवासी अकबर और इकबाल भी शामिल हैं, जिनके पासपोर्ट जबलपुर के फर्जी पते से जारी किए गए थे। फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट, फिर शादी और निवास एटीएस ने जब कार्रवाई की, तब यह सामने आया कि आरोपी सोहबत खान ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाया और शहर में निवास करते हुए एक स्थानीय युवती से निकाह भी कर लिया था। वर्ष 2015 में उसने जबलपुर से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया और 2020 में फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर पासपोर्ट हासिल कर लिया।

### पासपोर्ट रैकेट का खुलासा

जांच में सामने आया कि सोहबत खान न सिर्फ खुद के लिए, बल्कि छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में रह रहे अपने अफगानी साथियों के लिए भी फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवा रहा था। इसके लिए वह जबलपुर में जाली दस्तावेज तैयार करवा रहा था और पोस्ट ऑफिस व पुलिस वेरिफिकेशन प्रक्रिया में मिलीभगत की जा रही थी।

### सरकारी तंत्र में मिलीभगत

एटीएस ने सोहबत खान के अलावा तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है: जिनमें दिनेश गर्ग पिता श्रवण कुमार गर्ग, निवासी विजय नगर – वर्तमान में वन विभाग में वनरक्षक और बीते दो वर्षों से कलेक्टर कार्यालय के चुनाव सेल में कार्यरत। वहीं चंदन सिंह, निवासी शंकर शाह नगर, रामपुर निवासी है.एटीएस को जांच में पासपोर्ट बनाने के लिए अब तक लगभग 10 लाख रुपए के लेन-देन की जानकारी मिली है।

### सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क

एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने में जुटी हैं। जाली दस्तावेज तैयार करने वालों, पुलिस वेरिफिकेशन में मदद करने वालों और पासपोर्ट जारी कराने वाली एजेंसियों की भूमिका की गहनता से जांच की जा रही है।

# स्वतंत्रता दिवस पर भारत के विजयोत्सव का करेंगे गौरवगान : रत्नेश सोनकर

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करते हुए कहा कि यह भारत के विजयोत्सव एवं गौरवगान का सत्र है यह विजयोत्सव आतंक के हैडक्वाटर को मिट्टी में मिलाने का है, सिंदूर की सौगंध को पूरा करने का है, सेना के शौर्य और सामर्थ्य का है,संसद के इस सत्र में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के विषय पर प्रधानमंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने चर्चा की है हमारी सेना के वीर जवानों के शौर्य एवं भारत के विजय उत्सव का गौरवगान आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमें करना है ताकि पूरे देश में स्वतंत्रता की पर्व के साथ ही भारत के विजय का पर्व भी मनाया जा सके यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित कामकाजी बैठक के दौरान कहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि आगामी 10 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका होगी, 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यकर्ताओं के निवास पर तिरंगा फहराया जाएगा एवं 12 अगस्त से 14 अगस्त तक सभी युद्ध स्मारक एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक मंडल में शहीदों एवं देश सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिस कर्मियों के घर जाकर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन कर विभीषिका के संदर्भ में प्रभावित जनों से भेंट की जाएगी। रत्नेश सोनकर ने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की भूमिका सुनिश्चित हो इस हेतु यह बैठक आयोजित की गई है।बैठक में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री पंकज दुबे, सह संयोजक रोहित जैन, प्रणीत वर्मा, राजेश मिश्रा, जय सचदेवा, अंजू भार्गव, तृष्णा चटर्जी, रंजीत पटेल, संतोषी ठाकुर, कमलेश राजन, डिम्पी विश्वकर्मा, रविन्द्र पचौरी, सिद्धार्थ शुक्ला, कान्त साहू, रवि शर्मा, आशीष राव, राहुल रजक, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, योगेश लोखंडे, पुष्पराज बघेल, सपन यादव, संतोष यादव, अमित राय, गुड्डा केवट, पुष्पराज पांडे, प्रणय गुप्ता, अकील अंसारी, योगेंद्र राजपूत, संजय यादव, कैलाशनाथ पोरते के साथ मंडल महामंत्री एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# श्रावण मास का चौथा सोमवार आज, ध्वज जुलूस निकलेंगे

**कांवड़ यात्रा, रुद्राभिषेक के भव्य धार्मिक आयोजन होंगे**

जबलपुर।

श्रावण मास का आज चतुर्थ सोमवार है। श्रावण सोमवार के चौथे सोमवार पर नगर के शिवालयों में धार्मिक आयोजन किये गये हैं वहीं जोरशोर से ध्वज जुलूस निकाले जायेंगे। शहर में परम्परानुसार मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित शारदा देवी के मंदिर और गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, कचनार सिटी के बड़े महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सावन के मेले लगेंगे। देवाधिदेव महादेव का दूध और पवित्र नदियों के जल से शिवजी का अभिषेक होगा। श्रावण मास के मेले लगेंगे। धार्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण श्रावण मास में शिवजी की आराधना की जा रही है। शिवालयों में अनुष्ठान चल रहे हैं। वहीं श्रावण मास पर मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित मां शारदा देवी के मंदिर में ध्वज जुलूसों का जोरदार समागम होगा। श्रावण मास पर विविध स्थानों पर रुद्राभिषेक और कांवड यात्रा के आयोजन किए गए। श्रावण मास में हर वर्ष मदन महल की पहाड़ियों पर मेला लगता है। यहां विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन लाल ध्वज लेकर मां की वंदना करने पहुंचते है। श्रावण मास के इस मेले में सांम्प्रदायिक सौहार्द के नजारे भी दिखायी देते है। मंदिर जाने वाले रास्ते पर पीराने पीर की दरगाह में भी श्रद्धालु हरे निशान लेकर हाजिरी देने प्रकृति की हरियाली और पहाड़ियों के बीच ऊंचाईयों पर स्थित मंदिर में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते है। इसके अलावा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, कचनार सिटी स्थित बड़े शंकर जी के मंदिर, पिंपलेश्वर महादेव मंदिर, नर्मदेश्वर मंदिर जिलहरीघाट, बड़े शंकर जी के मंदिर गंजीपुरा में आज श्रावण सोमवार पर शिवजी के अभिषेक के बाद अद्भुत श्रंगार किया जाएगा। विभिन्न अखाड़ों के द्वारा ध्वज जुलूस निकाले जाएंगे।

### बड़ी महाकाली में ध्वज अर्पण आज

सावन मास के उपलक्ष्य में श्री वृहत महाकाली समिति कालीधाम गढ़ाफाटक में सावन मास के चौथे सोमवार 4 अगस्त को दोहपर 1 बजे समिति द्वारा माता महाकाली को लाल ध्वज अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी श्रद्धालु भक्तों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# रास्ते में रोककर मांगी रंगदारी नहीं देने पर चाकू मारा

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत चांदमारी तलैया के पास कल रात 3 बदमाशों ने घर लौट रहे, दो भाईयों को रोककर शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगे, नहीं देने पर मारपीट कर दी. घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ओमकला मंदिर के पास रहने वाला आयुष पटेल, अपने ममेरे भाई मनीष सिंह के साथ घर आ रहा था. तभी देर रात 2 बजे चांदमारी तलैया के पास बिट्टू कलार, संदीप चौधरी एवं साहिल वंशकार ने उन्हें रोककर 500 रुपये की डिमांड की, मना करने पर तीनों ने मारपीट की और संदीप चौधरी ने चाकू से हमला कर दिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### बंदर से 300 पाव शराब जप्त

गोहलपुर पुलिस ने शांति नगर रियान स्कूल के पीछे एक अवैध शराब तस्कर को गिरफ्तार कर 300 पाव देसी शराब जप्त की. गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्बिर की सूचना पर कल रात शांति नगर में दीपक उर्फ बंदर चौधरी को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास बोरी में 300 पाव शराब रखी मिली. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### वन विभाग की चौकी से 30 हजार का माल पार

कुंडम थाना अंतर्गत पडरिया बीट की वन चौकी में रखे कटीले तार के तीन बंडल, चैन लिंक फेंसिंग और एक बंडल फेंसिंग अज्ञात चोर चोरी कर ले गये. चोरी गये माल की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है. कुंडल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलसानी में शारदा टेकरी में वृक्षारोपण किया जा रहा है. जिसकी सुरक्षा सामग्री फेंसिंग तार व अन्य सामग्री वन रक्षक हष कुमार बचले और चौकीदार एल सिंह परस्ते आठ बजे वन चौकी में अपना ताला लगाकर घर चले गये. इस बीच चौकी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### साढ़े दस हजार, एक भैंस समेत दो आरोपी गिफ्तार

रांझी थानान्तर्गत एक व्यक्ति ने अपनी 10 भैंसों को चरने के लिए बिलपुरा तालाब के किनारे छोड़ दिया था। दूसरे दिन शाम जब भैंसे वापिस लौटी तो उसने गिनती की तो पता चला कि 3 भैंसे व एक पडा वापिस नहीं आया था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया था। पुलिस ने उक्त भैंसे चुराने वाले २ आरोपियों को अभिरक्षा में लेते हुए उनके पास से चुरायी गई एक भैंस व साढ़े दस हजार रूपए नगदी जब्त किये। रांझी पुलिस ने बताया कि बजरंग नगर रांझी निवासी सुनील यादव दूध का धंधा करता है। वह बिलपुरा तालाब के किनारे अपनी भैंसे चराने गया था जहां भैंसों को छोड़कर सुनील वापस घर आ गया था। दूसरे दिन शाम जब भैंसों का काफिला वापिस लौटा तो सुनील ने पाया कि भैंसे व एक पडा झुंड में नहीं था। पुलिस ने भैंस चुराने वाले आरोपियों शाकिर और योगेन्द्र यादव को अभिरक्षा में लेकर उनके पास एक भैंस व नगदी साढ़े दस हजार रूपए जब्त किये।

### बाईक की टक्कर से दो घायल


बरेला थानान्तर्गत कल एक ढाबे के समीप मोटर साइकिल सवारों को तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में मोटर साइकिल समेत गिरने से चालक एवं उसके पीछे बैठी महिला को गंभीर चोटें आयी है जिसे ईलाज के लिए एक निजी वाहन से जबलपुर भिजवाया गया। बरेला पुलिस ने बताया कि ग्राम रिछाई बरेला निवासी रानू बर्मन कल अपने परिचित राज्यपाल मारकाम के साथ मोटर साइकिल से खरीददारी करने शहर आ रही थी तभी रितेश ढाबा के समीप जबलपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार मोटर साइकिल चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी समेत गिरने से मोटर साइकिल चला रहा राज्यपाल मारकाम एवं रानू बर्मन को चोटें आयीं हैं जिन्हें ईलाज के लिए शिवराज पटैल के साथ एक निजी वाहन से जबलपुर भिजवाया गया है।

# सेवा संबंधी मामले में जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं

## हाई कोर्ट ने निरस्त कर दी याचिका

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायामूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने वह जनहित याचिका निरस्त कर दी, जिसमें विशेष परियोजना के तहत हुई नियुक्तियों को कटघरे में रखा गया था। कोर्ट ने सुनवाई दौरान पाया कि उक्त याचिका सिर्फ एक व्यक्ति को लेकर है, जिसकी नियुक्ति संविदा आधार पर की गई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया सेवा संबंधी मामले में जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। उक्त मत के साथ दायर जनहित याचिका निरस्त कर दी। यह जनहित याचिका पन्ना निवासी एडवोकेट नंदकिशोर अहिरवार की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि वर्ष 2011 में कुछ



व्यक्तियों को एक विशेष परियोजना के लिए नियुक्त किया गया था और परियोजना पूरी होने के बाद उन्हें विभिन्न विभागों में संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया है। मामले की सुनवाई दौरान कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता एक अधिवक्ता है और वर्तमान याचिका के विषय-वस्तु वाले किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं है। याचिका में याचिकाकर्ता ने कई व्यक्तियों में से एक व्यक्ति का नाम लिया है, जिन्हें संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया है। अनुबंध के आधार पर। ऐसा प्रतीत होता है कि याचिकाकर्ता का उक्त व्यक्ति के साथ कोई व्यक्तिगत विवाद है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनहित याचिका उन व्यक्तियों के लिए है, जो कि ज्ञान, वित्तीय क्षमता या अन्य किसी भी प्रकार की सहनशीलता की कमी के कारण अपने हितों या अधिकारों की रक्षा करने में असमर्थ हैं। जनहित याचिकाकर्ता इस याचिका में शामिल किसी भी सार्वजनिक तत्व को प्रस्तुत नहीं कर पाया है। इसके अलावा यह याचिका कर्मचारी की सेवा शर्तों से संबंधित है और यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि सेवा संबंधी मामले में जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

# जमीन विवाद पर किसान की हत्या

**जबलपुर।** कुण्डम थानांतर्गत ग्राम देवरी खुर्द में बीती रात खेत से घर लौट रहे एक किसान के साथ उसके बाजू वाले खेत के मालिक ने जमीन विवाद को लेकर डंडे से मारपीट की। घटना में शरीर में आई संघातक चोटों के कारण किसान की मौत हो गई। पुलिस हत्या के आरोपी को चंद घंटे में अभिरक्षा में लेकर घटना में इस्तेमाल किया गया डंडा भी जब्त कर प्रकरण विवेचना में लिया है। कुण्डम पुलिस ने बताया कि ग्राम देवरी खुर्द निवासी श्रीमती बिसरती बाई के पति पंचमलाल बरकड़े सुबह अपने राजा इमलई वाले खेत गए थे। जहां से रात वे काम कर घर लौट रहे थे। तभी राजा इमलई हाईस्कूल के पास उसे बाजू वाले खेत का मालिक राम कुशवाहा मिला। जो जमीन के विवाद पर पंचमलाल के साथ डंडे से हमला कर मारपीट करने लगा। घटना में पंचमलाल के सिर, हाथ व पैरों में गंभीर चोटें आई थी। पंचमलाल घायल हालत में दर्द के कारण बिना खाये घर की परछी में जाकर सो गया था। सुबह लगभग ४ बजे उसकी पत्नी बिसरती बाई ने देखा कि पंचमलाल निष्प्राण हो गया था वहीं उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी। पुलिस ने मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की पुष्टि होने के बाद हमलावर राम कुशवाहा को अभिरक्षा में लेकर हत्या में उपयोग किए गए डंडे को भी जब्त किया है।

# बिना पंजीयन धड़ल्ले से चल रहा था निजी अस्पताल

## सुलखिया अस्पताल के संचालकों पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** गोराबाजार थानांतर्गत बिलहरी में शनिवार को बिना पंजीयन के चल रहे अवैध निजी अस्पताल पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई कर अस्पताल संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। गोराबाजार पुलिस ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वासथ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा कार्यालय में पदस्थ लिपिक आकाश गुप्ता ने एक पत्र लिखकर सूचना दी थी कि बिलहरी में संचालित सुलखिया अस्पताल का संचालन बिना पंजीयन के किया जा रहा है वहीं अस्पताल में मरीजों का इलाज आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के आधार पर भी नहीं किया जा रहा है। अस्पताल संचालकों डॉ. रमेश सुलखिया व डा. दिव्यांश सुलखिया चिकित्सा के नाम पर मरीजों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी की टीम ने जब अस्पताल का निरीक्षण किया तो अस्पताल में अनेक खामियां नजर आई। बिना पंजीयन के 8 बिस्तरों वाला अस्पताल संचालित किया जा रहा था। बायोमेडिकल वेस्ट के संग्रहण एवं निपटारे की कोई व्यवस्था नहीं थी वहीं अस्पताल के पास फायर एनओसी भी नहीं थी। नियमों का उल्लंघन करने पर सीएमओ दल ने एसडीएम की मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया है।

# दिनदहाड़े महिला के गले से मंगलसूत्र लूटा

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत कल शाम सूपाताल एलआईसी रोड पर पैदल जा रही एक महिला के गले से स्कूटी सवार तीन युवक सोने का मंगलसूत्र खींच कर भाग गये। आरोपियों की उम्र 20-22 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। गढ़ा पुलिस ने बताया कि गुरूदेव कालोनी सूपाताल निवासी श्रीमती अनीता धौलपुरी जनरल स्टोर चलाती है। कल शाम वह दुकान में बेचने के लिए दूध खरीदने अमूल मिल्क पार्लर गई थी। जहां से दूध थैले में रखकर अनीता वापस दुकान लौट रही थी। तभी सूपाताल एलआईसी मार्ग पर नीले रंग की बिना नंबर की स्कूटी से तीन लड़के आये और गाड़ी रोककर जोर से चिल्लाये। जिससे अनीता डर गई। तभी स्कूटी में बीच में बैठे लड़के ने अनीता के गले से मोतियों का मंगलसूत्र जिसमें 45 ग्राम का पेंडिल लगा था खींचा। अनीता ने मंगलसूत्र पकड़कर छुड़ाने का प्रयास किया तो वे बोले कि मंगलसूत्र हमें दे दो नहीं तो खत्म कर देंगे। इसके बाद स्कूटी सवार लड़के मंगलसूत्र खींचकर देवताल की ओर भाग गये।

## पुलिस कप्तान का एक्शन प्लान, फरार इनामी अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

# अब हर थाना करेगा इनामी आरोपी की तलाश

शुभम शुक्ला

**हरिभूमि, जबलपुर। जिले में लंबे समय से फरार चल रहे पांच हजार या उससे अधिक इनामी आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने बड़ा निर्णय लिया है। अब आरोपी किसी भी थाने का हो, उसकी गिरफ्तारी के लिए कोई भी थाना पुलिस कार्रवाई कर सकेगी और गिरफ्तारी करने वाली टीम को इनाम की राशि प्रदान की जाएगी। यह फॉर्मूला जिले में आपसी समन्वय से कार्रवाई को गति देगा और इनामी अपराधियों की धरपकड़ में तेजी आएगी।**



### अब थाना सीमा नहीं, गिरफ्तारी प्राथमिकता

पूर्व में यह देखा जाता था कि अगर कोई आरोपी किसी अन्य थाने का है, तो केवल वही थाना उसकी तलाश करता था। कई बार जानकारी होने के बावजूद दूसरे थाने सक्रिय नहीं होते थे। लेकिन अब कप्तान उपाध्याय के निर्देशानुसार जिस थाने की पुलिस फरार इनामी बदमाश को पकड़ेगी, उसे इनामी राशि दी जाएगी भले ही वह आरोपी किसी अन्य थाना क्षेत्र का हो।

### समीक्षा बैठकों में होगी निगरानी

कप्तान उपाध्याय ने स्पष्ट किया है कि इनामी आरोपियों की धरपकड़ की समीक्षा वह स्वयं समय-समय पर करेंगे। प्रत्येक थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि वे इनामी अपराधियों की लोकेशन ट्रेस कर अन्य थानों से समन्वय बनाकर तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

### नहीं बरतना चाहते कोई ढिलाई

इस अभियान से साफ है कि पुलिस अब इनामी अपराधियों को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरतेगी। हर थाना एक-दूसरे की मदद करेगा, जिससे अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी आएगी। कप्तान उपाध्याय के इस नवाचार को जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक सख्त लेकिन सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### जिले में 172, ओमती सबसे आगे

जारी सूची के अनुसार जबलपुर जिले के कुल 36 थानों में 172 इनामी आरोपी फरार हैं। इनमें थाना ओमती 24, पनागर 20, पाटन 17, मझोली 15, बरेला 14 और भेड़ाघाट 12, मझगंवा 10, कुण्डम 8, बरगी 8 प्रमुख हैं।

### इनका कहना है



यह अभियान प्रारंभ किया गया हैं। जिसमें पांच हजार और उससे अधिक फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का टास्क थाना प्रभारियों को दिया गया हैं।

**–संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**

## कायाकल्प में भी फिसड्डी रहा सिहोरा सिविल अस्पताल

# चिकित्सकों की कमी के चलते अस्पताल वेन्टीलेटर पर

हरिभूमि सिहोरा।

स्वास्थ्य सुविधाओं के बिगड़ते हालात से उपजे जनाक्रोश के मद्देनजर विपक्ष ने जहां ज्ञापन सौपकर अपने कर्तव्यो की इतिश्री कर ली वहीं सिहोरा विधायक ने भी अस्पताल का दौरा किया लेकिन अस्पताल के हालात जस के तस बने हुए है।बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने अपग्रेड किया गया सिविल अस्पताल सिहोरा न केवल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है बल्कि साफ सफाई जैसी बुनियादी समस्याओं से भी जुझ रहा है। अस्पताल के हालात इतने बदतर हैं कि सिविल अस्पताल वेंटिलेटर पर है कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा।



### पोस्ट पीजी, यूजी बाण्ड के चिकित्सकों ने नहीं दी ज्वाइनिंग

सिविल अस्पताल न केवल राजनीतिक शून्यता का शिकार है बल्कि प्रशासनिक उपेक्षा का भी शिकार है प्राप्त जानकारी के अनुसार पोस्ट पी जी बाण्ड के तीन चिकित्सक एवं यूजी बाण्ड के तीन चिकित्सको ने आज दिनांक तक अस्पताल में सेवा देना तो दूर दर्शन तक उपलब्ध नहीं कराए हैं। इसके बावजूद भी ना तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस दिशा में कोई ठोस प्रयास करते नजर आ रहे और ना ही प्रशासनिक अधिकारी।

### जिले में रहा फिसड्डी प्रदर्शन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कायाकल्प कार्यक्रम 2024- 25 के राज्य स्त्री मूल्यांकन में सिहोरा सिविल अस्पताल का प्रदर्शन 75.3 प्रतिशत रेटिंग रहा। उक्त मूल्यांकन रोजी केंद्रित सेवा अनुशासन गुणवत्ता स्वक्षता उपलब्ध संसाधन के आधार पर किया जाता है। सिविल अस्पताल ने क्वालीफाइंग रेटिंग तो हासिल कर ली लेकिन बेहतर प्रदर्शन में पीछे रह गया जिसके कारण अस्पताल को मिलने वाला फंड भी हाथ से निकल गया। बेहतर प्रदर्शन न कर पाने के काम अस्पताल को वर्ष भर में रखराव हेतु मात्र 1 लाख रुपए ही हासिल हो सकेंगे जिससे अस्पताल की व्यवस्थाओं साफ सफाई रंगाई पुताई मरम्त आदि को अमली जामा पहनाया जा सकेगा।

### न विशेषज्ञ न पैथोलॉजिस्ट फिर भी चल रहा 100 बिस्तर अस्पताल

भगवान कण कण में समाये है इसका सबसे अच्छा उदाहरण सिविल अस्पताल सिहोरा हो सकता है जहां बगैर स्त्री रोग विशेषज्ञ,बगैर सर्जन बगैर एम डी मेडिसिन के एक माह में लगभग 130 डिलेवरी हो जाती है जिसमें एक दर्जन से अधिक क्रिटिकल सिजेरियन केस भी सम्मिलित हैं । और तो ओर बगैर स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के प्रतिदिन लगभग 50 से अधिक ई एन सी/ पीएनसी महिलाओं की जांच भी हो जाती है। हद तो तब हो जाती है जब जब साधारण बुखार में डाक्टर मलेरिया वायरल फीवर जैसी जांच के बाद इलाज शुरू करते हैं मगर सिहोरा सिविल अस्पताल तो बगैर पैथोलॉजिस्ट के भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का दंभ भर रहा है।

### एक दर्जन स्वीकृत आधे से ज्यादा रिक्त

सिविल अस्पताल में एमबीबीएस 12 डॉक्टर द्वितीय श्रेणी के स्नातकोत्तर विशेषज्ञ चिकित्सक एक सिविल सर्जन, एक प्रबंधक का पद स्वीकृत है किंतु वर्तमान में चार चिकित्सक कार्यरत होने से अस्पताल की इमरजेंसी,ओपीडी चिकित्सा सेवा पूरी तरह से बाधित रहती है यहां पदस्थ तीन चिकित्सक में से एक की रात में ड्यूटी रहने से दूसरे दिन चिकित्सक का आफ रहता है इस रोस्टर के चलते अस्पताल में मात्र दो डॉक्टर ड्यूटी में रह जाते हैं दिन में यदि कोई पोस्टमार्टम कैस आ जाता है तो एक चिकित्सक वहां चले जाने से अस्पताल में इलाज के लिए मात्र एक चिकित्सक होता है ऐसे में उनके ऊपर ओपीडी एवं इमरजेंसी दोनों की जिम्मेदारी रहती है अस्पताल में महिलारोग,बाल रोग,हड्डी रोग,नेत्र रोग चिकित्सा सर्जरी एवं एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ के पद स्वीकृत हैं इसके बाद भी इनके भरने में शासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

## श्री सिद्ध रजत गणेश धाम में हुआ असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण



**जबलपुर**। पीएचई के पूर्व ललपुर रोड गौरीघाट स्थित श्री सिद्ध रजत गणेश धाम के संस्थापक प्रमोद महाराज के नेतृत्व में 03 अगस्त को असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया गया। तत्पश्चात प्रातः 09 से दोपहर 12 बजे तक महाभिषेक के उपरांत विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महंत प्रमोद तिवारी, सरिता गुप्ता, रामा सरल तिवारी, मीणा चौबे, हर्षिता, प्रीति, अंजिता जाट, अंकुर तिवारी, आशा भलावी, इशा, नीतू त्रिपाठी, मधु यादव, ममता गुप्ता, लता, मनीष मिश्रा, गीत बर्मन, निशा कुशवाहा, सुनीता बरनवाल, अनुराधा, अलका गुप्ता, तारा यादव, कमलेश भलावी, जी. मिश्रा, श्री तिवारी, राजेश, अमोघ गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मुल्तानी अखाड़ा के पहलवानों ने किए हैरतअंगेज प्रदर्शन



**जबलपुर**। नाग पंचमी के अवसर पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्रीराम प्रसाद उस्ताद मुल्तानी अखाड़ा नया मोहल्ला से जुलूस निकाला गया जो विभिन्न मार्गों से होते हुए बजरंग बली के मंदिर नौदरा ब्रिज पहुंचकर समाप्त हुआ। अखाड़े के पहलवानों द्वारा पटा-बनेटी का प्रदर्शन और आंखों से सुई उठाना, पेट पर तलवार रखकर नारियल फोड़ना, आंखों में चाकू से काजल लगाना जैसे हैरतअंगेज प्रदर्शन किए गए। आज के दौर में इस विलुप्त हो रही कला को हम अखाड़े के सभी सदस्यों के द्वारा बचाने का प्रयास किया जा रहा है। नये युवाओं को इस कला से जोड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। जुलूस में खलीफा रमेश राजपूत, अमित यादव, अंशुल यादव, लकी राजपूत, संदीप यादव, अंबर जायसवाल, अमित राजपूत, हनी यादव, कपिल राजपूत, सिद्धांत पटेल, अखिल रजक, सागर, रचित, अथर्व, निशांत, तनाव, कलश, सक्षम आदि उपस्थित थे।

## गोल्डन वूमेन क्लब ने हरियाली तीज उत्सव मनाया



**जबलपुर**। गोल्डन वूमेन क्लब की महिलाओं द्वारा हरियाली तीज उत्सव मनाया गया, जिसमें सभी ने सावन थीम पर गाने गाए और नृत्य किया। सभी ने हरे परिधान में सावन का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्थापिका ऋचा गौतम, डॉ. संध्या स्थापक, विनीता कैथल, रुबीना बेगम, शबनम बानो, संजीवनी शुक्ला, रश्मि सोनी, नीलम पटेल, राजकुमारी श्रीवास, डॉ. प्रगति जैन, ज्योति सिंह परिहार, निधि सिंह बघेल, सृष्टि पांडे, निधि यादव, अनुराधा जरिया, रश्मि सोनी, ममता उसरेठे, आरती भारती, सुधा जायसवाल, श्रीन वाल्टर, रश्मि मेहता, पूजा छिड़ा, श्रीमती रेणु, दीपमाला सिलावट, आदि सदस्य उपस्थित थे।

## ओंकार सिंह वीएफजे से हुए सेवानिवृत्त

**जबलपुर**। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में जेडब्ल्यूएम पद से अपनी 41 वर्ष 7 महीने 12 दिन की शासकीय सेवाओं का कार्यकाल पूर्ण कर ओंकार सिंह 31 जुलाई 2025 गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर साथियों ने भावभीनी विदाई दी।

## एसएएफ बटालियन रांझी में महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश में रांझी बटालियन ने 20 जुलाई रविवार को हरियाली महोत्सव न्यू लुक में सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर महिलाओं ने गेम्स, डांस के साथ सावन महोत्सव मनाया। इस अवसर पर रुकमणी, पूजा, किरन, उषा, खुशबू, रंजना, प्रियंका, रेखा, रजनी, अनीता, छाया सहित ग्रुप की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महाविद्यालय ईको क्लब ने लगाए पेड़, पाया गमले व कुल्लड बनाने का प्रशिक्षण



**पाटन**। शोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय पाटन में इको क्लब द्वारा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम शैक्षणिक गतिविधि थी, बल्कि यह सतत कृषि और पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में एक व्यवहारिक प्रयास ईकों क्लब के माध्यम से किया गया। उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व को सम्मान देना है। पर्यावरणीय जागरूकता फैलाना वृक्षारोपण के माध्यम से हरियाली को बढ़ावा देना विद्यार्थियों में प्रकृति और मातृत्व के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करना एक पेड़ माँ के नाम के माध्यम से व्यक्तिगत स्तर पर वृक्षारोपण को प्रेरित करना कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा पारंपरिक वंदना से हुई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बाज़गा अतहर परम्परिक तरीके से मिट्टी के कुल्हड़ और छोटे गमले बनाना का प्रशिक्षण दिया गया। पौधे उगने के बाद रोपण किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी श्री मुकेश कुमार विश्वकर्मा शासकीय महाविद्यालय, मझोली कॉलेज से वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉक्टर भवानी सिंह ठाकुर , प्राणि शास्त्र विभाग से राज भान साहू, रसायन शास्त्र विभाग से नीलेश साहू महाविद्यालय के छात्र छत्रों ने एक पेड़ माँ के नाम लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बैरागी नेपाल में होंगे सम्मानित

**बरेला**। साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट रचना शैली, दोहावली एवं क्षंदावली के लिए प्रख्यात आशु कवि, मोदी चरित्रम के रचनाकार, संस्कार भारती के नगर अध्यक्ष, महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित एवं स्वर्ण पदक प्राप्त शिक्षक पंडित प्रेमदास रामायणी बैरागी दिनांक 11 अगस्त 2025 को नेपाल की राजधानी काठमांडू में होने वाले अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भाग लेने के लिए नेपाल जा रहे हैं। जिसमें विश्व की चुनिंदा 20 साहित्यकार एवं शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। काठमांडू के ग्रीन ले फूड मैं होने वाले अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक कार्यक्रम में बैरागी जी को शिक्षा और साहित्य की असाधारण सेवा के लिए आयोजन समिति द्वारा पशुपतिनाथ काव्य महारथी सम्मान एवं काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा विद्यासागर मानद् सम्मान से अलंकित किया जाएगा।

## रक्तदान शिविर में 103 यूनिट रक्त एकत्र किया

### लफ्ज़ वेलफेयर का आयोजन




**सिहोरा**। लफ्ज़ वेलफेयर के द्वारा स्व.अनिकेत वासुदेव (चीनू) की पुण्य स्मृति आयोजित रक्तदान स्वास्थ्य जांच शिविर मैं करीब 103 रक्त वीरों के द्वारा रक्त दान किया गया। कार्यक्रम मैं अतिथि के तौर पर थाना प्रभारी विपिन सिंह, विनय असाटी, वैभव पांडे, चीकू तिवारी, सारिका साहू, निक्कू पंजाबी, अनिल जैन, पार्षद कल्पना आलोक पांडे, पार्षद अजय बेटू शर्मा, कान्हा तिवारी उपस्थित थे। आयोजन में आयुष्मान हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा समस्त शिविर में पहुंचें लोगों की शुगर बीपी की जांच का गई। सभी रक्तदाता को एक्सिस बैंक द्वारा प्रोत्साहन रूप में सर्टिफिकेट, गिफ्ट प्रदान किए गए। बी.डी.हाई विद्यालय के प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर में विक्टोरिया हॉस्पिटल,सिहोरा हॉस्पिटल की टीम एवं विजय रेस्टोरेंट, रिद्धि-सिद्धि वाटर कैम्पर द्वारा रक्त शिविर में सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लफ्ज़ वेलफेयर के आयूष सेठी, अतुल चनपुरिया, सौरभ शुक्ला, रोहित चौबे, अंकुर जैन, हार्दिक, भास्कर सोनी, सुरेन्द्र, विकास, वरुण, आयुष दुआ, आदित्य रूसिया, मोहित पटेल, शुभम दहायत, श्रेय वासुदेव, प्रशांत, विनोद, अंकेश, गब्बर आदि का सहयोग रहा।

### मानवता के हित में अंगदान अवश्य करें




सिहोरा। नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय अंगदान दिवस के उपलक्ष्य में 3 अगस्त से 3 सितंबर तक अंगदान जन जागरुकता अभियान प्रारंभ किया गया है । समिति द्वारा सभी से इस अभियान में सहभागी होकर मानवता के हित में सहयोग करने की अपील की जाती है।

## अंग दान से बचाई जा सकती है गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों की जानः डॉ. जितेंद्र जामदार

**जबलपुर**। राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर त्रिवेणी हेल्थ केयर ए यूनिट ऑफ जामदार हॉस्पिटल व योगमणि ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंग दान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. जितेन्द्र जामदार ने कहा कि अंगदान शिविर का उद्देश्य लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान के महत्व के बारे में प्रोत्साहित व शिक्षित करना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सके। गुर्दा, हृदय, अग्नाशय, आँखें व फेफड़े जैसे अंगदान करने पर गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों की जान बचाई जा सकती है। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल जैन ने कहा कि अंगदान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति को उसकी सहमति से कानूनी रूप से उसके अंग निकालकर किसी अन्य व्यक्ति में प्रत्यारोपित करने की अनुमति दी जाती है, जहां दाता जीवित या मृत तथा उसका कोई निकट संबंधी हो सकता है। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज जैन ने बताया कि अंग विफलता प्रमुख बीमारियों में से एक रही है और महामारी व अतीत में इससे और भी ज्यादा जानें गई हैं, कई जरूरतमंद मरीज अंग उपलब्ध न होने के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, अंगदान की आपकी एक पहल लोगों की जान बचा सकती है। इस अवसर पर त्रिवेणी हेल्थ केयर की प्रबंध संचालक डॉ. शिरीष जामदार, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद बहराणी, अस्पताल संचालक डॉ. जन्मेजय जामदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अनुश्री जामदार ने किया, मंच संचालन संजय दुल्हानी ने किया। कार्यक्रम में रोटरी कलब जबलपुर साउथ के अध्यक्ष सारंग भिडे, मुक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष विवेक जैन, श्रीधरा फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, जन अभियान परिषद से विवेक मिश्रा व नेत्र ज्योति मिशन से धर्मेन्द्र जैन व अस्पताल प्रबंधन आदि का सहयोग रहा।

### मुम्बई की फिल्मी दुनिया में कर रहे सिहोरा का नाम रोशन

## सोमजी शास्त्री का धारावाहिक देवांचल की प्रेमकथा आज से दूरदर्शन पर



**सिहोरा**। मायानगरी मुम्बई में वैसे तो अनेक कलाकार अपने अभिनय का जलवा दिखाने जाते हैं कुछ हार मानकर वापस लौट आते हैं लेकिन बहुत से ऐसे होते हैं जो अपनी मेहनत,लगन और छमता से अपनी कामयाबी का लोहा मनवाकर ही मानते हैं उन्हीं में से एक है निकटवर्ती छोटे से गांव पोंडा से निकले अभिनेता सोमजी आर शास्त्री जो करीब 20 वर्षों से मुम्बई में रहकर सैकड़ों धारावाहिकों का निर्माण कर दूरदर्शन सहित अन्य टीवी चैनल में प्रसारित कर चुके हैं उनके अधिकांश धारावाहिक तो ऐसे थे जिनसे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया है और बच्चों महिलाओं युवतियों की पहली पसंद भी बनें।

### दूरदर्शन पर प्रसारित होगा धारावाहिक

प्रोड्यूसर कल्ट डिजीटल राइटर डायरेक्टर सोमजी आर शास्त्री का मल्टी स्टारर मेघा टीवी सीरियल आज 4 अगस्त से देवांचल की प्रेमकथा के नाम से दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर एक नया धारावाहिक प्रसारित होने जा रहा है जो प्रतिदिन रात्रि 9 बजे और अगले दिन पुनः प्रसारण 11.30 बजे सोमवार से शुक्रवार तक प्रसारित होगा। इस धारावाहिक में इतिहास की एक अद्भुत अद्वितीय प्रेम-कहानी जिसमें जीवन के सभी रंग समाहित है मानवीय संवेदनाओं से भरपूर एकांकी होते जा रहे रिश्तों के खिलाफ दो दिव्यांग प्रेमियों की इस मार्मिक गाथा में प्रेम, विरह, मिलन, बिछोह त्याग और समर्पण के अलावा हिमाचल की संस्कृति और देव भूमि के संस्कारों से सुसज्जित अनोखी प्रेमकथा है।

### सिहोरा के नवयुवक भी आयें फिल्मों में

उन्होंने बताया कि वे भले ही मुम्बई मे रहते है लेकिन उनका दिल हमेशा सिहोरा के लिए धड़कता है वे लगातार कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ रहे लेकिन मायानगरी की फिल्मी चकाचौंध के बीच वे कभी भी न तो अपने गांव को भूलते हैं और न यहां को लोगों को वे हमेशा चाहते हैं कि यहां के नवयुवक भी आकर फिल्मी दुनिया, धारावाहिक में अपना भाग्य आजमायें और इस शहर का नाम रोशन करें जहां उनके मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी वो उसमें भी उनका पूरा सहयोग करेंगे।

## गोल्ड एप्रिसल कार्यशाला और अभा स्वर्णकार संघ का अधिवेशन संपन्न

**जबलपुर**। सन 1963 में स्वर्ण नियंत्रण कानून लागू होने के पश्चात देश के कारीगरों व छोटे एवं मध्यम कारोबारियों के हितों के लिए कार्यरत अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ (3545) नई दिल्ली पूरे देश की एकमात्र संस्था का गोल्ड एप्रिसल कार्यशाला एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक सन पार्क पैलेश निरंजनपुर सहारनपुर रोड देहरादूर उत्तराखंड में 26 एवं 27 जुलाई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मुख्य आतिथ्य एवं संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान पंजाब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भी हिस्सा लिया।

### देवताल क्षेत्र में एडवेंचर और अध्यात्मिक टूरिज्म को दी जाएगी नई पहचान : मंत्री राकेश सिंह

## जबलपुर को मिलेगा नया प्राकृतिक पर्यटन सर्किट

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर की पुण्यभूमि को एक नया प्राकृतिक उपहार मिलने जा रहा है। शहर के दक्षिणी हिस्से में स्थित देवताल क्षेत्र को अब ट्रेकिंग, एडवेंचर और अध्यात्मिक टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा। यह घोषणा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने देवताल क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान की। उन्होंने कहा कि देवताल, ठाकुरताल और संग्राम सागर को जोड़ते हुए एक प्राकृतिक पर्यटन सर्किट तैयार किया जाएगा, जिससे जबलपुर न केवल धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बल्कि इको टूरिज्म के रूप में भी प्रदेश में अग्रणी बन सकेगा। देवताल क्षेत्र में महाराजताल, कोलाताल और देवताल नामक तीन तालाब स्थित हैं, जो पहाड़ियों से घिरे हुए हैं और प्राकृतिक झरनों से परिपूर्ण हैं। श्री सिंह ने बताया कि यह क्षेत्र लगभग 200 दुर्लभ प्रजातियों के पक्षियों और औषधीय पौधों का आश्रय स्थल है। उन्होंने यह भी बताया कि अतीत में यह स्थान संत-महात्माओं की साधना स्थली रहा है और अब इसे फिर से अध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनाया जाएगा।

### औषधीय झरने का होगा जीर्णोद्धार

मंत्री श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान एक प्राचीन औषधीय झरने का भी जायजा लिया, जिसके पानी में पेट संबंधी रोगों को दूर करने की क्षमता मानी जाती थी। वर्तमान में यह झरना गंदगी और उपेक्षा के कारण निष्क्रिय है, लेकिन अब इसे स्वच्छ कर पुनर्जीवित किया जाएगा ताकि आमजन को फिर से इसका लाभ मिल सके।

### गतका चैंपियनशिप में युवाओं का किया उत्साहवर्धन

मंत्री श्री सिंह ने रविवार को प्रेमनगर गुरुद्वारा में आयोजित "डिस्ट्रिक्ट गतका चैंपियनशिप" में पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट गतका की रोमांचक प्रस्तुतियां देखीं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं में आत्मरक्षा कला के प्रति जागरूकता को सराहनीय बताया और कहा कि भारतीय परंपराएं हमें आत्मबल और आत्मगौरव का बोध कराती हैं।



**श्री रामकुमार गुप्ता सोनी**- पोंडा सिहोरा तहसील निवासी श्री रामकुमार गुप्ता सोनी का दुखद निधन हो गया। वो मझौली जनपद उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता के अग्रज और मनीष सतीश और जैकी गुप्ता के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को पोंडा में संपन्न होगी।

**श्री संजय भाटिया**- मदनमहल राम मंदिर के पास निवासी श्री संजय भाटिया (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश रघुवंशी**- नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री ओम प्रकाश रघुवंशी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता समन**- सर्वोदय स्कूल के पीछे विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री देवा समन की धर्मपत्नी श्रीमती ममता समन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद सराफ**- स्टार सिटी फेस 4 करमेता कटंगी रोड निवासी श्री विनोद सराफ (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विद्या रॉय**- पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री उमा शंकर रॉय की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या रॉय (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद बरकड़े**- शिवराज चौहान नगर ललपुर रोड निवासी श्री जगदीश प्रसाद बरकड़े (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश कोरी**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री महेश कोरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर




श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमलेश ठाकुर**- नेपियर टाउन भैंसासुर रोड निवासी श्री रतन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती विमलेश ठाकुर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश कुमार**- बेलबाग थाने के पास पुलिस क्वाटर्स निवासी श्री सुरेश कुमार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में विगत दिवस किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई**- संजय गांधी नगर कैंट निवासी श्री आनंदी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भगवती राजपूत**- धोबीघाट वाटर वर्क्स रोड भोंगा द्वार निवासी श्री भागीरथ राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती भवगती राजपूत (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बिदामी देवी**- दीवानबाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री झगरू की धर्मपत्नी श्रीमती बिदामी देवी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री टीकाराम अहिरवार**- गली नं. 5 पोलीपाथर आकाश गंगा के पीछे निवासी श्री टीकाराम अहिरवार (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अशोक रैदास**- पोलीपाथर अम्बेडकर नगर गली नं. 5 निवासी श्री अशोक रैदास (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### पीएनबी का 30 लाख करोड़ कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) चालू वित्त वर्ष के अंत तक 30 लाख करोड़ रुपए के कुल कारोबार के ऐतिहासिक आंकड़े को छूने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने यह उम्मीद जताई। लक्ष्य को हासिल करने के लिए सही रणनीति है।

### बीएसएनएल-नुमालीगढ़ रिफाइनरी में समझौता


**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने रिफाइनरी क्षेत्र में 5जी निजी नेटवर्क की तैनाती के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। तत्वावधान में आयोजित 'सीपीएसई के लिए उद्योग 4.0 कार्यशाला' के दौरान दोनों कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज की बुकिंग लक्ष्य की ओर




**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज़ के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि आवास की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है, और कंपनी चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए 32,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के लक्ष्य को पूरा करने या उससे भी अधिक की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवास बाजार में जो उत्साह देखा गया था।

### पीसी ज्वैलर ने 335 करोड़ का कम किया कर्ज




**नई दिल्ली।** पीसी ज्वैलर लिमिटेड का शुद्ध कर्ज पिछले चार महीनों में 19 प्रतिशत या 335 करोड़ रुपए घटकर 1,445 करोड़ रुपए रह गया है। पीसी ज्वैलर के प्रबंध निदेशक बलराम गर्ग ने बताया कि बिक्री बढ़ने से कर्ज कम करने में मदद मिली और चालू वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी कर्ज मुक्त हो जाएगी।

### निप्पॉन इंडिया ने लेह में रखा कदम

**लेह।** निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए लेह में एक शाखा खोली है और अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रही है। सीईओ संदीप सिक्का ने यह जानकारी दी। इस क्षेत्र का वित्तीय परिदृश्य अपेक्षाकृत अविकसित है, और विविध निवेश उत्पादों तक पहुंच सीमित है।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड का पूर्व फंड प्रबंधक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि उसने एक्सिस म्यूचुअल फंड के शेयर सौदों में 'फ्रंट-रनिंग' कर निवेशकों को धोखा देने के आरोप में इसके पूर्व फंड प्रबंधन विरजेश जोशी को धन-शोधन रोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने बताया कि विशेष धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने जोशी को आठ अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। जोशी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था।

# ब्याज दरें, तिमाही नतीजे और शुल्क नीति तय करेंगे इस हफ्ते बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले, कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों और शुल्क संबंधी खबरों पर नजर रखेगा। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और वैश्विक इक्विटी बाजारों के रुझान भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, 'घरेलू स्तर पर, सभी की निगाहें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बैठक पर होंगी, जहां मुद्रास्फीति, नकदी और वृद्धि को लेकर केंद्रीय बैंक की टिप्पणियों पर गहरी नजर रहेगी। आय के मोर्चे पर भारती एयरटेल, डीएलएफ, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजे आने हैं। अन्य महत्वपूर्ण कारकों में एचएसबीसी सेवा और समग्र पीएमआई की घोषणा, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापार वार्ता पर अमेरिकी रुख शामिल हैं। ये सभी निकट भविष्य में बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं।

### भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर होगी बैठक

#### विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने निराशा को बढ़ाया

व्यापार संबंधी चिंताओं और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने पिछले सप्ताह बाजारों में निराशा को और बढ़ा दिया। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, 'वैश्विक और घरेलू कारकों से बढ़ी अस्थिरता के बीच छह अगस्त को होने वाली आरबीआई की नीतिगत बैठक एक महत्वपूर्ण घटना होगी।' उन्होंने कहा कि इस बीच अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, ट्रेंट, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स सहित कई प्रमुख कंपनियों के नतीजे आने वाले हैं, जिससे शेयर-विशिष्ट गतिविधियों में तेजी आ सकती है।



#### जुर्माना लगाने का फैसला अप्रत्याशित

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस के साथ ऊर्जा एवं रक्षा के व्यापार के कारण जुर्माना लगाने का फैसला अप्रत्याशित था। इसने अल्पावधि में बाजार की धारणा को प्रभावित किया है।

#### शेयर बाजारों के मजबूत बने रहने की उम्मीद

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिकी शुल्क लागू होने, अब तक मिले-जुले नतीजों और एफआईआई की बढ़ती निकासी के बीच भारतीय शेयर बाजारों के मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

## भारत का आयात बिल 9-11 अरब डॉलर बढ़ने की संभावना

# भारत को रूसी तेल खरीदना पड़ेगा अब महंगा अमेरिकी पाबंदियों से बढ़ सकता है आयात बिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाने की अमेरिकी धमकियों से बचने के लिए भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात बंद करता है, तो देश का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया।

### जुर्माने की राशि घोषित नहीं

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद पश्चिमी देशों ने मास्को पर प्रतिबंध लगाए थे। इसके बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद अब हालात बदल गए हैं। अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क की अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन जुर्माने की राशि अभी तक घोषित नहीं की गई है। वैश्विक विश्लेषक केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रिटोलिया ने इसे ''दोतरफा दबाव'' करार दिया।

### भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर हासिल किया लाभ



#### रूसी तेल व्यापार के आधारभूत ढांचे को प्रभावित करेगा

*एक ओर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध भारतीय रिफाइनरियों को प्रभावित करेंगे, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शुल्क का खतरा भारत के रूसी तेल व्यापार के आधारभूत ढांचे को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा, ' ये सभी उपाय मिलकर भारत के कच्चे तेल की खरीद के लचीलेपन को कम करते हैं, अनुपालन जोखिम बढ़ाते हैं और लागत में भारी अनिश्चितता पैदा करते हैं।' केप्लर के आंकड़े जुलाई में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय गिरावट दर्शाते हैं (जून में 21 लाख बैरल प्रतिदिन की तुलना में 18 लाख बैरल प्रतिदिन)। हालांकि यह कमी कुछ हद तक नियमित रिफाइनरी रखरखाव और कमजोर मानसून प्रेरित मांग के चलते भी हो सकती है। यह गिरावट सरकारी रिफाइनरों के बीच ज्यादा स्पष्ट है। निजी रिफाइनरी भी खरीद में विविधता ला रही हैं।*

### कपड़ा मंत्रालय करेगा उद्योग जगत के शीर्ष लोगों से मुलाकात



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह अगले सप्ताह उद्योग जगत के हितधारकों से मुलाकात करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के संभावित असर पर विचार-विमर्श करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कपड़ा और परिधान निर्यात के लिए अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है, जो इस क्षेत्र से देश के कुल निर्यात का लगभग 25 प्रतिशत है। बैठक में पिछले महीने हस्ताक्षरित ब्रिटेन-भारत एफटीए से भारत के कपड़ा क्षेत्र को होने वाले संभावित लाभ पर भी चर्चा होगा।सरकार और उद्योग 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के कपड़ा निर्यात लक्ष्य को हासिल करने और अमेरिकी शुल्क घोषणा के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी घोषणा के मद्देनजर घरेलू कपड़ा निर्यातकों को समर्थन देने के लिए किसी भी उपाय पर चर्चा करना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन सरकार इस समय उद्योग जगत की प्रतिक्रिया जानना चाहती है और ब्रिटेन-भारत एफटीए तथा अन्य अप्रयुक्त क्षमता वाले बाजारों के संदर्भ में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, 'हम उद्योग जगत के साथ लगातार संपर्क में हैं। मंत्री ने एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। हम विभिन्न पक्षों, भारत की प्रमुख परिधान निर्यात कंपनियों से बात करेंगे। ब्रिटेन-भारत एफटीए से कपड़ा क्षेत्र के लिए तैयार होने वाले अवसरों पर भी चर्चा होगी।'

# सात शीर्ष कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 1.35 लाख करोड़ रुपए घटा

- टीसीएस को लगा सबसे ज्यादा झटका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 1.35 लाख करोड़ रुपए घट गया।

इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 863.1


**रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन बढ़ा :** इस दौरान टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में संयुक्त रूप से 1,35,349.93 करोड़ रुपए की गिरावट आई।

दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर का संयुक्त मूल्यांकन बढ़ा। इन तीनों कंपनियों ने कुल मिलाकर 39,989.72 करोड़ रुपए जोड़े।

### एयरटेल का बाजार पूंजीकरण घटा

टीसीएस का मूल्यांकन 47,487.4 करोड़ रुपए घटकर 10,86,547.86 करोड़ रुपए रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 29,936.06 करोड़ रुपए घटकर 10,74,903.87 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 32,013.18 करोड़ रुपए बढ़कर 5,99,462.97 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

# आईएचसीएल पूर्वोत्तर में खोलेगा नई होटल



- पूर्वोत्तर में कुल 1,348 कमरों वाले 15 होटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा समूह की आतिथ्य सेवा इकाई इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) वृद्धि के लिए पूर्वोत्तर में नई संपत्तियों के विकास पर जोर दे रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत चटवाल ने यह जानकारी दी।

**काजीरंगा में नई होटल बनाने की योजना :** उन्होंने कहा, ''दो संपत्तियों का उन्नयन भी किया जा रहा है, एक गुवाहाटी स्थित मौजूदा विवांता है, जिसे ताज में बदला जाएगा। हम उस संपत्ति का विस्तार कई कमरों, बैंक्वेट हॉल आदि के साथ करेंगे।

हम काजीरंगा (असम) में एक और होटल बनाएंगे।' चटवाल ने यह भी दोहराया कि आईएचसीएल ने पुर्वोत्तर में अपनी पहली 'ताज पैलेस' संपत्ति के लिए त्रिपुरा के अगरतला स्थित 'ताज पुष्पबंता पैलेस' के साथ समझौता किया है।

### पूर्वोत्तर के विकास की महत्वाकांक्षा

कंपनी के पास पूर्वोत्तर में कुल 1,348 कमरों वाले 15 होटल हैं। इसके अलावा कुल 634 कमरों वाले छह होटल बन रहे हैं। चटवाल ने बताया कि पूर्व और पूर्वोत्तर में संपत्तियों का विकास एक रणनीतिक पहल का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, 'जैसे 50 साल पहले गोवा था, 30 साल पहले केरल था। हाल ही में, आपने लक्षद्वीप के बारे में सुना होगा। अब पूर्वोत्तर है। पूर्वोत्तर के विकास की भारत की महत्वाकांक्षा के अनुरुप है। एक टाटा समूह की कंपनी के रूप में यह हमारा योगदान है।' पूर्वोत्तर में शुरू की जा रही कुछ नई परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, 'आईएचसीएल ने असम में जगीरोड जैसी परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जो टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के आगामी कारखाने के सामने है।'

### कल्याण ज्वैलर्स खोलेगा 170 स्टोर ...



**मुंबई।** आभूषण खुदरा विक्रेता कल्याण ज्वैलर्स चालू वित्त वर्ष में घरेलू और विदेशी बाजारों में फ्रैंचाइजी मॉडल से 170 स्टोर खोलने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे ऋण देनदारियों को कम करने में मदद मिलेगी।शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक 30 जून, 2025 तक भारत और पश्चिम एशिया में कल्याण ज्वैलर्स के कुल 406 शोरूम थे (कल्याण इंडिया - 287, कल्याण पश्चिम एशिया - 36, कल्याण अमेरिका - 2)। इसमें कैंडेरे के 81 शोरूम भी शामिल हैं। कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरमन ने बताया, 'हम 2025-26 में 170 शोरूम खोलने की योजना बना रहे हैं, जिनमें से 90 कल्याण में होंगे और इनमें से सात विदेशी - ब्रिटेन, अमेरिका और पश्चिम एशिया में होंगे। हम अपने लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड कैंडेरे के तहत 80 स्टोर खोलने पर भी विचार कर रहे हैं।'

# डेकाथलॉन इंडिया का एक अरब डॉलर की बिक्री का टारगेट

- डेकाथलॉन के 55 शहरों में 132 स्टोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फ्रांस की खेल सामग्री बेचने वाली कंपनी डेकाथलॉन अगले पांच वर्षों में भारतीय खेल बाजार में लगभग एक अरब डॉलर की बिक्री तक पहुंचने की योजना बना रहा है। कंपनी के भारत स्थित मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंकर चटर्जी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि खुदरा चैनलों और उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार तथा देश में बढ़ती खेल संस्कृति के चलते कंपनी को तेज वृद्धि की उम्मीद है।




**खुदरा कारोबार विस्तार करने की योजना :** डेकाथलॉन इस समय भारत के 55 शहरों में 132 स्टोर संचालित करती है।

*8 हजार करोड़ रुपए राजस्व हासिल करने की उम्मीद : यह पूछने पर कि क्या डेकाथलॉन स्पोर्ट्स इंडिया अगले चार से पांच वर्षों में अरबों डॉलर की कंपनी बनने का इरादा रखती है, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा, 'यही हमारा लक्ष्य है।' उन्होंने कहा, 'अगले पांच वर्षों में हम 8,000 करोड़ रुपए से थोड़ा अधिक राजस्व हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं।'*


# अमेरिकी शुल्कः निर्यातकों ने सरकार से की किफायती दरों पर ऋण की मांग

- निर्यातकों ने की उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन जैसी योजनाओं की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग अधिकारियों ने बताया कि खाद्य, समुद्री और कपड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों ने 25 प्रतिशत ट्रम्प शुल्क से निपटने के लिए सरकार से वित्तीय सहायता और किफायती ऋण की मांग की है।

उन्होंने बताया कि मुंबई में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में कुछ निर्यातकों ने उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं की मांग की। एक अधिकारी ने कहा,



निर्यातकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित उच्च शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में आने वाली समस्याओं पर अपनी राय रखी। उन्होंने आगे बताया कि मंत्री ने सुझाव दिया है कि निर्यातक समुदाय अपने सुझाव लिखित रूप में भेजें।

### 7 अगस्त लागू होगा शुल्क

*इस सप्ताह घोषित 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त (भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे) से लागू होगा। यह शुल्क अमेरिका में मौजूदा मानक आयात शुल्क के अतिरिक्त होगा। इस उच्च कर का खामियाजा जिन क्षेत्रों को भुगतना पड़ेगा, उनमें कपड़ा/वस्त्र (10.3 अरब डॉलर), रत्न एवं आभूषण (12 अरब डॉलर), झींगा (2.24 अरब डॉलर), चमड़ा एवं जूते-चप्पल (1.18 अरब डॉलर), रसायन (2.34 अरब डॉलर), और विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी (लगभग नौ अरब डॉलर) शामिल हैं।*

# भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल, ट्रंप का बयान गलत : भानुमूर्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल है और पिछले तीन साल से सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' बताना 'बिल्कुल गलत' है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक एनआर भानुमूर्ति ने रविवार को यह कहा।

### भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू कारकों पर आधारित

उन्होंने बताया कि दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के उलट, भारतीय अर्थव्यवस्था काफी हद तक घरेलू कारकों पर आधारित है। विशाल घरेलू बाजार और बढ़ते डिजिटल बाजार के साथ, अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के कारण वृद्धि के मोर्चे पर जोखिम सीमित है। उल्लेखनीय है कि भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस के साथ व्यापार करने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'मुझे परवाह नहीं है



- ट्रंप का भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' बताना सही नहीं

कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपनी 'मृत अर्थव्यवस्थाओं' को एक साथ कैसे नीचे ले जा सकते हैं।'

### भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था

भानुमूर्ति ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान बिल्कुल गलत है। अगर वैश्विक अर्थव्यवस्था को देखें, तो भारत निश्चित रूप से संकटग्रस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक 'आकर्षक स्थल' है। पिछले तीन वर्षों से भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी मुद्रास्फीति दर तीन प्रतिशत से भी कम है। अन्य सभी मानदंड जैसे चालू खाता घाटा (कैड), सार्वजनिक ऋण, विदेशी मुद्रा भंडार, सभी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत दे रहे हैं।

### खुदरा मुद्रास्फीति घटकर निचले स्तर पर

उन्होंने कहा, 'अत्यधिक गरीबी लगभग समाप्त हो जाने के साथ, हम जल्द ही चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। इसी तरह, आप जिस भी आर्थिक मानदंड पर नजर डालें, भारत कमजोर स्थिति में नहीं नजर आता है।' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत रही। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर (चार प्रतिशत) से कम है। वहीं चालू खाते का घाटा बीते वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी का 0.6 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार, 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.70 अरब डॉलर बढ़कर 698.19 अरब डॉलर पहुंच गया।

## चीन के निर्यात प्रतिबंध के चलते आपूर्ति में आई बाधा

# दुर्लभ मेटल्स की चुनौती से भिड़ेगी महिंद्रा इंजीनियरिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा अगले नौ महीनों के लिए वैकल्पिक साधनों के जरिए दुर्लभ मृदा चुंबकों की आपूर्ति की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बढ़ते उत्पाद पोर्टफोलियो के बीच कच्चे माल की कमी से निपटने के लिए वह 'इंजीनियरिंग प्रयास' करेगी।

### वैकल्पिक स्रोतों के के लिए कदम उठाए

चीन के प्रमुख दुर्लभ मृदा चुंबकों पर निर्यात प्रतिबंध लगाने के चलते आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं आई हैं, जिसका असर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों सहित उपयोगकर्ता उद्योगों पर पड़ा है। चुंबक वाहन, घरेलू उपकरण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में आवश्यक घटक हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी अमरज्योति बरुआ ने कहा, 'हमने जो भी कदम उठाए हैं, उनके आधार पर वित्त वर्ष 2025-26 का इंतजाम तो मोटे तौर पर है। अब हमें कुछ मध्यम और दीर्घकालिक कदमों पर काम करना होगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी ने समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक स्रोतों के माध्यम से भंडार बनाने के लिए कदम उठाए हैं।

### स्वदेशी समाधान की ओर कदम



### ज्यादा इंजीनियरिंग प्रयासों की जरूरत

बरुआ ने कहा, 'अब तक हमारे लिए सब कुछ ठीक रहा है और हमें अगले नौ महीनों में कोई बड़ा जोखिम नजर नहीं आ रहा है।' उन्होंने कहा, 'हमारी वृद्धि योजनाओं को देखते हुए, हमें अपनी सामान्य गतिविधियों से कहीं ज्यादा बड़े कदम उठाने के बारे में सोचना होगा, और इसके लिए काफी ज्यादा इंजीनियरिंग प्रयासों की जरूरत होगी।' बरुआ ने कहा कि कंपनी के इंजीनियर समाधान निकालने के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रहे हैं। पिछले सप्ताह, मारुति सुजुकी ने कहा कि उसके इंजीनियर दुर्लभ पृथ्वी चुंबक की कमी की समस्या को कम करने के लिए काम कर रहे हैं।

चिंतन

# सियासी लाभ के लिए चुनाव आयोग को बदनाम न करें

स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं किसी भी मजबूत लोकतंत्र की नींव होती हैं। लोकतंत्र तभी जिंदा रह सकता है जब ये संस्थाएं निष्पक्ष और पूर्ण आजादी से फैसले लें। यही कारण था कि हमारे संविधान में देश की संस्थाओं को आजाद रखने के लिए अनेक प्रावधान किए गए बल्कि अधिकार भी दिए गए। ऐसी ही एक संस्था है चुनाव आयोग। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। इसे चुनाव आयोग ने बाखूबी निभाया भी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, 16 राष्ट्रपति चुनाव, 16 उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 राष्ट्रीय चुनाव को सफलतापूर्वक करवाना सामान्य बात नहीं है, लेकिन बीते कुछ दिनों से आयोग को ही कठघरे में खड़ा करने के प्रयास हो रहे हैं, उसकी निष्पक्षता पर उंगली उठाई जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। वे लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं। यहां तक कि वे आयोग के अधिकारियों को चेतावनी देने से भी नहीं चूक रहे। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने को उसके समक्ष उपस्थित नहीं हुए। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे संवैधानिक संस्था को बदनाम करने पर ही आमादा हैं। राहुल गांधी के साथ-साथ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तपस्वी यादव भी चुनाव आयोग को निशाने पर ले रहे हैं। वे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के सत्यापन से नाराज हैं। जबकि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा आयोग की इस कार्रवाई के खिलाफ तरह-तरह से भ्रामक और गलत प्रचार किया जा रहा है। यह ठीक है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी फर्जी पोस्ट एवं वीडियो को खोज-खोज कर उन्हें गलत बता रहा है और इसी के साथ सच्चाई भी बयान कर रहा है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग को ऐसे भ्रामक वीडियो एवं पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। यदि इस तरह की फर्जी न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शरारती तत्वों का दुस्साहस ही बढ़ेगा। अब तपस्वी यादव को ही लें, उन्होंने पत्रकारवार्ता करके ऐलान कर दिया कि मतदाता सूची से उनका और उनकी पत्नी का नाम काट दिया गया है। हद तो तब हो गई जब तेजस्वी ने अपने वोटर कार्ड का नंबर भी बता दिया। इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग ने न केवल इसका खंडन किया बल्कि अब उन्हें नोटिस भेजा है। इसमें पूछा गया है कि उनके पास वोटर कार्ड के दो ईपिक नंबर कैसे आए। बिहार की दीघा विधानसभा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि आपके द्वारा ईपिक संख्या आएएबी 2916120 दिखाया गया, जो आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। इससे बिलकुल साफ है कि उनका इरादा केवल चुनाव आयोग को बदनाम करने का है, जो कतई लोकतंत्र के हित में नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को चाहे वो सत्ता में हो या विपक्ष में, हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी संवैधानिक संस्थाओं पर कोई आंच न आए। अगर ये स्वतंत्र नहीं रह पाईं तो लोकतंत्र भी नहीं रह पाएगा।



सियासत
राजकुमार सिंह

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक है। लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

# विपक्षी एकता पर भारी कांग्रेस-आप टकराव

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। वर्ष 2023 के मध्य में बने दो दर्जन विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जदयू और जयंत चौधरी के रालोद की विदाई पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले ही हो गयी थी। जाहिर है, उस अलगाव के दलगत टकराव के अलावा भी कुछ कारण रहे होंगे, लेकिन हाल में आप के 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के पीछे तो उसका कांग्रेस से टकराव ही एकमात्र कारण है। बेशक पहले दिल्ली और फिर पंजाब की सत्ता छीनने वाली आप से कांग्रेस का दलीय हितों का टकराव अस्वाभाविक नहीं, पर यह तो 'इंडिया' गठबंधन में उनके साथ आने से पहले भी सबको पता था।

दिल्ली पर लगातार 15 साल राज करने वाली कांग्रेस अगर वहां विधानसभा में शून्य हो गयी तो उसमें सबसे अहम भूमिका आप की ही रही। गुजरात और गोवा में भी आप की चुनावी मौजूदगी ने कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बावजूद 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले ये दोनों दल साथ आये तो इसलिए कि भाजपानीत राजग को विपक्षी एकता बिना चुनौती दे पाना संभव नहीं। तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन किसी हद तक वह लक्ष्य हासिल भी कर पाया, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर 303 सीटें जीतने वाली भाजपा 2024 में 240 सीटों पर रुक गयी और सरकार के लिए राजग के अपने सहयोगियों पर उसकी निर्भरता बढ़ गयी। निश्चय ही गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को हुआ, जो क्रमशः 52 से 99 और पांच से 37 सीटों पर पहुंच गयीं। ध्यान रहे कि कांग्रेस और आप, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और चंडीगढ़ में तो लोकसभा चुनाव मिलकर लड़े, लेकिन पंजाब में एक-दूसरे के विरुद्ध। पंजाब में आप प्रचंड बहुमत से सत्तारूढ़ दल है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल। ऐसे में मिलकर चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में तो भ्रम की स्थिति बनती ही, दोनों दलों की साख पर भी सवालिया निशान लग जाता। वैसे दिल्ली में दोनों मिलकर भी भाजपा को फिर सभी सात सीटें जीतने से नहीं रोक पाये। हां, हरियाणा में कांग्रेस 10 में से पांच सीटें जीतने में सफल हो गयी। चंडीगढ़ से भी कांग्रेस के मनीष तिवारी जीते।

कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का आप को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, लेकिन दोनों के बीच तल्खियां बढ़ीं चंद महीने बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव से। कांग्रेस-आप में सीटों के बंटवारे पर बातचीत तो हुई, पर सिरे नहीं चढ़ पायी। नतीजतन आप ने 90 में 88 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। आप को तो दो प्रतिशत मत भी नहीं मिल पाये, लेकिन सत्ता की दौड़ में भाजपा से कांग्रेस एक प्रतिशत से भी कम मतों से पिछड़ गयी। आश्चर्य नहीं कि उस नतीजे से कांग्रेस और आप के बीच बढ़ीं तल्खियां दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के विरुद्ध मोर्चेबंदी तक पहुंच गयीं। पिछले विधानसभा चुनाव में भी खाता खोलने में नाकाम रही। कांग्रेस ने इस बार जो चुनावी मोर्चाबंदी की, वह भाजपा के बजाय आप के विरुद्ध ज्यादा नजर आयी। दोनों के



बीच कटुता इतनी बढ़ी कि आप ने कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर निकालने की मांग तक कर डाली। आप से हिसाब चुकता करने का कांग्रेस का दांव कारगर रहा और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हो गयी। मत प्रतिशत और सीटों का गणित संकेत देता है कि अगर कांग्रेस-आप मिलकर लड़े होते तो शायद भाजपा की सत्ता में वापसी इतनी आसान नहीं होती। अरविंद केजरीवाल की आप ने जिस दिल्ली से सत्ता का सफर शुरू करते हुए सबसे कम समय में राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल किया, वहीं वह सत्ता से पैदल हो गयी। ऐसे में आप के पास भावी चुनावी राजनीति में गंवाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है, जबकि वह गुजरात, गोवा समेत कई राज्यों में कांग्रेस का चुनावी गणित बिगाड़ सकती है। हालांकि आप सांसद संजय सिंह द्वारा 'इंडिया' गठबंधन की कार्यशैली पर उठाये गये सवाल अपनी जगह जायज हैं, लेकिन अलगाव की असली वजह कांग्रेस से कटुता निर्णायक मोड़ पर पहुंच जाना ही है। आप सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी संसदीय मुद्दों पर टीएमसी और डीएमके जैसे विपक्षी दलों के साथ समन्वय बनाए रखेगी और उनका समर्थन करेगी, जैसा कि ये दल आप का समर्थन करते हैं। निश्चय ही आप की उपस्थिति उन राज्यों में भाजपा की मददगार साबित होगी, जहां उसका कांग्रेस से सीधा मुकाबला रहा है। दरअसल भाजपा या उसकी अगुवाई वाले गठबंधन राजग के विरुद्ध जितने ज्यादा दल चुनाव मैदान में होंगे, विरोधी मत उतने ही ज्यादा बंट जायेंगे। भाजपा विरोधी मतों के इस बिखराव से बचने के लिए ही विपक्षी गठबंधन की कवायद हुई थी, लेकिन दो साल में ही गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही है।

बेशक गठबंधन की सफलता सभी घटकों के सहयोग, समन्वय और समझदारी पर निर्भर करती है, लेकिन सबसे बड़े दल के नाते इसमें कांग्रेस की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। याद करिए कि जुलाई, 2023 में बनने के बाद से 'इंडिया' गठबंधन की कितनी बैठकें हुई हैं? संयोजक तो दूर, आज तक सचिवालय या संगठनात्मक ढांचा नहीं बन पाया। दो साल में न तो साझा न्यूनतम कार्यक्रम बना और न ही कभी संयुक्त चुनाव प्रचार नजर आया। हां, संसद में अवश्य कभी-कभी तालमेल दिखा, पर कुछ मुद्दों पर मतभेद भी छिपे नहीं रहे हैं। ऐसे में यह सवाल तो उठेगा ही कि आखिर 'इंडिया' गठबंधन जमीन पर क्यों नहीं उतर पाया? विपक्षी गठबंधन जब जमीन पर ही नजर नहीं आयेगा तो जनता उसके विकल्प बन सकने की क्षमता पर विश्वास कैसे करेगी? विडंबना यह भी है कि कांग्रेस अकसर अपने दलीय हितों के हिसाब से विचार और निर्णय करती नजर आयी है। आप समेत उत्तर भारत के ज्यादातर छोटे दलों ने कांग्रेस के ही परंपरागत जनाधार में सेंधमारी से अपना जनाधार बनाया है। मुद्दे भी कमोवेश समान हैं।

कांग्रेस की दुविधा यह है कि अपने पुनरुत्थान के लिए इन दलों से जनाधार वापस छीनना जरूरी है, जबकि उनसे हाथ मिलाये बिना भाजपा का चुनावी मुकाबला मुश्किल है। इस जटिल राजनीतिक समीकरण में संतुलन पर ही कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का चुनावी भविष्य निर्भर करता है। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। जाहिर है, लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

व्यापार समझौता
विकेश कुमार बडोला



# ट्रंप की आक्रामक नीतियों में उलझे द्विपक्षीय संबंध

अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक नीतियों ने दुनिया में उलझन बढ़ा दी है। पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर भारत के प्रहार के बाद तो ट्रंप भारत के प्रति भी नाटकीय ढंग से अविश्वसनीय, हास्यास्पद तथा अनर्गल वक्तव्य देने लगे हैं। गत सवा दो माह में उन्होंने भारतीय गरिमा को अपने अनेक अप्रत्याशित वक्तव्यों से खंडित किया है। राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी फर्स्ट की अपनी चुनावी नीति को धरातल पर क्रियान्वित करने में उन्हें जो भी कठिनाइयां हो रही हैं, उसकी प्रतिक्रिया वे भारत समेत विश्व के भिन्न-भिन्न देशों को आयात-निर्यात शुल्क बढ़ाने की धमकियां देकर, शुल्क वृद्धि करके कर रहे हैं। पाकिस्तान स्थित अपनी सामरिक अवसंरचनाओं को भारत के प्रहार से हुई अधिक हानि के बाद वे भारतीय प्रधानमंत्री से रुष्ट हैं। जहां नरेंद्र मोदी भारतीय लोकतंत्र की आधिकारिक औपचारिकताओं से बंधकर चुपचाप भारतीय हितों का संरक्षण कर रहे हैं, वहीं ट्रंप भारत के संदर्भ में व्यापारिक समझौतों को भारतीय व्यापार मंत्रियों व प्रतिनिधियों के व्यापार-मंथन के आधार पर नहीं, अपितु नरेंद्र मोदी के साथ आमने-सामने बैठकर चुटकियों में एक संकेत पर अंतिम रूप दे देना चाहते हैं। चूंकि अमेरिकी प्रधान स्वयं में एक व्यापारी हैं, उनके पास अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वर्षों पुराना अनुभव है तथा उस आधार पर उन्हें अमेरिका की ओर से अन्य देशों के साथ होने वाले व्यापारिक समझौतों के अमेरिकी हित में निकलने वाले निष्कर्ष भलीभांति ज्ञात हैं, इसीलिए वे नरेंद्र मोदी से भी अपेक्षा कर रहे हैं कि वे उनके अनुसार समझौते का किंतु-परंतु के बिना यथाशीघ्र निस्तारण कर दें। वे भूल रहे हैं कि इस समय भारत का केंद्रीय शासन एक सुशासन प्रणाली के नियम से बंधा हुआ है। ऐसे शासन के किसी भी कार्य, समझौते अथवा निर्णय में भ्रष्टाचार, अनाधिकृत प्रभाव एवं अधीरता का आचरण नहीं है। ट्रंप अपनी बढ़ती आयु तथा इस भय से कि संभवतः अब तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकेंगे, अमेरिकी फर्स्ट की नीति अंगीकार कर जैसे-तैसे अमेरिका के प्रभाव को बड़ा व विशाल कर देना चाहते हैं। इस आवेश में वे अपने प्रथम कार्यकाल की उन नीतियों को भी भूल चुके हैं, जिनमें उन्होंने इस्लामिक आतंक को कुचलने के लिए व्यापक कार्य किये थे तथा इसी प्रभाव में मोदी की उनसे मैत्री स्थापित हुई थी। वे जैसे-तैसे इस समय की अपनी राजनीतिक इच्छाओं की पूर्ति कर लेना चाहते हैं। उनके साथ का अथवा उनके कार्यालय का कोई भी अन्य पदाधिकारी, यहां तक कि उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भी, अमेरिका की ओर से वक्तव्य देने के लिए स्वतंत्र नहीं है। ट्रंप को अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति के रूप में अपना प्रभाव इतना अधिक व्यापक कर देना है कि वे उस आधार पर रूस-यूक्रेन समेत दुनिया के अन्य देशों के मध्य हुए या होते आ रहे युद्धों को समाप्त करने का महत्ती श्रेय लेना चाहते हैं। इस महत्वाकांक्षा के पूर्ण होने पर उन्हें नोबल पुरस्कार प्राप्त करने की अभिलाषा भी है। इतना सब उनके पक्ष में उनके अनुसार होने के लिए उनके पास राष्ट्रपति के रूप में मात्र दो-ढाई वर्ष का ही समय शेष है। अतः वे भारत के संदर्भ में, मोदी के संबंध में भी अपने चिरपरिचित मैत्रीपूर्ण व्यवहार से विमुख हो चुके हैं। उन्हें किसी भांति, चाहे भारत तथा मोदी को ही रुष्ट क्यों न करना पड़े, अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरी करनी हैं। वे अपनी राजनीतिक एवं व्यापारिक चतुरता दिखाते हुए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि भारत को, विशेषकर उनकी शर्तों पर व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देर करने वाले मोदी को, नीचा दिखाया जाए। इसके लिए उन्होंने भारत-पाक युद्ध को रुकवाने के लिए खुद को पचास से अधिक बार श्रेय दे दिया है। वे रूस के साथ भारत की सामरिक-व्यापारिक मैत्री के लिए भी भारत को अनेक धमकियां दे चुके हैं। चूंकि भारत सुशासन के साथ उभरती हुई एक वैश्विक शक्ति बन रहा है, इसीलिए वह अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते हुए अमेरिकी प्रस्ताव को अस्वीकार करने पर लगा हुआ है। भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताने वाले तथा पाकिस्तान में तेल स्रोत ढूंढ उसे समृद्ध कर एक दिन भारत को भी उससे तेल खरीदने के लिए विवश कर देने वाले, ट्रंप के नवीनतम वक्तव्यों ने अंततः भारत को प्रतिक्रिया के लिए विवश कर ही दिया है। परिणाम में भारत ने अमेरिका के एफ-35 फाइटर जेट्स को खरीदने के बारे में पूर्व के अनेक किंतुओं-परंतुओं के बाद अब अंतिम रूप से उन्हें निकट भविष्य में नहीं खरीदने की घोषणा कर डाली है। इसके प्रत्युत्तर में ट्रंप ने भारत पर एक अगस्त से लागू होने वाले 25 प्रतिशत शुल्क आरोपण नियम को अब आठ अगस्त तक के लिए टाल दिया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन से तय होती है जीवन की सही दिशा



संकलित
दर्शन

अकसर समस्याओं में लोग दूसरों को पुकारते हैं जबकि यदि लोग अपने मन को अंतर्मुख करें, तो समाधान उन्हें अपने में ही मिल जाएगा। बस कुछ समय निकाल कर खुद के अंदर झांकने की जरूरत होती है। कहते हैं कि मन से जीवन की दिशा तय होती है, लेकिन ये बड़ा चंचल होता है। इसे समझना आसान नही है। मन को दुखी न करो : हमेशा उन विचारों को दूर करने की कोशिश करें जो मन को दुख पहुंचाने वाले हैं। उन बातों को भी मन पर बिलकुल हावी न होने दें जो आपके अंदर नकारात्मकता भरती हैं। मन को पकडक़र न बैठो : अकसर मन इधर-उधर भागने लगता है। ऐसे में उसे भागने दो। उसे जबरदस्ती पकडक़र रोकने की कोशिश न करो। इसके बाद इसके पीछे जाओ और इसे वापस ले आओ। वह कहते हैं कि इनसान स्वयं अपने मन को खुश रखने के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में उसे यह दृढ़ संकल्प करना जरूरी है कि चाहे कुछ भी हो जाए, कोई भी व्यक्ति मेरी खुशी नहीं छीन सकता। जीवन को एक सही दिशा देने में मन की विशेष भूमिका होती है। जीवन में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके प्रति बहुत गंभीर रहा जाए। यह हाथों में खेलने के लिए एक गेंद है। इसे पकड़े मत रहो। इंसानी जीवन में इच्छा को कभी भी खुद पर हावी न होने दो। इच्छा हमेशा अकेले मैं शब्द पर लटकती रहती है। ऐसे में जब इंसान मैं का त्याग कर देता है, तब इच्छा भी समाप्त हो जाती है। जीवन को लेकर गहराई से सोचिए। अतीत में बहुत सी समस्याएं आई थीं, जो आज नहीं हैं। वे आईं और चली गईं।

## ऊर्जा के नाश को रोकता है माथे का तिलक



संकलित
प्रेरणा

भारतीय संस्कृति में तिलक धारण करने का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल में तीर्थों की पवित्र मिट्टी (शुचितम मृत्तिका) तिलक के रूप में माथे पर लगाई जाती थी। धीरे-धीरे इस मृत्तिका का स्थान चंदन, गोपीचंदन, कुमकुम, भस्म या केसर ने ले लिया। तिलक धारण करने के इन सभी रूपों का उद्देश्य केवल बाह्य सज्जा नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना का जागरण है। विज्ञान की दृष्टि से देखें तो तिलक या टीका लगाने से मस्तिष्क के अग्र भाग में स्थित तंत्रिकाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे तनाव कम होता है और मन एकाग्र होता है। तिलक का स्थान मस्तक के उस भाग पर होता है, जिसे 'आज्ञा चक्र' कहा जाता है। यह स्थान निर्णय क्षमता, स्मृति और विवेक का केंद्र होता है। जब इस स्थान पर चंदन या भस्म लगाया जाता है, तो वह मानसिक शीतलता, आत्म-संयम और आस्था का संचार करता है। इसे इस तरह से भी समझा जा सकता है कि मनुष्य की दोनों भृकुटियों के मध्य में मुख्य महत्त्वपूर्ण नर्व पॉइंट होता है। तिलक उस जगह लगाने से एकाग्रता रखने में मदद मिलती है। तिलक का व्यवहार ब्राह्मणों या सनातन भारतीय समाज के अन्य वर्गों तक ही सीमित नहीं रहा है। क्षत्रिय राजा के जीवन में तिलक धारण करने को विशेष महत्व दिया जाता था। भगवान श्री रामचंद्र चंदन का तिलक लगाया करते थे। आज भी आप किसी देवालय में जाएं तो पंडित सर्वप्रथम आपके माथे पर तिलक ही लगाएगा।

सटाका




आज की पाती

### सेजबहार का हाल-बेहाल

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी का हाल-बेहाल है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने मकान बेचकर इतिश्री कर ली। अब सफाई के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे। अफसर मस्त हैं। जवाबदारी लेने को कोई तैयार नहीं। रजिस्टर में शिकायतें लिखकर कर्मचारी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। दो महीने बीतने के बाद भी शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है। रात में अंधेरे से भी कालोनीवासी परेशान हैं। स्ट्रीट लाइट महीने में कुछ दिन ही जलती है। जलकर और मेंटनेंस का पैसा लेकर हाउसिंग लोगों को सुविधाएं देने में असफल है।

*-शाहीन बेगम, रायपुर*

करंट अफेयर

## विचारधारा से आमदनी तक कश्मीर में नया सोशल मीडिया खेल

सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर घाटी में कुछ युवाओं के बीच अलगाववादियों और आतंकवादियों का महिमामंडन करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने के एक नये चलन का खुलासा किया है। इसके पीछे का कारण वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि फॉलोवर बढ़ाने और विज्ञापनदाताओं से धन कमाने की एक सोची-समझी रणनीति है। श्रीनगर पुलिस कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए सोशल मीडिया साइट पर नजर रखने का हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रीनगर पुलिस को इस प्रवृत्ति का पता तब चला जब उसने ऐसे अकाउंट से जुड़े.कुछ युवाओं को हिरासत में लिया। युवकों ने पूछताछ के दौरान, कथित तौर पर स्वीकार किया कि भड़काऊ तस्वीरों -जैसे कि प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन के मारे गए आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीर - का इस्तेमाल फॉलोवर का एक बड़ा आधार हासिल करने के लिए एक सोची-समझी रणनीति थी। युवकों ने बताया कि इससे वे बाद में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विज्ञापनदाताओं से विज्ञापन हासिल करके उससे पैसे कमाने में सक्षम हो सके। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में फॉलोअर, विशेषकर सीमापार और विदेशों से, हासिल करने के बाद, अकाउंट संचालक इन तस्वीरों को पहाड़ों या चिनार के पेड़ों जैसी तस्वीरों से बदल देते थे।



ऑफ बीट

## भक्त को बचाने स्वयं प्रकट हुए नागेश्वर ज्योतिर्लिंग

गुजरात के द्वारका धाम से करीब 16 किलोमीटर दूर नागेश्वर ज्योतिर्लिंग है। ये भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में दसवें ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध है। माना जाता है ये मंदिर करीब 2500 साल पुराना है। पौराणिक मान्यता और कथा-भगवान शिव का एक अनन्य भक्त सुप्रिय नामक व्यापारी था। जिसे एक दिन दारुक नाम के राक्षस ने कारागार में बंद कर दिया और तरह-तरह के कष्ट दिए, लेकिन वह अपनी भक्ति पर अटल रहा। आखिर में दारुक ने एक दिन जब वह पूजा में मग्न था, उस पर अत्यंत क्रोध करना शुरू कर दिया, लेकिन वह अपने आराध्य भगवान शिव से प्रार्थना करता रहा, आखिर में भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में कारागार में प्रकट हुए और सुप्रिय को पाशुपतास्त्र दिया ताकि वह अपनी रक्षा कर सके। इस अस्त्र से सुप्रिय ने राक्षस दारुक तथा उसके अनुचरों का वध कर दिया। उसी समय से भगवान शिव के इस ज्योतिर्लिंग का नाम नागेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंदिर परिसर में भगवान शिव की पद्मासन मुद्रा में एक 80 फुट की विशालकाय मूर्ति है। गर्भगृह में पुरुष भक्त धोती पहनकर ही प्रवेश कर सकते हैं, वह भी तभी जब उन्हें अभिषेक करवाना है। शिवपुराण के अनुसार नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद उसकी उत्पत्ति और माहात्म्य संबंधी कथा सुनने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं।



ट्रेंड

### ये नया भारत है



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जिन्हें परेशानी हो रही है, उन्हें काशी की धरती से मैं बताना चाहता हूं कि ये नया भारत है। ये बाबा भोलेनाथ को पूजने के साथ देश के दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जयंती पर नमन



'हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी', यह आत्मबोध 'पद्म भूषण' राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की लेखनी का तेज था। संस्कृति, संवेदना और राष्ट्रनिष्ठा से समृद्ध उनकी कालजयी रचनाएं युगों तक हमें संस्कारित करती रहेंगी। राष्ट्रकवि को उनकी पावन जयंती पर सादर नमन!

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सड़कें बद से बदतर



उप्र में भाजपा की पिछली सरकार ने 'गड्ढा मुक्ति' के नाम पर अरबों का जो फंड निकाला था, वो भाजपाइयों की जेब के गड्ढे तो भर गया लेकिन सड़कें बद से बदतर हो गयीं। भाजपा जाये तो सड़क बन जाए।

- अखिलेश यादव, सपा सांसद

### वाणी का सदुपयोग



पानी का अनियंत्रित प्रवाह बाढ़ बनकर गाँवों को समाप्त कर देता है और वाणी का संबंधों को मिटा देता है। पानी और वाणी पर नियंत्रण, इनका सदुपयोग करके हम अपनी बस्ती और हस्ती की रक्षा कर सकते हैं।

- आशुतोष राणा, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एयरफोर्स की बढ़ेगी ताकत

# फ्रांस से राफेल के बाद अब स्पेन से भारत को मिले 16 नए विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने रक्षा सौदे काफी सोच-समझकर करता है। रूस भले ही भारत का भरोसेमंद पार्टनर रहा हो और वो फ्रांस से बड़े रक्षा सौदे करता है लेकिन उसे जहां भी अपनी सेना को मजबूत करके की संभावनाएं दिखती हैं, वो वहां से हथियार लेने में पीछे नहीं हटता है। इसी सिलसिले में भारत ने स्पेन से भी कुछ ऐसे एयरक्राफ्ट लिए हैं, जो उसकी सैन्य क्षमता को और भी ज्यादा बढ़ाने वाले हैं। शनिवार को भारत को स्पेन से उसका 16वां और आखिरी सी-295 सैन्य परिवहन विमान मिल गया।

यह जानकारी स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने दी। भारत को स्पेन से 16 ऐसे एयरक्राफ्ट मिले हैं, जो वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले हैं। ये एयरक्राफ्ट मल्टी रोल हैं और भारत ऐसे ही 40 एयरक्राफ्ट अपने देश में भी तैयार करने वाला है। ये सैन्य परिवहन विमान हर पुराने हो चुके एवरो विमानों को रिप्लेस करने वाला है।

**खास बातें**

- भारत को स्पेन से 16 नए सी-295 विमान मिले
- ये विमान भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाएंगे
- भारत में 40 सी-295 विमान भी बनाए जाएंगे

*भारत को स्पेन से 16 ऐसे एयरक्राफ्ट मिले हैं, जो वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले हैं। ये एयरक्राफ्ट मल्टी रोल हैं और भारत इन्हें अपने देश में भी तैयार करने वाला है।*



### भारतीय वायुसेना की बढ़ेगी सामरिक क्षमता

सी-295 विमानों की खासियत यह है कि ये केवल सैन्य परिवहन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें बहु-उपयोगी भूमिका में तैनात किया जा सकता है. सीमावर्ती इलाकों में आपूर्ति गिराने, राहत कार्यों में सहायता, सैनिकों की त्वरित तैनाती और हवाई चिकित्सा जैसी कई जरूरतों को यह विमान पूरी तरह से पूरा कर सकता है। यह विमान भारत की वायुसेना में लंबे समय से इस्तेमाल हो रहे एवरो विमानों की जगह लेगा, जो अब तकनीकी रूप से पुराने हो चुके हैं। सी-295 इनकी तुलना में अधिक आधुनिक, विश्वसनीय और टिकाऊ है।

### मुख्य विशेषताएं



- *एक बार ईंधन भरने पर लगभग 11 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है।*
- *यह छोटे और असमतल रनवे से भी उड़ान भर सकता है और उतर सकता है।*
- *इसमें डिजिटल कॉकपिट और उन्नत कंट्रोल सिस्टम हैं, जो उड़ान को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाते हैं।*
- *विमान को कम लागत वाले रखरखाव के साथ लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है।*
- *71 सैनिक या 48 पैराट्रूपर्स को एक साथ ले जाने की क्षमता। जरूरत पड़ने पर इसमें मेडिकल उपकरण और स्ट्रेचर लगाकर इसे एयर एम्बुलेंस के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।*

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम**

*इस डील की सबसे बड़ी बात यह है कि अब भारत में 40 सी-295 विमानों का निर्माण देश के भीतर होगा। इससे न केवल स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रक्षा क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। भारत के रक्षा क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, क्योंकि अब निजी क्षेत्र भी सैन्य विमानों के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।*

### भारत को मिला 16वां सी-295, सौदे का पहला चरण पूरा

*शनिवार को भारत को स्पेन से आखिरी और 16वां सी-295 विमान प्राप्त हुआ. स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने इस बात की पुष्टि की. इसके साथ ही इस रक्षा डील का पहला चरण पूरा हो गया है। बाकी के 40 विमान अब भारत में ही बनाए जाएंगे। यह सौदा सितंबर 2021 में स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ किया गया था।*

मझोले दर्जे का सैन्य विमान

### कठिन परिस्थितियों में भी सक्षम

सी-295 विमान एक आधुनिक, मझोले दर्जे का सैन्य परिवहन विमान है, जो विशेष रूप से मल्टी-रोल कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। यह विमान 5 से 10 टन तक का भार ले जा सकता है और कठिन परिस्थितियों में भी कार्य करने में सक्षम है।

---

**खबर संक्षेप**

### कपूरथला के युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत




**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला के रहने वाले युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत हो गई। वह नवंबर 2024 में बेहतर भविष्य और रोजगार की तलाश में दुबई गया था। जहां वह टैंकर ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। हादसा बीते कल हुआ है। जिसकी जानकारी परिजनों को आज सुबह मिली है। मृतक की पहचान नवजोत सिंह के नाम से हुई है, जो सुल्तानपुर लोधी का रहने वाला था। दुबई में हादसे के बाद नवजोत को अस्पताल भी लेकर गया था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

### पाक जेल में बंद भारतीय का वीडियो सामने आया



**ढाका।** पंजाब के फाजिल्का में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर खेती करने गया युवक सरहद पार कर गया। युवक को पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया। करीब डेढ़ माह बाद अब युवक का एक वीडियो सामने आया है। इसमें युवक कह रहा है कि वह पाकिस्तानी जेल में बंद है। उस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, वकील कर लो। युवक का वीडियो सामने आते ही उसके परिवार ने स्थानीय पुलिस और बीएसएफ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी।

### न्यूयॉर्क में भूकंप के हल्के झटके




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क के एक क्षेत्र में शनिवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.0 मापी गई। न्यूजर्सी के उपनगर हैसब्रुक हाइट्स में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए, जो सेंट्रल पार्क से लगभग आठ मील (13 किलोमीटर) पश्चिम में स्थित है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार भूकंप के हल्के झटके महससू किए गए और कुछ पल के लिए हल्की सी हलचल हुई थी।

---

भगवान के दर्शन करने निकला हिंदू परिवार

## अमेरिका में मंदिर जाते समय लापता हुए 4 भारतीयों की कार दुर्घटना में मौत



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

न्यूयॉर्क से वेस्ट वर्जीनिया जाते समय लापता हुए भारतीय मूल के एक परिवार के चार सदस्य एक दुखद कार दुर्घटना में मृत पाए गए हैं। मरने वाले लोगों की पहचान डॉ. किशोर दीवान, आशा दीवान, शैलेश दीवान और गीता दीवान के रूप में हुई है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक उनकी हल्के हरे रंग की टोयोटा कैमरी 2 अगस्त की रात लगभग 9.30 बजे पश्चिम वर्जीनिया के मार्शल काउंटी में बिग व्हीलिंग क्रीक रोड के किनारे एक खड़ी चट्टान के पास मिली हैं।

**चारों बुजुर्गों को आखिरी बार 29 जुलाई को देखा गया था**

**सीसीटीवी के फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में जाते देखा गया था**

रिपोर्ट के मुताबिक इन चारों बुजुर्गों को आखिरी बार 29 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के एक बर्गर किंग आउटलेट पर देखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि बर्गर किंग आउटलेट के सीसीटीवी फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में अंदर जाते देखा गया था और उनके क्रेडिट कार्ड से आखिरी बार किए गए लेन-देन का भी उसी स्थान पर पता चला है।

### पहचान के बाद शव परिवार को सौंपे

इसके बाद उनकी कार की नंबर प्लेट को पेंसिल्वेनिया स्टेट पुलिस के कैमरे ने आई-79 हाईवे पर दक्षिण की ओर जाते हुए ट्रैक किया था। मार्शल काउंटी के शेरिफ माइक डोहेर्टी ने बताया कि वाहन और शवों की पहचान के बाद परिवार को सौंप दिया गया है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

---

भारत की तेल सप्लाई रोकी तो चुप नहीं बैठेगा मित्र रूस

# रूस से लगातार तेल खरीदने के भारत के फैसले के साथ खड़ा हुआ चीन, डोनाल्ड ट्रंप को दी नसीहत

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

*भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और 2022 से रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है। अगर अमेरिका भारत की तेल सप्लाई में बाधा डालता है तो मॉस्को को भारी नुकसान हो सकता है।*

डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया है। भारत ने साफ शब्दों में कह दिया है कि रूस उसका समय की कसौटी पर परखा हुआ साथी है। भारत लगातार रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा।

जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत के खिलाफ आग उगल रहे थे। भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले पर कायम रहने को लेकर चीन का साथ मिला है और चीन ने भारत की विदेश नीति को स्वतंत्र बताते हुए तारीफ की है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका की तरफ से जुर्माने की धमकी के बावजूद रूस से तेल खरीदने में तत्काल कोई बदलाव नहीं होगा। भारत के इस फैसले पर चीन ने कहा कि भारत का यह कदम आर्थिक हितों और स्वतंत्र विदेश नीति के पालन के दो विचारों से उपजा है।



**रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा भारत**

भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ये दीर्घकालिक तेल अनुबंध हैं। रातोंरात खरीदारी बंद करना इतना आसान नहीं है। सीनियर भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अधिकारी ने कहा कि, सरकार ने रूस से आयात कम करने के लिए तेल कंपनियों को कोई निर्देश नहीं दिया है। भारत रूस से तेल अपनी आर्थिक जरूरतों की वजह से खरीदता है और अमेरिका की प्रेशर में आकर वो रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा। भारत अपने आर्थिक विकास के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय बनाए रखेगा।

### भारत ने रोकी रूसी तेल खरीद

*वही गुरुवार को बताया था कि ट्रंप की धमकियों के बीच भारतीय सरकारी रिफाइनरियों ने इस सप्ताह रूसी तेल की खरीद रोक दी है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तेल निर्यातक रूस से भारत ने 2022 में ही बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू किया है। इसके पहले यूरोप रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक था, लेकिन 2022 में यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद इसने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद मॉस्को ने नई दिल्ली का रुख किया और भारत एक प्रमुख आयातक बन गया। रूस की दिग्गज तेल कंपनी रोसनेफ्ट की भारत की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक में बड़ी हिस्सेदारी है।*

### रूस पहुंचा सकता है अमेरिका को चोट

विश्लेषकों को डर है कि रूस की कार्रवाई से एक नया वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। भारत अभी रोजाना 20 लाख बैरल तक तेल खरीदता है, जो वैश्विक आपूर्ति का 2 प्रतिशत है। अन्य प्रमुख खरीदार चीन और तुर्की हैं। जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों ने कहा है कि मॉस्को के लिए भारतीय मार्ग इतना महत्वपूर्ण है कि अगर इसमें बाधा पहुंचाई गई तो वह कजाकिस्तान से सीपीसी पाइपलाइन को बंद करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यहां शेवरॉन और एक्सॉन जैसी अमेरिकी तेल कंपनियों की बड़ी हिस्सेदारी है।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने दी प्रतिबंध की धमकी

*राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस को 10 दिनों की डेडलाइन दी है और कहा है कि अगर मॉस्को इस दौरान यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो अमेरिका रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगा देगा। इसके पहले ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो आगामी शुक्रवार से लागू हो रहा है।*

---

क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली मूर्तियां

## जम्मू-कश्मीर में खुदाई के दौरान निकलीं 'हिंदू मूर्तियां', दो हजार साल पुरानी होने का अनुमान



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में खुदाई के दौरान शिवलिंग समेत तमाम प्राचीन हिंदू मूर्तियां बरामद की गई हैं। शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि यह मूर्तियां ऐशमुकाम के सलिया इलाके में करकूट नाग इलाके में बरामद की गई हैं। यह इलाका कश्मीरी पंडितों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां के पंडित आमतौर पर इस इलाके को करकूट वंश से जोड़ते हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कि इस वंश ने 625 से 855 ई.पू. तक कश्मीर पर शासन किया था।

यह जिला मुख्यालय से लगभग 16 किमी दूर है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक इस जम्मू-कश्मीर राज्य का लोक निर्माण विभाग यहां पर एक झरने के जीर्णोद्धार का काम कर रहा था, इसी दौरान मजदूरों को यह मूर्तियां मिली हैं।

### 11 शिवलिंगों सहित 15 प्राचीन मूतियां मिलीं

झरने की खुदाई में 11 शिवलिंगों सहित कुल मिलाकर 15 प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। इन मूर्तियों के ऊपर कई देवताओं के चित्र उत्कीर्ण हैं। सभी क्षतिग्रस्त मूर्तियां एक प्राचीन मंदिर का हिस्सा मानी जा रही हैं, जो दशकों पहले यहां मौजूद था। इन मूर्तियों के बरामद होने की सूचना मिलते ही राज्य अभिलेखागार, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधिकारी यहां दौरे पर आए और उन्होंने इनकी जांच की।

### नेपाल की नदी में डूबे भारतीय युवक का शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल की बागमती नदी में डूबे एक भारतीय युवक का शव रविवार को दक्षिणी तराई क्षेत्र के एक सिंचाई नहर से बरामद किया गया। बिहार के खगड़िया जिले के रहने वाले रोहित कुमार सिंह (30) ने शनिवार को चंद्रपुर नगर पालिका के नूनथार में दोपहर करीब दो बजकर 40 मिनट पर शराब के नशे में नदी में स्नान के लिए प्रवेश किया था। सशस्त्र पुलिस बल की आपदा प्रतिक्रिया इकाई और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह करीब 10 बजकर 25 मिनट पर सिंह का शव रौतहट जिले के गुजरा नगरपालिका स्थित बागमती सिंचाई नहर से बरामद किया।

---

हाई अलर्ट, हमले से मचा हड़कंप

## रूसी कब्जे वाले यूरोप के सबसे बड़े परमाणु प्लांट के पास ड्रोन अटैक, रेडिएशन का खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन के ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के पास ड्रोन हमले की खबर से हड़कंप मच गया है। हमले के बाद वहां आग लग गई और धुएं का गुबार उठता देखा गया, जिससे परमाणु रिसाव और पूरे यूरोप में रेडिएशन खतरे की चिंता पैदा हो गई है। अब तक ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के पास हुए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी किसी भी पक्ष ने आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं की है। चूंकि यह इलाका रूस के नियंत्रण में है, और संयंत्र की सुरक्षा रूसी बलों के हाथ में है।

**यूरोप का सबसे बड़ा यह परमाणु संयंत्र केंद्र**



गौरतलब है कि ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है और 2022 से ही यह यूक्रेन-रूस संघर्ष के बीच बार-बार संकट का केंद्र रहा है। यह हमला इस ओर इशारा करता है कि संघर्ष के दौरान परमाणु स्थलों के आस-पास की स्थिति कितनी खतरनाक हो सकती है।

### संयम बरतने की अपील

आईएईए के महानिदेशक ग्रोसी ने एक बार फिर चेतावनी दी कि किसी भी परमाणु संयंत्र के पास किया गया हमला चाहे निशाना कुछ भी हो परमाणु सुरक्षा के लिए एक संभावित खतरा है और इसे हर हाल में रोका जाना चाहिए। मैं एक बार फिर परमाणु स्थलों के पास अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपील करता हूं।

---

भारत के रिफाइनरी सेक्टर में 5जी की एंट्री, बीएसएनएल और एनआरएल का ऐतिहासिक समझौता

## भारत के डिजिटल में परिवर्तन औद्योगिक आधुनिकीकरण को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संचार मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड एनआरएल ने भारत के डिजिटल परिवर्तन और औद्योगिक आधुनिकीकरण को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता ज्ञापन बीएसएनएल और एनआरएल के लिए रिफाइनरी क्षेत्र में भारत के पहले 5जी सीएनपीएन कैप्टिव नॉन-पब्लिक नेटवर्क की स्थापना के लिए सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है, जिससे सुरक्षित, अति-विश्वसनीय और रियल-टाइम औद्योगिक कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत होगी। यह पहल मिशन-क्रिटिकल कार्यों में स्वदेशी 5जी तकनीक की क्षमता का लाभ उठाने की ओर एक निर्णायक कदम है बयान में बताया गया है कि यह पहल मिशन-क्रिटिकल कार्यों के लिए स्वदेशी 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। बयान में कहा गया है कि बीएसएनएल और एनआरएल के बीच इस साझेदारी से दूसरे औद्योगिक क्षेत्रों में अनुकरणीय मॉडलों के लिए मंच तैयार होने की उम्मीद है, जिससे केंद्र सरकार के डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।



### डीपीई सचिव ने इस पहल की सराहना की

*डीपीई सचिव ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सरकार के 'संपूर्ण सरकार (डब्ल्यूओजी) दृष्टिकोण का एक उत्तम उदाहरण बताया। एनआरएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि 5जी सीएनपीएन के इंटीग्रेशन से न केवल परिचालन दक्षता और साइबर सुरक्षा में वृद्धि होगी, बल्कि एआर/वीआर-आधारित प्रशिक्षण, डिजिटल ट्विन्स और रियल-टाइम आईओटी अनुप्रयोगों जैसी परिवर्तनकारी तकनीकों को भी सक्षम बनाया जा सकेगा। बीएसएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ए रॉबर्ट जे रवि ने कहा, यह साझेदारी नेक्स्ट जनरेशन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ भारत के रणनीतिक क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए बीएसएनएल की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।*

### सीपीएसई के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

*गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय की देखरेख में आयोजित 'इंडस्ट्री 4.0 वर्कशॉप' में सीपीएसई के लिए इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय के तत्वावधान में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए आयोजित 'इंडस्ट्री 4.0 वर्कशॉप' के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्कशॉप में कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के सचिव, एनआरएल के सीएमडी, बीएसएनएल के निदेशक उद्यम व्यवसाय, एनआरएल के एमडी, एमट्रॉन के एमडी और वित्त मंत्रालय तथा विभिन्न सीपीएसई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।*

**आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बढ़ावा**

*वर्कशॉप में चर्चाओं का केंद्र सीपीएसई को परिवर्तनकारी इंडस्ट्री 4.0 तकनीकें अपनाने के लिए सशक्त बनाना रहा वर्कशॉप के दौरान हुई चर्चाओं में सीपीएसई को परिवर्तनकारी इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों को अपनाने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।*

---

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में दर्दनाक हादसा

## खाई में गिरी एसयूवी कार दो की मौत, तीन घायल

एजेंसी ▶▶ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक एसयूवी के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी पांच यात्री पंजाब से अमरनाथ यात्रा के लिए एक सामुदायिक रसोई सेवा के सदस्य थे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार वे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकोट स्थित शिविर स्थल की ओर जा रहे थे, तभी कठुआ-बसोहली मार्ग पर कैंता मोड़ के पास रात लगभग 12.40 बजे यह दुर्घटना हुई। वाहन के गहरी खाई में गिरने के बाद, स्थानीय स्वयंसेवकों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। सभी पांचों लोगों को बाद में कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।



# संविधान के सम्मान में निकाली रैली

## 27% आरक्षण लागू करने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**जबलपुर।** आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण के साथ विभिन्न एससी एसटी पिछड़ा वर्ग के विभिन्न संगठनों के साथ एक विशाल रैली सिविक सेंटर से निकाली गई। रैली में युवा छात्र हाथ में तख्ती लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे कि संविधान से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं, संविधान की रक्षा हम करेंगे। रैली मालवीय चौक, करमचंद चौक, बड़ी ओमती होते हुए घंटाघर पहुंची, जहां एक नुक्कड़ सभा के रूप में संबोधित करने के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम दो सूत्रीय मांगों को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब आम्बेडकर के संविधान के विरुद्ध आए दिन अनर्गल बयानबाजी होती रहती हैं, अधिकाश संगठन, व्यक्ति या धार्मिक पीठों पर बैठे लोगों के आपत्तिजनक बयानों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष संबंध आरएसएस से ही पाया गया है, इस संयोग अथवा प्रयोग की कार्यपद्धति और आरएसएस की फंक्शनरी बेहद चिंताजनक है। एक फर्जी संत आनंदस्वरुप आए दिन सोशल मीडिया पर बाबा साहब अम्बेडकर के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है एवं बाबा साहब अम्बेडकर की ग्वालियर हाईकोर्ट की पीठ में प्रतिमा लगाने के खिलाफ स्थानीय अधिवक्ताओं को उकसा रहा है, जिससे सामाजिक टकराव दो समुदायों के बीच उत्पन्न हो रहा है। इतना ही नहीं आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवाद हटाने की परोक्ष पैरवी कर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश में ओबीसी को आज भी निर्धारित 27% आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है, मध्यप्रदेश सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति के चलते 13% आरक्षण मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में होल्ड कर रखा गया है जिससे इस वर्ग के युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, सरकारी नौकरियों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी का वैसे भी अपर्याप्त प्रतिनिधित्व है जो कि चिंता का विषय है।

अतैव आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ ओबीसी एससी संयुक्त मोर्चा, वाममोर्चा सामाजिक न्याय में विश्वास करने वाले सामाजिक संगठन आपसे अनुरोध करते हैं कि संविधान का अपमान करने वालों को भी न्यायलयीन अवमानना की भांति दंडनीय अपराध बनाया जावे, संविधान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को प्रतिबंधित किया जाए। संविधान संशोधन की आड़ में उसकी मूल आत्मा प्रस्तावना को संशोधन से मुक्त रखा जाए एवं मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण को न्यायालयीन बाधाओं से मुक्त कराकर ईमानदारी के साथ 14%की बजाय 27%आरक्षण लागू करने का मध्यप्रदेश सरकार को तत्काल आदेशित किया जाए।

इस अवसर पर देवेश कुमार चौधरी, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, एड. तेजकुमार भगत, डॉ. शिवनाथ चौधरी आलम, एड. अशोक बैन, कमलेश धपोड़कर, बीएल झारिया, एड. तरुण रोहितास, रामरतन यादव, रुक्मिणी गोटियां, सिद्धार्थ खरे, बैजनाथ पटेल, शिवकुमार गोटियां, सीएस सिरसाठ, नोखेलाल प्रजा, संजय अहिरवार, शुभम चौधरी, टीकाराम कोष्टा, सोमरू कोल, राजेश सोनकर, इंद्रकुमार पटेल, जितेंद्र कुर्मी,चमन पासी, मधु चौधरी, धर्मेंद्र कुशवाहा, संजय बघेल, मदन लारिया, राजेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र उरेती, डेनियल इब्राहिम, सुनील चौधरी, भीकम लाल झारिया, रविशंकर परस्ते, उमाशंकर पटेल आदि उपस्थित थे।



## जबलपुर से खाटू श्याम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था उज्जैन रवाना

**जबलपुर।** माँ शारदा ट्रेवल्स के तत्वावधान में आज पांच दिवसीय यात्रा का प्रारम्भ जबलपुर दीनदयाल बस स्टेण्ड से हुआ, जिसमें माँ शारदा ट्रेवल्स के संचालक प्रशांत दुबे एवं निशांत दुबे ने चारों बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें मुख्य रूप से निशांत दुबे, भेड़ाघाट मंडल के उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, डॉ. लोकेन्द्र यादव, कपिल साहू, सोनम शुक्ला, प्रभात सिंह उपस्थित हुए। प्रशांत दुबे एवं निशांत दुबे के द्वारा यह यात्रा श्री खाटू श्याम, सावरिया सेठ, सालासर बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी, पुष्कर से होती हुई उज्जैन में सम्पन्न होगी। आशीष शुक्ला के साथ-साथ सभी धार्मिक श्रद्धालुओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## संजीवनी रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रहित




**जबलपुर।** श्री गुजराती मंडल में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें 200 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह शिविर श्री गुजराती मंडल की अगुवाई में क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एल्युमीनाई एशोसियेशन एवं जैन सोशल ग्रुप-यूनिक के सक्रिय सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें हर वर्ग एवं उम्र के लोगों ने पीड़ित मानवता के सेवार्थ आयोजित सेवा यज्ञ में उत्साहित होकर अपने रक्त की आहूति दी। इस सेवा शिविर को जिलाध्यक्ष दीपक सक्सेना ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इसका महत्व बढ़ाया, जिन्होंने अपने उद्बोधन में आयोजकों के प्रयासों एवं शिविर के अत्यंत सुसंचालन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने रक्तदान शिविर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि थैलेसीमीया, सीकल सेल एवं अन्य मरीजों की रक्त की आवश्यकताओं को ऐसे शिविरों के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है। इस शिविर में जबलपुर के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा एवं उनकी टीम ने रक्त एकत्रित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रक्तदाताओं को संस्था की तरफ से प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं उनके फोटो युक्त स्मृति चिन्ह प्रदान किए गये, जिसको बहुत सराहा गया। इस अवसर पर जबलपुर के दो रक्त वीरों, सरबजीत नारंग एवं साजु नायर को 100 से अधिक बार रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। दो सैकड़ा रक्तदाता का पूर्व पंजीयन करने तीनों संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने तीन सप्ताह अथक प्रयास कर लोगों को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में तीनों संस्थाओं के चंद्रेश वीरा, रमीन्दर चौपड़ा, अमित वेगड़, रंजय मदान, समर गायकवाड, दीपक वर्मा, मीता शाह, सगुफ्ता रहमान, उर्वशी केनीया, डॉ. पीयूष जैन, जतिन जैन, दिनेश वीरा, गिरीश जोबनपुत्रा, हर्षा सोनी, सोनल सोनी, कपिल शाह तथा अनेक स्वयंसेवकों ने सहयोग प्रदान किया।

## मानसिक रोगी क्षेत्र में मचा रहा आतंक

**जबलपुर।** जनजागरण मंच ने हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति द्वारा किए जा रहे उपद्रव और हिंसक घटनाओं को लेकर पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाये हैं। मंच ने बताया कि 34 वर्षीय अक्षय तिवारी द्वारा पिछले 13 दिनों से हनुमानताल, फूटाताल, गंजीपुरा, पुराना बस स्टैण्ड, मदन महल और रानीताल स्टेडियम आदि क्षेत्रों में निर्वस्त्र अवस्था में उपद्रव कर महिलाओं से अश्लील हरकतें कर रहा है। न्यायालय द्वारा अक्षय तिवारी को गिरफ्तार करने के निर्देश के बाद भी हनुमानताल पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है। जनजागरण मंच एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या समाधान की मांग की है।

## शिव ही मोक्ष के सच्चे द्वारः ब्रह्मचारी चैतन्यानंद

### बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में पार्थिव शिवलिंग निर्माण व शिवमहापुराण कथा

**हरिभूमि, जबलपुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा एवं रुद्री निर्माण महायज्ञ के अंतर्गत आज भव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, दुग्धाभिषेक, दिव्य श्रृंगार एवं महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही और सम्पूर्ण वातावरण शिवमय हो गया।



**महादेव देवता नहीं साक्षात मोक्ष का द्वार-**

पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने आज की कथा में कहा कि महादेव केवल देवता नहीं, बल्कि साक्षात मोक्ष का द्वार हैं। उनकी महिमा इतनी व्यापक है कि उसे जानना असंभव है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव देवों, दानवों, यक्षों, किन्नरों और समस्त मानव जाति द्वारा पूज्य हैं क्योंकि वे थोड़ी-सी भक्ति से भी प्रसन्न होकर मनवांछित वरदान प्रदान करते हैं।

**अंततः होती हैं मोक्ष की प्राप्ति-**उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की भक्ति से मनुष्य को आंतरिक शुद्धि, मानसिक शांति और अंततः मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिव भक्ति जीवन को संतुलन और दिशा देती है। धर्मशास्त्रों में उन्हें सबसे शीघ्र प्रसन्न होने वाला देवता बताया गया है। **शिवलिंग बनाकर किया दुग्धाभिषेक-**कार्यक्रम के अंतर्गत शिव भक्तों ने भावपूर्वक पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद शिवजी का दिव्य श्रृंगार, फूलों से सज्जा और भक्ति गीतों के साथ आरती हुई। यह दृश्य अत्यंत भावविभोर करने वाला रहा।

**यह रहे उपस्थित-**कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पद्मा मेनन, नीता पटेल, प्रतीक्षा सिंह, रमेश महावर, चित्रा महावर, राधा शुक्ला, मुक्ता पाण्डेय, प्रीति साहू, मोहित दीप्ति मिश्रा, नेहा साहू, प्रीति अग्रवाल, आराधना चौकसे, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, रोहित साहू, राहुल मौर्य, सुनील गुप्ता, गौरव चौबे, अभिषेक उपाध्याय मनोज सेन आदि भक्तगण सम्मिलित हुए।




## महाकोशल के कलाकारों ने मो. रफी को अर्पित की स्वरांजलि

**जबलपुर।** स्वर साधक समर्पण एवं स्वर संगम जबलपुर महाकौशल क्षेत्र के संगीत कलाकारों द्वारा शहीद स्मारक गोल बाजार प्रेक्षा भवन में आयोजित भव्य संगीत में कार्यक्रम "यादें ए रफी" में मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि 31 जुलाई को मनाई गई। संगीत कलाकारों द्वारा उनकी आवाज में रफी साहब के नगमे गाकर श्रोताओं को गुनगुनाने को मजबूर किया गया। 31 जुलाई के अवसर पर भारत मोहम्मद रफी एवं महान क्रांतिकारी उधम सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि, श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। इस दिन को देश की आजादी के लिए उनके योगदान को याद करते हुए मनाया जाता है, रफी साहब के देशभक्ति गीत, जैसे "वतन की आबरू खतरे में है" और "आवाज़ दो हम एक हैं", ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान लोगों में एकता और उत्साह जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत सुनील भागचंदानी एवं विशिष्ट अतिथि अवधेश यादव वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मध्य प्रदेश वरिष्ठ व्यवसायी समाजसेवी राजेश गोयल एवं सभी वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## सहायिकाओं को जून माह का वेतन दिया जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस मंहगाई के दौर में जहां ये मध्यान्ह भोजन वितरित करने वाली सहायिकाओं को चार हजार रुपए न्यूनतम वेतन पर कार्य करना पड़ रहा है जिससे उनको अपना जीविकोपार्जन करना मुश्किल पड़ रहा है, वहीं जून माह में कार्य करने के बावजूद भी उन्हें जून माह का वेतन नहीं मिलता, जबकि जून माह में स्कूल खुल जाते हैं और उन्हें साफ सफाई करना, बच्चों के आने पर भोजन लेना और बच्चों को वितरित करना, बर्तनों की साफ सफाई ये सभी कार्य करना पड़ता है, ऐसे में उन्हें जून माह का वेतन न मिलना उन्हें अनदेखा करना है, जबकि उन पर ही उनका परिवार निर्भर रहता है। अतः संगठन शासन से मांग करता है कि उन्हें जून माह का वेतन दिया जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, मीनूकांत शर्मा, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, फिलिप एंथोनी, रउफ खान, एनोस विक्टर आदि ने शासन से मांग की है।




## मध्य क्षेत्रीय महिला बीमा कर्मचारी संघ का 8वां सम्मेलन संपन्न

**जबलपुर।** क्षेत्रीय बीमा महिला कर्मचारी संघ का आठवां सम्मेलन 02 अगस्त को प्रातः 10 बजे से मदन महल स्थित होटल बग्गा इन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से लगभग 200 महिला साथियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में काम. जगमति सांगवान, पूर्व राष्ट्रीय जनवादी महिला समिति की महासचिव, सेंट्रल जोन बीमा संगठन से काम. धर्मराज महापात्र, काम. अजीत केलकर, काम. उषा परगमिहा, काम. आरती वर्मा, काम. हीरालाल कुशवाहा सहित सभी मंडलों के नेतृत्वकर्ता शामिल हुए। आज के सम्मेलन में वक्ताओं ने संस्था में हो रहे बदलाव और सरकार द्वारा एलआईसी को स्वतंत्रता से कार्य करने में बाधा उत्पन्न करने और प्राइवेटीकरण की ओर धकेले जाने से उबारने के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए भावी आंदालनों की रूपरेखा तैयार की। साथ ही एलआईसी की रक्षा, सुरक्षा के लिए हर वक्त हर कार्य पूरी तन्मयता और विश्वास से करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री को भेजा पत्र

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि जो जाति, भाषा, रंग के आधार पर गैर मराठियों के साथ अत्याचार और मारपीट करे, ऐसे लोगों पर राष्ट्रद्रोह का मामला कायम किया जाए और यह आदेश भारत सभी प्रदेशों में लागू किया जाए। महाराष्ट्र में कुछ मामलों में मराठी न होने पर उनसे मारपीट करना और भाषा सीखने का दबाव बनाना संविधान के ख़िलाफ़ है, साथ ही पश्चिम बंगाल में भाषा के आधार पर बांटने को लेकर इस पर तुरंत आदेश जारी हो, भारत में कोई भी भाषा कोई भी व्यक्ति जो भारतीय है हर जगह बोल सकता है, रह सकता है और जो भाषा, जाति, रंगरूप में बांटेगा या मारपीट करेगा, धमकी देगा उस पर राष्ट्रद्रोह का मामला क़ायम कर सख़्त कार्यवाही हो ताकि देश की एकता को कोई तोड़ न सके। इस दौरान डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. आशीष त्रिपाठी, एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. कमल विश्वास, एड. रोशन मंध्यानी शामिल हुए।



## एमएम इंटरनेशनल स्कूल में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

### छात्रों ने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की ली शपथ, मुख्य अतिथि ने दिया नेतृत्व का मंत्र

**हरिभूमि, जबलपुर।**

एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों की नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाने एवं विद्यालय को अनुशासित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सीनियर कमिशंड ऑफिसर सत्य प्रकाश सिंह (1 एम.पी. आर्म्ड स्क्वाडन), स्कूल डायरेक्टर डॉ. सुधांशु गुप्ता, अकादमिक डायरेक्टर स्वप्ना गुप्ता एवं प्रधानाचार्या दिशा नागदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने सुसज्जित परेड और बैण्ड की मधुर धुनों के साथ अनुशासन का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात नव-निर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन और विभिन्न विभागों के कोऑर्डिनेटर (कल्चरल, स्पोर्ट्स, इको, आईटी, लैंग्वेज) को बैज पहनाकर शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश सिंह ने कहा, "नेतृत्व केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है, जिसे समर्पण और अनुशासन के साथ निभाना चाहिए।" उन्होंने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

# जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अब तक पूरा नहीं हुआ ऑडिटोरियम निर्माण कार्य

## जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन



**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के नेतृत्व में जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं द्वारा मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को छह सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसमें बताया गया कि नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम निर्माण कार्य काफी समय से लंबित है जिसे पूर्ण कराया जाने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय कमेटी मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा स्टीमेट Approved किया गया, उपरोक्त संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया गया, किन्तु अभी तक उपरोक्त संबंध में शासन की ओर से कोई कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई जिसके कारण उपरोक्त कार्य नहीं हो पा रहे है जिससे अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण अतिशीघ्र वांछित शासकीय निधि जारी किये जाने का आग्रह किया गया। (2) जिला जबलपुर में कलेक्ट्रेट कार्यालय से पृथक कर विभिन्न स्थानों पर तहसील (आधारताल, गोरखपुर, रांझी, बरेला) के संचालन हेतु कार्यालय की व्यवस्था की गई है, किन्तु अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों के बैठने हेतु कोई सुनिश्चित स्थान निर्धारित नहीं है जिस कारण अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तहसीलों में अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों की बैठक व्यवस्था हेतु अतिशीघ्र सुविधा सहित उपलब्ध कराया जाने का आग्रह किया गया। (3) पत्रकार बंधुओं के लिए पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना प्रारंभ की, अधिवक्ताओं का कार्य भी जोखिम भरा होता है इसलिए प्रदेश के अधिवक्ताओं के हितार्थ स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना प्रारंभ किया जाना अति आवश्यक है जिससे लागू करने का आग्रह किया गया। (4) झारखंड सरकार 65 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त अधिवक्ताओं को हर माह 7000/- रूपये प्रतिमाह पेशन देगी, इसी तर्ज पर सम्पूर्ण प्रदेश के अधिवक्ताओं हेतु इस तरह की योजना लागू करते हुये कम से कम 10,000/- रूपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान करने की योजना लागू करने का आग्रह किया गया। (5) अधिवक्ताओं हेतु कॉलोनी हेतु भूमि आंवटित किये जाने का आग्रह किया गया। (6) मध्यप्रदेश राज्य में अधिवक्ताओं हेतु प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन के दौरान जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष श्रीमति ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारणी सदस्यगण रवीन्द्र दत्त, प्रशांत नायक व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## संगीत संध्या "हिट ऑफ 90" का आयोजन 6 को

**जबलपुर।** उड़ान ग्रुप, कॉस्मिक ब्रेन तथा दीपक एंटरटेनमेंट के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य संगीतमय संध्या "Hits of 90s" का आयोजन 06 अगस्त को मानस भवन में किया जा रहा है। आयोजन में जबलपुरवासियों से सपरिवार शामिल होने का अनुरोध आयोजकों ने किया है।

**(ट्रांसफर सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र गुम होने की सूचना)**

मैं गोविंदु सीरामरेड्डी, निवासी हाउस नं. 48/2, किरण कॉलोनी, ऐ ई सी ट्रेनिंग कॉलेज एवं सेंटर पचमढ़ी, तहसील पिपरिया, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री Seeramreddi Poornima एवं पुत्र Seeramreddi Shanmukh के ट्रांसफर सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र क्रमांक 242289 (CLASS 9th) एवं 242288 (CLASS 6th) दिनांक 2025 में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय पचमढ़ी स्कूल से प्राप्त किए गए थे, जो जबलपुर से कोटा यात्रा के दौरान ट्रेन में चोरी हो गए हैं। इनके उपयोग पर किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर 7 दिन के भीतर संपर्क करें, अन्यथा यह प्रमाण पत्र अमान्य घोषित माने जाएंगे।

गोविंदु सीरामरेड्डी
संपर्क मोबाइल : 8790998070

## उपचार को लेकर स्वामी रामदेव ने किया बड़ा ऐलान

# पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय जल्द शुरू करेगा एम्स, टाटा कैंसर, गंगा राम के साथ मिलकर उपचार

■ पतंजलि विवि में 16 राज्यों के सैकड़ों प्रतिभागी हुए शामिल, शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देने को समझौते पर हुए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अनामयम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के एकीकरण एवं समन्वय के उद्देश्य से एक वैश्विक मंच प्रदान करने को लेकर आयोजित किया गया था। सम्मेलन में 16 राज्यों के करीब 200 शैक्षणिक संस्थानों से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफ लाइन माध्यम से प्रतिभाग किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव महाराज ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि कि जल्द ही लोक कल्याण को देखते हुए एम्स, टाटा कैंसर चिकित्सालय और सर गंगा राम हॉस्पिटल के सहयोग से पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय में आधुनिक पद्धति से अल्प व्यय में विश्वस्तरीय उपचार किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में योग ऋषि स्वामी रामदेव, पतंजलि विवि के कुलपति और आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण सहित अतिथियों ने तीन अहम पुस्तक आयुर्वेद अवतरण, इंटीग्रेटेड पैथी एवं सम्मेलन की सार पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड से पहुंचे डॉ.श्रेया, डॉ.राधिका और डॉ.मुकेश एवं पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण के बीच शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने को परस्पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

### पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के तहत उपचार से चिकित्सा के नाम पर षड्यंत्र और लूट को समाप्त किया जाएगाः आचार्य बालकृष्ण



### चिकित्सा विज्ञान लोक कल्याण के लिए होना चाहिए, धनोपार्जन के लिए नहींः रामदेव

*स्वामी रामदेव ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान लोक कल्याण के लिए होना चाहिए, धनोपार्जन के लिए नहीं। आचार्य बालकृष्ण ने विश्व भर में प्रख्यात 9 चिकित्सा पद्धतियों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद अपनी क्षमताओं के कारण जबकि अन्य पद्धतियां स्थान विशेष या परंपरा के कारण जानी जाती हैं। उन्होंने महर्षि चरक एवं आचार्य सुश्रुत के कालखंड के बारे में शास्त्रीय प्रमाण, भौगोलिक एवं ऑकियोलोजिकल प्रमाण के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा पद्धति द्वारा अल्प व्यय में विश्वस्तरीय उपचार होगा और चिकित्सा के नाम पर षड्यंत्र ओर लूट को समाप्त करने का काम किया जाएगा।*

### कार्यक्रम आयुष मंत्रालय ओडिशा सरकार की अध्यक्षता में हुआ

*केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेडी, डॉ.विपिन कुमार महासचिव एकीकृत आयुष परिषद, डॉ.सुनील आहुजा, पदमश्री डॉ.बीएन गंगाधर अध्यक्ष राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, डॉ.विशाल मागो प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी एम्स ऋषिकेश ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र आयुष का प्रारंभ डॉ.बीएन गंगाधर अध्यक्ष राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एवं प्रोफेसर डी गोपाल सी नंदा अध्यक्ष सशक्त समिति आयुष मंत्रालय ओडिशा सरकार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें 5 वक्ताओं क्रमशः प्रोफेसर वैद्य राकेश शर्मा गुरु रविदास आयुर्वेद विवि होशियारपुर, पंजाब, डॉ.मनु मल्होत्रा प्रोफेसर और विभागध्यक्ष ईएनटी विभाग एम्स ऋषिकेश, प्रोफेसर पुलक मुखर्जी प्रोफेसर फार्मास्यूटिकल टेक्नॉलजी विभाग जादवपुर विवि कोलकाता ने अपने शोध प्रस्तुत किए।*

### पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय ने अपने शोध प्रस्तुत किए

*कार्यक्रम के दूसरे सत्र में समग्र नैदानिक प्रकरण चर्चा का प्रारंभ प्रोफेसर डॉ.गोपाल सी नंदा एवं प्रोफेसर पुलक मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें तीन रोगों क्रमशः सीओपीडी के निदान पर दो वक्ताओं क्रमशः प्रोफेसर डॉ.मीनाक्षी धर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, जरा विज्ञान विभाग एम्स ऋषिकेश एवं डीसीबी धनराज अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा, काया चिकित्सा विभाग, पतंजिल आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से अपने शोध प्रस्तुत किए गए। इसके बाद भगंदर के निदान पर प्रोफेसर पी हेमंता कुमार राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि जयपुर एवं प्रोफेसर सचिन गुप्ता शल्य चिकित्सा विभाग पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा अपने शोध प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में रोग निवारण विधि डॉ.रमण संतरा और डॉ.धीरज कुमार त्यागी प्रोफेसर स्वास्थ्यवृत और योग विभाग पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय एवं डॉ मोनिका पठानिया चिकित्सा विभाग एम्स ऋषिकेश की ओर से अपने शोध प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में समांतर चल रहे पोस्टर सत्र की अध्यक्षता डॉ.प्रदीप नयन, डॉ.रश्मि अतुल जोशी, डॉ.कनक सोनी एवं डॉ.रमाकांत मर्दे ने किया।*

## 14 को भिलाई में रजत जयंती समारोह

# 25वें वसुंधरा सम्मान से सम्मानित होंगे राहुल देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कीर्ति शेष देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोक जागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान का यह रजत जयंती वर्ष है। इस वर्ष सुपरिचित पत्रकार, लेखक एवं संपादक राहुल देव को 25वें वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जाने माने पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति के सदस्यों ई.वी. मुरली, डा. विश्वेश ठाकरे, श्वेता उपाध्याय, डा. रक्षा सिंह, वसुंधरा सम्मान के संयोजक विनोद मिश्र, आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. अरुण कुमार श्रीवास्तव, स्वागत समिति अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, सचिव मुमताज ने उपरोक्त जानकारी प्रदान की है। सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार 14अगस्त को दोपहर एक बजे महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। निर्णायक समिति ने अपने वक्तव्य में कहा है कि राहुल देव देश के ख्यातिलब्ध पत्रकार हैं। राहुल देव ने सामाजिक सरोकारों तथा भाषा के स्वरुप और संस्कार के प्रति बेहद संजीदा पत्रकारिता की है। राहुल देव की पत्रकारिता चार दशकों से अधिक समय की है। 1986में उस समय की श्रेष्ठ पत्रिकाओं में शुमार माया पत्रिका से हिंदी पत्रकारिता में पदार्पण करने के पूर्व राहुल देव अंग्रेजी के राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं दि पायनियर, इलस्ट्रेटेड वीकली तथा द वीक में काम कर चुके थे। वे प्रोब और करेंट में भी रहे। राहुल देव देश के प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र जनसत्ता के भी संपादक रहे। शीर्षस्थ न्यूज चैनल आज तक से टीवी पत्रकारिता की शुरुआत करके राहुल देव ने दूरदर्शन समाचार, जी न्यूज एवं जनमत में शीर्ष जिम्मेदारियां निभाई। वे सीएनबीसी के प्रधान सम्पादक व सीईओ रहे।वे 2015 से 2019 तक लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित अध्यक्षीय शोध कदम के मानद सलाहकार रहे।



### इन्हें मिल चुका है वसुंधरा सम्मान

विगत वर्षों में स्व. रमेश नैयर,स्व.श्याम लाल चतुर्वेदी, स्व.कुमार साहू, स्व.बसंत कुमार तिवारी, स्व.विनोद शंकर शुक्ल, स्व. शरद कोठरी, स्व.बबन प्रसाद मिश्र, डा. हिमांशु द्विवेदी, दिवाकर मुक्तिबोध, आशा शुक्ला, गिरिजाशंकर, ज्ञान अवस्थी, श्याम वेताल, अभय किशोर, डा.सुशील त्रिवेदी, गिरीश पंकज, बी.के.एस.रे, प्रकाश दुबे, स्व.तुषार कांति बोस, ई.वी.मुरली, सतीश जायसवाल, लीलाधर मंडलोई सुधीर सक्सेना एवं डा.विश्वेश ठाकरे को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

### संयुक्त तत्वावधान में समारोह

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से यह समारोह लोकजागरण की संस्था' वसुंधरा, श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन, भिलाई इस्पात संयंत्र आफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

### एआरसीआईएल ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई** । एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस आईपीओ में 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले अधिकतम 10,54,63,892 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। इसमें एवेन्यू इंडिया रिसर्जेंस द्वारा 68,739,034 इक्विटी शेयर, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 10 रु. अंकित मूल्य के 19,445,000 इक्विटी शेयर, लेथ इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10 रु .अंकित मूल्य के 16,244,858 इक्विटी शेयर और फेडरल बैंक लिमिटेड द्वारा 10 रुपए अंकित मूल्य के 1,035,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

## कर्नाटक का रिटायर क्लर्क निकला करोड़पति

# सैलरी 15,000 लेकिन 24 घर और 30 करोड़ की प्रॉपर्टी!

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

लोकायुक्त अधिकारियों ने कर्नाटक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड के एक पूर्व क्लर्क के घर पर छापा मारा और 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की बेहिसाब संपत्ति पाई। अधिकारियों को पता चला कि कोप्पल में काम करने वाले और 15,000 रुपए मासिक वेतन वाले कलकप्पा निदागुंडी के पास 24 मकान, चार प्लॉट और 40 एकड़ खेती की जमीन थी। छापेमारी के दौरान चार वाहन, 350 ग्राम सोना और 1.5 किलोग्राम चांदी भी बरामद की गई। ये संपत्तियां उनके, उनकी पत्नी और उनके भाई के नाम पर थीं।
निदागुंडी और केआरआईडीएल के एक पूर्व इंजीनियर, जेडएम चिंचोलकर ने कथित तौर पर 96 अधूरे प्रोजेक्ट के लिए जाली दस्तावेज तैयार करके 72 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हड़प ली।



### 8 अफसरों के 41 ठिकानों पर छापे

23 जुलाई को आय से ज्यादा संपत्ति के मामले में एक आईएएस अधिकारी सहित आठ अधिकारियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। इनसे 37.42 करोड़ रुपए की संपत्ति बरामद की। ये छापे बेंगलुरु शहरी, मैसूरु, तुमकुरु, कलबुर्गी, कोप्पल और कोडागु जिलों में तैनात अधिकारियों से जुड़े 41 ठिकानों पर मारे गए।

### आईएएस अफसर निकलीं करोड़पति

इनमें सबसे अहम नाम है आईएएस वसंती अमर बी वी का, जो इस वक्त कर्नाटक रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी में स्पेशल डिप्टी कमिश्नर हैं। उन्हें बेंगलुरु सब-अर्बन रेलवे प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का जिम्मा भी दिया गया था।

लोकायुक्त के अधिकारी उन सरकारी अधिकारियों पर छापे मार रहे हैं, जिन पर अपनी ज्ञात आय से ज्यादा संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। मंगलवार को उन्होंने हासन, चिक्काबलापुरा, चित्रदुर्ग और बेंगलुरु में पांच सरकारी अधिकारियों से जुड़े स्थानों पर तलाशी ली।

## मप्र डीजीपी को ब्रिटेन में मिलेगा सम्मान

**भोपाल।** मप्र पुलिस के नशे के खिलाफ एक पखवाड़े तक जारी रहे अभियान को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में स्थान मिला है। इस उपलब्धि के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना को ब्रिटेन की संसद में सम्मानित किया जाएगा। 'नशे से दूरी, है जरूरी' अभियान ने व्यापक पैमाने पर मिली सफलता। लोगों की 'अभूतपूर्व' जनभागीदारी के कारण यह वैश्विक पहचान अर्जित की है। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष संतोष शुक्ला ने डीजीपी कैलाश मकवाना और एडीजी केपी वेंकटेश्वर राव को एक आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर शुक्ला ने मकवाना को ब्रिटेन की संसद में 13 सितंबर को आयोजित होने वाले एक सम्मान समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।



# कर्ज चुकाने बनाई लूट की मनगढ़ंत कहानी, पहुंचा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

दिनदहाड़े 11 लाख 80 हज़ार रुपए की लूट का मामला फर्जी निकला। युवक ने मनगढंत कहानी सुनाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कर्ज चुकाने की नीयत से युवक ने अपने मालिक का पैसा पाने ये साजिश रची थी। आरोपी को चंद घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से रकम बरामद कर ली गई है। एसपी विजय पाण्डेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीडीह थाना में दीपेश देवांगन ने शुक्रवार की शाम 11 लाख 80 हजार की लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई। दीपेश ने बाइक सवार तीन बदमाशों द्वारा पूछेली गांव के पास रास्ता रोककर लूट की कहानी सुनाई। उसने पुलिस को बताया कि बाइक सवार नकाबपोश बदमाश रुपए से भरा बैग और लेपटॉप लेकर भाग निकले। दिनदहाड़े लूट की सूचना पर हड़कंप मच गया। जगह-जगह नाकाबंदी कर लुटेरों की खोज की गई। साइबर टीम भी एक्टिव हुई और सीसी टीवी फूटेज खंगाले गए लेकिन घटनास्थल पर लूट के कोई सबूत नहीं मिले।

■ पुलिस ने चंद घंटो के भीतर किया आरोपी को गिरफ्तार



### जीत लिया था मालिक का भरोसा

आरोपी दीपेश देवांगन करनौद निवासी किरीत सिन्हा के यहां काम करता था। किरीत सिन्हा का धान के साथ ही छड़ सीमेंट व अन्य व्यवसाय है। दीपेश साल 2018 से उसके यहां एकाउंटिंग और खरीदी बिक्री संबंधित कार्य व रुपए का लेनदेन करता था। वह पहले भी कई बार अपने मालिक का पैसा बैंक में जमा करा चुका था। दीपेश ने किरीत सिन्हा का विश्वास जीत लिया था, लेकिन इस बार मोटी रकम देख कर वह लालच में आ गया।

### शुरू से था शक के दायरे में

दीपेश ने दोपहर 1 बजे पूछेली और अमोदी के बीच लूट की वारदात होने की बात पुलिस को बताई थी। घटना स्थल से बम्हनीडीह थाने की दुरी महज 2 किलोमीटर है। दीपेश ने 4 घंटे बाद शाम 5 बजे थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट कराने में देरी को लेकर पहले ही मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।




## राशिफल

**मेष** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## पुणे पिंपरी-चिंचवड़ इलाके में 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत

# जिम में वर्कआउट करते आया चक्कर, पानी पीते हार्ट अटैक

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ इलाके में एक जिम में वर्कआउट के दौरान 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मिलिंद कुलकर्णी के रूप में हुई है, जो चिंचवड़ निवासी थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। जिम स्टाफ के मुताबिक, वर्कआउट करते समय कुलकर्णी को चक्कर आया और वह पानी पीने के लिए कूलर की ओर गए। इस दौरान पानी पीते ही वो अचानक गिर पड़े। जिम में मौजूद अन्य लोग तुरंत उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल हॉस्पिटल, पिंपरी रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जिम के मैनेजर का कहना है कि मिलिंद कुलकर्णी नियमित रूप से आने वाले और अनुभवी जिम सदस्य थे।



### पुलिस ने क्या बताया

चिंचवाड़ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अंकुश बांगर ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए वायसीएमएच भेजा गया। पुलिस का कहना है कि परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है और चूंकि मौत स्वाभाविक कारणों से हुई है, इसलिए किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### कुर्सी पर बैठे-बैठे हार्ट अटैक से मौत

फरीदाबाद के भतौला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया, जहां एक ग्रोसरी डिलवरी कंपनी के डिलिवरी बॉय को अचानक हार्ट अटैक आ गया। 30 साल के विकल सिंह परिवार में अकेले कमाने वाले थे। यह घटना तब हुई जब वह कंपनी के स्टोर के बाहर कुर्सी पर आराम फरमा रहा था। तभी वो अचानक गिर गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## 16 अगस्त से खुलेगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन स्थित प्रसिद्ध अमृत उद्यान 16 अगस्त से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। इस अवधि के दौरान, उद्यान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। अंतिम प्रवेश शाम सवा पांच बजे होगा।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5948



**बाएँ से दाए**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

### शब्द पहेली- 5947 का हल



## सूडोकु नवताल- 5958

मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5957 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



# वॉर 2 के गाने पर श्रीलंका में ऋतिक ने किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की फिल्म वॉर 2 का पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कुछ ही दिन पहले रिलीज हुआ है। दर्शकों की तरफ से अब तक गाने को अच्छा-खासा रिस्पॉन्स मिला है। इसी बीच अब अभिनेता अपने इसी गाने पर श्रीलंका में हुए एक इवेंट में थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ऋतिक को एक स्टेज पर देखा जा सकता है। ऋतिक-कियारा पर फिल्माए इस गाने को अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। इस गाने की शूटिंग इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी और रोम में हुई है।

लाइफ Style



# अनीत

## एयरलाइंस में भी कर चुकी हैं काम

फिल्म 'सैयारा' के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा ने इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। अहान के बारे में दर्शक जानते हैं कि वे फिल्मी परिवार से आते हैं। मगर, अनीत पड्डा एकदम नया चेहरा हैं। दर्शकों की दिलचस्पी यह जानने में भी है कि फिल्म 'सैयारा' में आने से पहले वे क्या करती थीं?

एजेंसी ⏭ मुंबई

इसका खुलासा उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल से हुआ है, जो अचानक से इंटरनेट पर वायरल हो रही है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। इसमे लीड हीरो अहान पांडे फिल्मी परिवार से आते हैं। वे चंकी पांडे के भतीजे यानी चिक्की पांडे के बेटे हैं। दर्शक इस फिल्म की हीरोइन अनीत पड्डा की निजी जिंदगी के बारे में जानने को भी उत्साहित है। इसी उत्सुकता के चलते वे अभिनेत्री की सोशल मीडिया प्रोफाइल फॉलो कर रहे हैं। अब इस कड़ी में अनीत की लिंक्डइन प्रोफाइल वायरल हो रही है, जिसमें कई अहम जानकारी हैं। दर्शकों ने अनीत पड्डा का लिंक्डइन अकाउंट खोज निकाला।

इंटरनेट पर वायरल हो रही अभिनेत्री की यह प्रोफाइल उनके दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान बनाई गई थी। प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पड्डा पॉलिटिकल साइंस की स्टूडेंट रही हैं। हालांकि, बीते काफी वक्त से यह प्रोफाइल अपडेट नहीं है। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने एक एयरलाइंस में इंटर्नशिप भी की।

हॉलीवुड मसाला



# नए शूट में नजर आए टॉम

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। मेकर्स ने स्पाइडर-मैन की आगामी फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज किया। इस पहली झलक में टॉम हॉलैंड एक बिल्कुल नए सूट में वापसी करते हुए प्रशंसकों से पूछते हैं, 'क्या आप तैयार हैं?' 22 सेकंड के इस फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत टॉम हॉलैंड को नए स्पाइडर-मैन सूट में दिखाती है। जैसे ही उनके सामने एक बड़ा दरवाजा खुलता है, बाहर से रोशनी अंदर आती है। टॉम उत्साहित नजर आते हैं और फिर नए सूट में फ्रेम के करीब आते हैं।



# एकॉन भारत के तीन शहरों में करेंगे लाइव कॉन्सर्ट...

**मुंबई।** शाहरुख खान और करीना कपूर पर फिल्माया गाना 'छम्मक छल्लो' याद है? वैसे ये गाना हर किसी को याद होगा, क्योंकि 'रा.वन' फिल्म के इस गाने ने उस साल खूब धूम मचाई थी। 14 साल पहले आए इस गाने के स्टेप्स अभी तक छाए हुए थे। इसके सिंगर एकॉन थे, जो अब भारत के तीन शहरों में जल्द ही लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं। 'छम्मक छल्लो' सिंगर एकॉन राजधानी दिल्ली में 9 नवंबर को धमाल मचाएंगे। इसके बाद वो अगली बार 14 नवंबर को बेंगलुरु में परफॉर्म करेंगे। फिर मुंबई में 16 नवंबर को लाइव परफॉर्मेंस होगी। एकॉन के शो के टिकट पहले से ही देश में सबसे ज्यादा मांग वाले टिकटों में से हैं। एचएसबीसी कार्ड होल्डर्स को 8 अगस्त दोपहर 1 बजे से इन टिकटों की शुरुआती सुविधा मिलेगी, जबकि अन्य लोग 10 अगस्त रात 10 बजे से टिकट खरीद सकते हैं।



# फैंस के प्यार से बेहद खुश हुईं मृणाल

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने रविवार को सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया। बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोल्मि 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, 'सन ऑफ सरदार 2' का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास। सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है।



# सौरभ-रणवीर बने कॉमेडी का हिस्सा

**मुंबई।** सौरभ शुक्ला और रणवीर शौरी कई कॉमेडी फिल्मों में रंग जमा चुके हैं, साथ ही क्राइम स्टोरीज वाली फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। अब ये दोनों एक्टर्स एक डॉर्क गैंगस्टर कॉमेडी में साथ नजर आएंगे। इनकी जल्द रिलीज होने वाली सीरीज बिंदिया के बाहुबली का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। ट्रेलर में एक दावन परिवार है, जो बिंदिया नाम की एक जगह के बाहुबली हैं। सीरीज में दावन परिवार के मुखिया यानी बड़ा दावन जब अपना पॉलिटिकल करियर शुरू करना चाहता है तो पुलिस उसे गिफ्तार कर लेती है। अब परिवार बड़े दावन को कैसे जेल से निकालेंगे? इसी पूरे प्लानिंग में कई उल्टी-सीधी घटनाएं होती हैं, जो कॉमेडी का तड़का सीरीज में लगाती हैं। अपने किरदार बड़ा दावन के बारे में बात करते हुए सौरभ कहते हैं, 'यह सीरीज एक ऐसे परिवार की कहानी कहती है, जो सत्ता की चाहत रखता है।

टीवी मसाला




# 27 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव कभी नहीं मिला लीड रोल

**नई दिल्ली।** आपको 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के मशहूर गुलाटी और रिंकू देवी और 'द कपिल शर्मा शो'के इंजीनियर साहब तो याद ही होंगे। इन सभी किरदारों को मशहूर बनाने वाले हैं कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर। सुनील ग्रोवर को इंडस्ट्री में लगभग 27 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक में अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं। इन सभी किरदारों को सुनील ग्रोवर ने अपने अभिनय से यादगार बनाया है। हालांकि, ये सुनील ग्रोवर की बदकिस्मती ही रही कि साल 1998 से फिल्मों में नजर आने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। इंडस्ट्री के तीनों खानों- शाहरुख, आमिर और सलमान के साथ फिल्में करने के बावजूद सुनील ग्रोवर को पहचान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से ही मिली। सुनील ग्रोवर एक्टिंग की दुनिया में साल 1995 से एक्टिव हैं और फिल्मों में वो 1998 से नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई बड़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। जिनमें प्यार तो होना ही था, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, मैं हूं ना, गजनी, भारत और जवान जैसी फिल्में शामिल हैं। सुनील ग्रोवर को दिवंगत एक्टर-कॉमेडियन जसपाल भट्टी की खोज बताया जाता है। इतनी बड़ी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में कभी वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे।

## तुलसी की नई बहू की सीरियल में एंट्री, क्या संभालेगी शांति निकेतन की विरासत?

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपने परिवार और शांति निकेतन की जिम्मेदारियां अब भी तुलसी बखूबी निभा रही हैं। मगर



उसे चिंता है कि आगे शांति निकेतन की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? कौन उसके लिए मददगार बनेगा? इन्हीं सवालों के बीच एक नए चेहरे की एंट्री सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'में होती है। सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो, फोटोज वायरल हैं, जिसमें तुलसी की नई बहू की झलक मिलती है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तुलसी, माता रानी से सवाल करती है? 'कौन बचाएगा मेरे घर को? क्या मैं अपने बच्चों के लिए अच्छी मां नहीं बन सकी? कौन करेगा मेरी मदद?' इन्हीं सवालों के बीच उलझी तुलसी, शांति निकेतन के आगंन में लगे तुलसी के पौधे को बारिश से बचाती हुई दिखती है। आगे वायरल वीडियो में नजर आता है कि एक दूसरी जगह तुलसी के पौधे के आगे नए चेहरे की एंट्री होती है। सुंदर, सादगी से भरा चेहरा लिए एक लड़की नजर आती है। यही होगी तुलसी के घर की नई बहू। दरअसल, यही लड़की तुलसी को एक बड़ी मुश्किल से बाहर निकालेगी।

# महावतार नरसिम्हा की लंबी छलांग सन ऑफ सरदार 2-धड़क 2 पड़ीं बेजान

**नई दिल्ली।** अगस्त के पहले वीकेंड पर कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें से कुछ ने दर्शकों को आकर्षित करने में सफलता पाई, तो कुछ उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हालिया रिलीज सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2, सैयारा, किंगडम और महावतार नरसिम्हा की बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की चर्चित फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल दर्शकों के बीच उत्सुकता तो पैदा कर पाया, लेकिन पहले दो दिनों में फिल्म की कमाई औसत ही रही। पहले दिन जहां फिल्म ने करीब 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, दूसरे दिन की कमाई बढ़कर 7.5 करोड़ तक पहुंची। कुल मिलाकर दो दिन में 14.75 करोड़ रुपए की कमाई करते हुए फिल्म ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है।

**धड़क 2 :** जाह्नवी कपूर के डेब्यू की अगली कड़ी मानी जा रही धड़क 2 को लेकर युवा दर्शकों में हल्की एक्साइटमेंट



थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये ज्यादा असर नहीं छोड़ सकी। पहले दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ और दूसरे दिन 3.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। यानी दो दिन में कुल 7.25 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फिल्म का ग्राफ धीमा है। समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म को लंबी रेस के लिए दर्शकों का समर्थन चाहिए।

**सैयारा :** बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही सैयारा ने अपनी रिलीज के 16वें दिन भी रफ्तार बनाए रखी। फिल्म ने 16वें दिन 6.35 करोड़ कमाए। फिल्म ने अब तक घरेलू स्तर पर 291.35 करोड़ रुपए और वैश्विक स्तर पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। भले ही अब कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आ रही हो, लेकिन फिल्म ने इस साल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन में खुद को स्थापित कर लिया है।

**महावतार नरसिम्हा ने रचा इतिहास :** फिल्म महावतार नरसिम्हा जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने पहले हफ्ते में टोटल 44.75 करोड़ कमाए थे। पहले दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए थे। दूसरे दिन 4.6 करोड़, तीसरे दिन 9.5 करोड़, चौथे दिन 6 करोड़, पांचवे दिन 7.7 करोड़, छठे दिन 7.7 करोड़, सातवें दिन 7.5 करोड़ और आठवें दिन 7.7 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के हिंदी कलेक्शन की बात करें तो पहले हफ्ते में फिल्म ने 29 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ और दूसरे शनिवार 11 करोड़ कमाए।

# कुली के ट्रेलर लॉन्च में पहुंचे आमिर रजनीकांत के छुए पैर

**मुंबई।** चेन्नई में रजनीकांत की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। इस इवेंट में आमिर खान की सरप्राइज एंट्री ने हर किसी को खुश कर दिया। इवेंट से आमिर खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आमिर खान रजनीकांत के पैर छूते नजर आ रहे हैं। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही फैंस का इस फिल्म को लेकर इंतजार और बढ़ गया है। रजनीकांत की इस फिल्म में आमिर खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



ट्रेलर लॉन्च इवेंट चेन्नई में हुआ। इस इवेंट में आमिर खान ने भी हिस्सा लिया। आमिर खान की सरप्राइज एंट्री से हर कोई खुश हो गया। सोशल मीडिया पर आमिर खान के इस इवेंट के कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के दो गाने रिलीज किए जा चुके हैं। इस फिल्म में आमिर खान के किरदार का नाम दाहा होगा। फिल्म में रजनीकांत एक गोल्ड तस्करी करने वाले का किरदार निभाएंगे। उनका नाम देवा होगा।

## कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड किया अपने नाम

# विधायक जी का कटहल चोरी न हुआ होता तो ये कमाल कैसे हो पाता

***नई दिल्ली।*** *71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के दौरान एक ऐसी फिल्म का नाम लिया गया जो साल 2023 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। ये एक मनोरंजक व्यंग्यप्रधान सामाजिककॉमेडी थी। इस फिल्म का नाम है 'कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री', जिसे यशोवर्धन मिश्रा ने निर्देशित किया है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के एक काल्पनिक कस्बे मोबा की राजनीतिक और सामाजिक हलचलों को एक अनोखे अंदाज में पेश करती है। कहानी की शुरुआत एक विधायक के बाग से दो दुर्लभ कटहल की चोरी से होती है, जिसे लेकर पूरा थाना सिर पर उठा लिया जाता है। लेकिन, असली रहस्य एक माली की गुमशुदा बेटी के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म की कहानी में कई मोड़ आते हैं। कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया।*

### कहानी क्या है?

उत्तर प्रदेश के काल्पनिक कस्बे मोबा में एक विधायक (विजय राज) की हवेली से दुर्लभ अंकल हॉन्ग प्रजाति के दो कटहल चोरी हो जाते हैं और पूरा थाना उनकी खोज में लग जाता है। हालांकि असली मुद्दा कहीं और है। पुलिस पर भारी दबाव डाला जाता है कि चोरी हो गया कटहल जल्द ढूंढे, वरना विधायक थाने को आग लगा देने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर महिमा बसोर (सान्या मल्होत्रा) इस केस की जिम्मेदारी संभालती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चलता है कि वास्तविक मामला एक माली की बेटी अमिया के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस प्रशासन कटहल चोरी को प्राथमिकता दे रहा है जबकि जिंदगी की असली कहानी कुछ और है। महिमा उसी का पता लगाने निकल पड़ती है। इस बीच कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी की जिंदगी भी उलझी होती है। उनकी रिपोर्टिंग महिमा का होती है, जो उसकी गर्लफ्रेंड भी है। दोनों की प्रेम कहानी भी सीनियर-जूनियर के फेर में उलझी रहती है और शादी तक नहीं पहुंच पा रही होती।



**फिल्म में है दमदार कास्ट :** इंस्पेक्टर महिमा बसोर के रोल में सान्या मल्होत्रा नजर आ रही हैं। इसके अलावा कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी अनंत वी जोशी हैं। वो महिमा के प्रेमी के रोल में हैं, जो एक ऊंची जाति के हैं और नीचली जाति की लड़की से प्यार करते हैं। विजय राज, विधायक मुन्नालाल पटेरिया, कटहल मालिक के रोल में हैं। राजपाल यादव, पत्रकार अनुज संघवी के रोल में हैं, जो रिपोर्टिंग के जरिये महिमा को न्याय की दिशा दिखाता है। ब्रिजेंद्र कला, नेहा सराफ, रघुबीर यादव और अंबरीश सक्सेना जैसे सितारे भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

### फिल्म का भाव

ये फिल्म एक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति थी। कटहल जैसे मामूली चोरी को एक बड़े अपराध की तरह दिखाकर फिल्म समाज और प्रशासन की विसंगतियों पर कटाक्ष करती है। जातीय और सामाजिक तनाव को फिल्म में दिखाया गया है, जहां महिमा को निचली जाति की होने की वजह से लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ता है, बखूबी दिखाया गया है कि कैसे सिस्टम की प्राथमिकताएं गलत दिशा में होती हैं। पावर गेम और भ्रष्ट प्रशासन की झलकियां भी इस फिल्म में दिखाई गई हैं। विधायक का दबदबा, पुलिस का लालच और जनता की अपेक्षाएं सभी को मिलाकर फिल्म ने ताकतवर संरचनाओं की आलोचना की है। बता दें, 'कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री' 19 मई 2023 को वैश्विक प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसे अभी भी आप स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।

# नेशनल बैंक ओपन : विक्टोरिया ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

- 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया

### गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए

मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे। मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3 जबकि कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।




## क्वार्टर फाइनल में रूण को हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया।

अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।




## खबर संक्षेप

### अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते शिवम, मौसम

**बैंकॉक।** भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की।



पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालांकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### 42वें स्थान पर खिसकी दीक्षा


**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर लगातार दूसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से एआईजी महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 28वें से संयुक्त 42वें स्थान पर खिसक गईं।



चौबीस साल की दीक्षा ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट में कट हासिल किया है। दीक्षा ने तीसरे दौर में एक ईगल, तीन बर्डी, दो डबल बोगी और दो बोगी की। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर एक ओवर है। इस बीच मियु यामाशिता दो ओवर 74 के स्कोर से कुल नौ अंडर के स्कोर से शीर्ष पर बरकरार हैं। चौबीसवें जन्मदिन के दिन हालांकि यामाशिता की बढ़त तीन शॉट से सिर्फ एक शॉट की रह गई।

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को हराया

**नई दिल्ली।** रोहन राठी ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के पहले मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर पांच विकेट की जीत दिलाई।
सुपरस्टार्स के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स को अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी और राठी ने काव्य गुप्ता के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। राइडर्स की तरफ से कप्तान अनुज रावत ने 35 गेंद में 55 जबकि मयंक रावत ने 20 गेंद में 30 रन बनाए। हार्दिक शर्मा ने 27 रन की उपयोगी पारी खेली। सुपरस्टार्स ने इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 169 रन का स्कोर खड़ा किया।




### स्कॉटिश चैलेंज : तलवार 54वें स्थान पर खिसके

**रॉक्सबर्ग।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार स्कॉटिश चैलेंज के तीसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 54वें स्थान पर पर खिसक गए।



तलवार ने शुरुआती दौर में पांच अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला था लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में एक समान 72 के कार्ड के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर का हो गया। स्कॉटलैंड के डेनियन यंग सात अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलने के बाद चार शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन लंच तक तीन विकेट पर 164 रन बनाए

# ब्रुक के आक्रामक रवैये से पहले भारत ने चटकाए दो अहम विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

मोहम्मद सिराज ने आठ ओवर के शानदार स्पैल में इंग्लैंड के कप्तान ओली पोप को चलता कर पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को भारत का पलड़ा थोड़ा भारी किया लेकिन हैरी ब्रुक ने 30 गेंद में 38 रन की आक्रामक पारी से मैच को बराबरी पर ला दिया है। श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड ने जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में लंच तक तीन विकेट पर 164 रन बना लिए। टीम को जीत के लिए और 210 रन की जरूरत है जबकि भारत जीत से सात विकेट से दूर है। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 50 रन पर से आगे से की।

- श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड

मैच तीसरे दिन के आखिरी ओवर में जैक क्रॉली को आउट करने के बाद सिराज ने चौथे दिन आकाशदीप के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। उन्होंने गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने की जिम्मेदारी उठाते हुए एक और शानदार स्पैल डाला। उन्होंने इस दौरान बेन डकेट और ओली पोप को कई बार परेशान किया।



### ब्रुक को मिला जीवनदान

आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर कैच पकड़ने के बाद मोहम्मद सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया और यह छह रन में बदल गया। ब्रुक ने इससे पहले आकाशदीप के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का जड़ा था। जीवनदान मिलने के बाद उन्होंने कृष्णा के खिलाफ दो बेहतरीन चौके जड़े।

### पहली बार 400 से ज्यादा बाउंड्री

इतिहास में पहली बार भारत ने किसी टेस्ट सीरीज में 400 से ज्यादा बाउंड्री लगाई हैं। इससे पहले भारत ने 1964 में एक सीरीज में 384 बाउंड्री लगाई थीं, जो रिकॉर्ड 60 साल तक कायम रहा था। सिर्फ बाउंड्री ही नहीं, भारत के बल्लेबाजों ने इस सीरीज में कुल 28 बार 50 या उससे अधिक रन बनाए हैं, जो किसी भी टीम के एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज़्यादा है।

### टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीमें

भारत ने 2025 एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान कुल 3,809 रन बनाए, औसत रहा 42.32। यह टेस्ट इतिहास में किसी भी टीम की दूसरी सबसे बड़ी रन-संख्या है। पहले नंबर पर है ऑस्ट्रेलिया, जिसने 1989 एशेज सीरीज़ में 6 मैचों में 3,877 रन (औसत 57.86) बनाए थे।

## टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है

# सिर्फ 'बिग थ्री' को टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकते: गूच

एजेंसी ▶▶| लंदन



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी श्रृंखला दबाव झेल रहे टेस्ट प्रारुप के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ 'बिग थ्री' (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा।
अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है, जो पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की श्रृंखला में ही हिस्सा लेते हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को 'बिग थ्री' देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है।
गूच ने कहा, 'मुझे लगता है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।' टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन के साथ इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज 72 वर्षीय गूच ने कहा, 'क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा।'

### दबाव में टेस्ट क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक शानदार श्रृंखला रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है। क्योंकि हम जानते हैं कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट दुनिया भर में छाया हुआ है और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है।" गूच ने कहा, 'तो इस तरह की श्रृंखला में काफी रोमांच, काफी अच्छा क्रिकेट, ढेर सारे रन, शानदार गेंदबाजी, और तनाव, कभी-कभी खेल में थोड़ी-बहुत चुभन भी होती है, जिससे असल में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' उन्होंने कहा, 'दोनों टीमों ने काफी जज्बा दिखाया है। मुझे लगता है कि यह शानदार रहा है।'

## क्रिकेट

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को हराया, दर्ज की रोमांचक जीत



एजेंसी ▶▶| लॉडरहिल (अमेरिका)

जैसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा, जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

- टी20 में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की

अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।
वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा।

वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया।

होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से हराया था।

## राहुल ने की हर मिनट इंग्लैंड श्रृंखला की तैयारी : नायर

**मुंबई।** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि लोकेश राहुल ने अपने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड दौरे की तैयारी में बिताया है और टीम के लिए सभी क्रम पर खेलने से मिलने वाली प्रशंसा के वह हकदार हैं। राहुल पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 53.20 की औसत से 532 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाई।



कुछ समय पहले तक भारत के सहायक कोच के रूप में काम करने वाले नायर ने कहा कि वह राहुल के किए बदलावों का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन वह वांछित परिणाम देखकर खुश हैं। नायर ने कहा, 'मैं लोकेश राहुल में देखे गए बदलावों के बारे में बात नहीं कर सकता क्योंकि इससे उसका प्रभाव काफी कम हो जाएगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी बदलाव हुए हैं, वे वाकई कारगर रहे हैं।'

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 ट्रायल



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में 'विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025' के लिए ट्रायल के दौरान 50 किलोग्राम स्पर्धा में पहलवान अंकुश और नीलम प्रतिस्पर्धा करते हुए।

## कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया

# ब्राजील ने जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब

एजेंसी ▶▶| क्विटो (इक्वाडोर)

छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया, जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई।

### एंजेलिना और अमांडा ने दागे गोल

ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राजील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।




### मार्टा ने 206 मैचों में 122 गोल किए

लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं।




## महाकोशल और विंध्य अंचल को मिली दो नई ट्रेन की सुविधा

# जबलपुर-रायपुर, रीवा-पुणे ट्रेन का भव्य शुभारंभ




हरिभूमि जबलपुर।

महाकोशल व विंध्य क्षेत्र के लिए रविवार 3 अगस्त से रेलवे द्वारा 2 नई ट्रेन प्रारंभ की गईं. जबलपुर स्टेशन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इन ट्रेनों का शुभारंभ किया। रेल मंत्री अश्विनि वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये ट्रेनों का वर्चुअली उद्घाटन किया। जबलपुर और पूरे महाकौशल क्षेत्र के लाखों रेल यात्रियों को पुणे और रायपुर रेल की बड़ी सौगात मिली है। वे लंबे समय से दोनों स्थानों के लिए ट्रेन की मांग कर रहे थे।

रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन, पमरे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आम नागरिक मौजूद रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने जबलपुर-रायपुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. वहीं रीवा में भी रीवा-पुणे साप्ताहिक ट्रेन के उद्घाटन अवसर पर समारोह का आयोजित किया गया. जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक, जनप्रतिनिधि व मंडल रेल प्रबंधक मौजूद रहे. जबकि सतना में भी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही. जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि ये दोनों ट्रेनें जबलपुर और रीवा की जनता के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि जबलपुर-गोंदिया लाइन के दोहरीकरण के लिए डीपीआर तैयार हो चुकी है. जल्द ही इस पर काम शुरू किया जाएगा. जबलपुर रेलवे स्टेशन का 250 करोड़ रुपए की लागत से उन्नयन किया जा रहा है. साथ ही सिहोरा में कुछ ट्रेनों के ठहराव की मांग भी की है. उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य क्षेत्र का विकास है. उन्होंने रेल मंत्री से जबलपुर से दमोह के लिए नई रेल लाइन की मांग भी की है।

### व्यापार को मिलेगी गति

जबलपुर और रीवा नई ट्रेनों से महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के साथ जबलपुर की कनेक्टिविटी बेहतर होगी. रायपुर के लिए नई ट्रेन से जबलपुर और रायपुर के बीच व्यापार में वृद्धि होगी. यह ट्रेन व्यापारियों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगी. अब महाकौशल और छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों के बीच बेहतर व्यापारिक लेन-देन संभव हो पाएगा. वहीं पुणें ट्रेन से पुणें में जाब करने वाले जबलपुर के युवाओं और शिक्षा के लिये जाने वाले छात्रों को भी लाभ मिलेगा।



## आधी सड़कों तक लगीं दुकानें, पैदल निकलना भी दुश्वार

# जाम की समस्या से शहर के हाल बेहाल

हरिभूमि जबलपुर।

**मर रहा व्यापार, मर रहा कारोबार, रेंग रहा ट्रैफिक, बीमार हो रहा राहगीर और बर्बाद हो रहा व्यापारी ये कोई कवितामयी पंक्तियां नहीं, बल्कि जबलपुर शहर के मिलौनीगंज से मालवीय चौक तक और उससे सटे व्यावसायिक इलाकों की हकीकत है। यहां का हर दिन एक त्रासदी बनता जा रहा है। दोनों तरफ से वाहन प्रवेश कर रहे हैं, वन वे ट्रैफिक ने दम तोड़ दिया है।मिलौनीगंज, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, निवाड़गंज, गल्ला मंडी और अंधेरदेव— ये इलाके कभी शहर के सबसे चहल-पहल वाले व्यापारिक केंद्र माने जाते थे। लेकिन अब ये क्षेत्र जाम, धूल और अव्यवस्था के पर्याय बन चुके हैं।**

### प्रशासनिक बेशर्मी और उदासीनता

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह पूरा क्षेत्र 5 थाना क्षेत्रों कोतवाली, हनुमानताल, लार्डगंज, बेलबाग, ओमती और ट्रैफिक थाना की सीमा में आता है, बावजूद इसके यातायात की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ट्रैफिक पुलिस की निष्क्रियता और नगर निगम की उदासीनता के चलते लोगों को रोज़ बेमतलब के जाम में फंसना पड़ता है। ई-रिक्शा, ऑटो और गलत तरीक से घुसती कारें और अवैध रूप से सड़क पर अतिक्रमण पूरी सड़कों को जाम कर देती हैं। कई जगह तो हाल यह है कि एक एंबुलेंस भी फंसी रह जाए तो निकल पाना मुश्किल हो जाए।

### राखी की उम्मीद भी धूमिल

व्यापारियों के लिए राखी का त्यौहार आखिरी उम्मीद की तरह होता है एक ऐसा मौका जब कुछ बिक्री हो जाए, कुछ आमदनी आ जाए। लेकिन ट्रैफिक की भयावह स्थिति ने इस बार वह उम्मीद भी लील ली है। ग्राहक दुकानों तक पहुंच नहीं पा रहे, और जो आते हैं, वो भी जाम की झुंझलाहट में लौट जाते हैं। इस अराजकता के लिये जितना नगर निगम और पुलिस दोषी है, उतना ही व्यापारी भी दोषी हैं. जो अपनी दुकानों के सामने किराए पर जगह देकर सड़क पर दुकान लगवा देते हैं। अतिक्रमण हटाने के लिये कुछ दिन की सक्रियता के बाद फिर हालात ढाक के तीन पात नजर आ रहे हैं।

### निगम और पुलिस पर उठ रहे सवाल

टैफिक व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी पुलिस, नगर निगम और जिला प्रशासन के साझा रूप से बनती है, लेकिन दोनों ही संस्थाएं इस संकट पर मौन साधे हुए हैं। ना कहीं ट्रैफिक डायवर्जन की योजना है, ना ई-रिक्शा और अवैध पार्किंग पर कोई कार्रवाई हो रही है। दुकानदारों ने कई बार शिकायत की, ज्ञापन सौंपे, लेकिन नतीजा सिफर रहा।

### बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित

व्यापारी ही नहीं, आम राहगीर, बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे भी इस हालात से त्रस्त हैं। भीड़ और ट्रैफिक के चलते रोजाना झगड़े होते हैं, दुर्घटनाएं होती हैं, और लोग मानसिक तनाव में जीने को मजबूर हैं। दोपहर की समय स्कूलें भी छूटने लगती हैं, स्कूली बच्चे भी जाम में फस जाते हैं. इस बीच कुछ वाहन चालत करकस आवाज के सायरन बजाकर और जाम में फंसे लोगों का दिमाग पका देते हैं, जिससे कई बार विवाद की स्थितियां बनती हैं।

### क्या है समाधान

व्यापारियों का कहना है, स्थिति को आसानी से संभाला जा सकता है, यदि ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए तुरंत प्रभाव से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती। दुकानों के लोडिंग वाहन दिन में प्रवेश नहीं होना चाहिये, लोडिंग अनलोडिंग की समय सीमा रात में या सुबह 11 तक होना चाहिये. ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर सीमित समय का प्रतिबंध। वैकल्पिक मार्गों का निर्माण और सख्ती से पालन। नगर निगम द्वारा सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण हटाना। व्यापारियों और प्रशासन के बीच संवाद की स्थायी व्यवस्था आदि से इस विकराल समस्या का आसानी से समाधान संभव है।



## दो नाबालिग भी शामिल, चार वाहन जप्त

# क्राईम ब्रांच ने पकड़े चार वाहन चोर

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच एवं केन्ट पुलिस ने मोटर साइकलें चोरी करने वाले चार सदस्यी गिरोह को गिरफ्तार कर चोरी के चार वाहन बरामद किये हैं. दो आरोपी नाबालिग बताए गये हैं. आरोपी पलक झपकते ही मोटरसाइकलें चोरी कर भाग जाते थे. पुलिस अब आरोपियों से शहर में हुई चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है. केन्ट पुलिस के अनुसार गली नम्बर चार निवासी सुनील बर्मन की मोटरसायकल 24 जुलाई को रात 11.30 बजे के लगभग सुनील अपनी मोटर साइकल क्रमांक एमपी 20 एनसी 9063 से घर से चोरी हो गई थी. केन्ट पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की, इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को चार लड़के पहलवान बाबा मंदिर के सामने संदिग्ध हालत में मिले, जिन्हे पुलिस ने रोककर वाहन संबंधी कागजात की मांग की. लेकिन वे कागजात नहीं दिखा पाए। संदेह होने पर पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होने वाहन चोरी करना स्वीकार लिया. पकड़े गए आरोपी शाहरूख खान उम्र 25 वर्ष निवासी टेढी नीम बाबा टोला हनुमानताल एवं शहनवाज अंसारी उर्फ डेफिनेट पिता वहीद उम्र 25 वर्ष निवासी नेता कालोनी खेरमाई मंदिर के पास अधारताल व दो नाबालिग लड़के जिनकी उम्र 15 व 17 वर्ष बताई गई को पुलिस ने हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होने बल्देवबाग चौराहा, अंधमूक बायपास चौराहा, एल्गिन अस्पताल के सामने से मई व जुलाई के महीने में चोरी की है. पुलिस अब आरोपियों से शहर में हुई वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# काम्बिंग गश्त में 289 वारंटी अंदर

## 13 अवैध कारोबारी पुलिस के हाथ लगे



**जबलपुर।** जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2.30 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान वर्षों से फरार 289 वारंटियों को वारंट तामील कराए गये. वहीं अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर 35 लीटर कच्ची और 370 पाव देसी शराब जप्त की गई. पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बताया की काम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए काम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 109 गैर म्यादी वारिटयों एवं 121 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 59 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसी प्रकार अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर 35 लीटर कच्ची तथा 370 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की गयी है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

# खौलती चाय से जली वृद्धा की मौत

**जबलपुर।** गढ़ा थानान्तर्गत चुंगी चौकी पुरवा निवासी एक वृद्धा को दो दिन पूर्व घर में चाय बनाते समय खौलती चाय गिर जाने के कारण जलने से गंभीर हालत में ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां ईलाज के दौरान कल देर रात वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवातें हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया। गढ़ा पुलिस ने बताया कि चूंगी चौकी पुरवा निवासी 85 वर्षीय श्रीमती दुर्गावाई केवट घर में चाय बना रही थी इसी दौरान अचानक चाय का डंका पलट जाने से वह गंभीर रूप से जल गयी जिसे परिजनों ने ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया था। जहां कल देर रात ईलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गयी।

# सिविक सेंटर, भंवरताल मानस भवन एरिया नो पार्किंग जोन घोषित

## प्रतिबंध के उल्लंघन पर होगी चालानी कार्यवाही

**जबलपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मानस भवन, सिविक सेंटर एवं भंवरताल क्षेत्रों में आधुनिक मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण किया गया है। लिहाजा इन क्षेत्रों में 3 मीटर की दूरी तक नो पार्किंग जोन भी घोषित कर दिया गया है. अब यहां वाहनों की पार्किंग करने पर न केवल चालानी कार्यवाही होगी, बल्की वाहनों को टोचन कर जप्त भी किया जाएगा. इस संबंध में निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया वाहन सुरक्षित ढंग से पार्क करने के लिए एक नहीं तीन तीन पार्किंग स्थल सिविक सेंटर मानस भवन और भंवरताल में विकसित किय गये हैं. उन्होंने बताया कि इन पार्किंग स्थलों के संचालन का कार्य रामा इंटरप्रायजेज, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) को प्रदाय किया गया है। मानस भवन, सिविक सेंटर एवं भंवरताल क्षेत्र के 300 मीटर के क्षेत्र नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में कार पार्किंग करना कानूनी रूप से वर्जित रहेगा।नो-पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने की स्थिति में चालानी कार्रवाई की जाएगी एवं आवश्यकतानुसार वाहन टोचन भी किया जा सकता है। निगमायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग कर अपने वाहनों को सुरक्षित रखें ,इससे शहर की यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा।

## मेडिकल कालेज में मनाया गया राष्ट्रीय अंगदान दिवस

### 15वां राष्ट्रीय अंगदान दिवस

# अंगदान महादान : डॉ. सक्सेना




हरिभूमि जबलपुर।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर द्वारा 15वां राष्ट्रीय अंगदान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के तत्वावधान में 15वां राष्ट्रीय अंगदान दिवस पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को अंगदान के प्रति जागरूक करना और समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना था।

न्यू एकेडमिक ब्लॉक में डीन डॉ. सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात मरणोपरांत अपने अंगों का दान करने वाले स्वर्गीय बालिराम पटेल एवं स्वर्गीय पुरानलाल चौधरी के परिजनों को प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. नवनीत सक्सेना द्वारा अंगदान की महत्त्वता और अंगदान से जुड़े तत्य भी साझा किए एवं सभा मे मौजूद सभी लोगो से अंगदान जैसा महादान करने की अपील की तथा ख़ुद भी अंगदान करने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाह, संयुक्त संचालक डॉ. अरविंद शर्मा, अधीक्षक सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, अधीक्षक स्टेट कैंसर हॉस्पिटल डॉ. लक्ष्मी सिगोटिया, किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के नोडल ऑफिसर एवं यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. फानिंद्र सोलंकी, नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. तुषार धकाते, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरज जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रत्नेश रोकड़े, प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन अग्रवाल, न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र रात्रे, न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. जितिन बजाज, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अपर्णा तामसकर और अन्य वरिष्ठ चिकित्सक व स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कॉलेज परिसर से जनजागरूकता रैली के साथ हुई। रैली सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर डीन ऑफिस होते हुए मेडिकल कॉलेज के न्यू एकेडमिक ब्लॉक तक निकाली गई। रैली में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, मेडिकल छात्रों, सामाजिक संगठनों व नागरिकों की भागीदारी रही। इसके पश्चात अंग प्रत्यारोपण से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन और ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम के निदेशक एवं सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाहा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

## 10 अगस्त से व्यापारी चलाएंगे राष्ट्रीय अभियान

# स्वदेशी अपील का कैट ने किया समर्थन

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से भारतीय सामान खरीदो और बेचो" की अपील को बड़ा समर्थन देते हुए कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने घोषणा की कि आगामी 10 अगस्त से एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है। यह निर्णय नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में लिया गया, जिसमें देश के 26 राज्यों से आए 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम "भारतीय सामान – हमारा स्वाभिमान" रखने का निर्णय लिया और कहा कि "प्रधानमंत्री की यह अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। कैट ने सभी व्यापारियों से आह्वान किया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर "केवल भारतीय सामान उपलब्ध है" जैसे पोस्टर लगाएं और ग्राहकों को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रेरित करें।यह अभियान भारत के आर्थिक स्वाभिमान की नींव को और मज़बूत करेगा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर ( मध्यप्रदेश )– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर ( मध्यप्रदेश )– 482002 से प्रकाशित । प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240